* वर्ष 40 * अंक 87 * प्रभात * पंजीयन सं. 46518/85 * पृष्ठ 8 * मूल्य ₹ 3 /- * संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य

दैनिक पुकार

www.dainikpukar.com

उदयपुर गुरुवार दिनांक 26 दिसम्बर 2024

दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक

सूरज दादा ने मनाई क्रिसमस की छुट्टी
दिनभर कोहरे में लिपटी रही लेकसिटी

उदयपुर (पुकार)। पश्चिमी विक्षोभ के चलते राजस्थान के कई जिलों में हुई बारिश का असर बुधवार को लेकसिटी में देखने को मिला। उदयपुर संभाग में सुबह से कोहरा छाया रहा। लेकसिटी में विशेषकर दिनभर सूरज देवता के दर्शन नहीं हुए। ऐसा लग रहा था मानों सूरज भी क्रिसमस की छुट्टी पर गया हुआ हो। धुंध के बीच हवाएं चलने से गलन भरी सर्दी का अहसास हुआ। सूर्य की रोशनी नहीं मिलने के कारण दिन भी ठंडा ही बीता। लोग अलाव जलाकर थोड़ी बहुत राहत पाने का जतन करते नजर आए। कई जगहों पर दृश्यता काफी कम हो गई। ऐसे में वाहनों को दिन में भी लाइटें जलाकर निकलना पड़ा। कोहरे का सबसे ज्यादा असर झीलों के किनारे पर देखा गया। धुंध के चलते फतहसागर स्थित नेहरू गार्डन तो ओझल सा हो गया। ऐसे रूमानी मौसम का मजा लेने के लिए शहरवासी फतहसागर किनारे उमड़ पड़े। चित्र में कोहरे के आगोश में लिपटा फतहसागर तथा पाल पर भ्रमण करते शहरवासी व पर्यटक। ... फोटो : ऋषभ जैन

रेप पीड़िता की प्री-मैच्योर डिलीवरी

मृत बच्ची को जन्म दिया, आधे घंटे बाद नाबालिग मां ने भी दम तोड़ा

परिजनों ने युवक के खिलाफ केस दर्ज

डूंगरपुर (पुकार)। डूंगरपुर में 13 साल की नाबालिग रेप पीड़िता की मंगलवार रात प्री मैच्योर डिलीवरी हुई। पीड़िता ने मृत बच्ची को जन्म दिया। इसके कुछ देर बाद ही नाबालिग की भी मौत हो गई। नाबालिग की मौत के बाद परिजन ने सदर थाने में एक युवक के खिलाफ रेप का केस दर्ज करवाया है। थानाधिकारी हरेंद्र सौदा ने बताया- थाना क्षेत्र की रहने वाली 13 साल की रेप पीड़िता गर्भवती थी। मंगलवार शाम छह बजे पीड़िता के पेट में अचानक दर्द होने लगा। परिवार के लोग उसे तुरंत डूंगरपुर जिला अस्पताल लेकर आए। डॉक्टर ने जांच के बाद उसे एमसीएच में भर्ती कर दिया।

रात करीब 11 बजे नाबालिग ने 8 महीने की प्री मैच्योर बच्ची को जन्म दिया, लेकिन वह मृत पैदा हुई थी। वहीं, डिलीवरी के आधे घंटे बाद करीब 11.30 बजे नाबालिग ने भी दम तोड़ दिया। सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। इसके बाद परिजनों की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर लिया। बुधवार शाम करीब 4 बजे दोनों शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिए। मामले की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महिला अपराध निवारण की ओर से की जा रही है।

पहले दर्ज नहीं कराया था मामला

सदर थानाधिकारी हरेंद्र सौदा ने बताया- परिजनों ने लोक लाज के भय से पहले रेप को लेकर कोई रिपोर्ट नहीं दी थी। अब रेप पीड़िता और नवजात की मौत के बाद केस दर्ज करवाया है।

कांग्रेस ने केजरीवाल के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत कराई

आप ने महिलाओं को 2100 रुपए देने का ऐलान किया था, सरकारी विभागों का स्कीम से इनकार

नई दिल्ली (एजेंसी)। युवा कांग्रेस ने बुधवार को आम आदमी पार्टी के दिल्ली में मुफ्त इलाज, महिलाओं को 2100 रुपए देने के ऐलान के खिलाफ पुलिस में केस दर्ज कराया। प्रदेशाध्यक्ष अक्षय लाकरा ने कहा कि हमने पार्लियामेंट पुलिस स्टेशन में केजरीवाल के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी करने को लेकर शिकायत की है। उन्होंने कहा कि जब सरकार के विभाग इन दो स्कीम से इनकार कर रहे हैं, तब आप ऐसे कैसे दावा कर सकती है।

दो विभागों ने सुबह विज्ञापन देकर इनकार किया : दिल्ली सरकार के दो विभागों ने आज सुबह अखबारों में विज्ञापन छपवाकर कहा कि राज्य में महिला सम्मान और संजीवनी जैसी कोई योजना नहीं है। यह मामला सामने आने के बाद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दिल्ली के एलजी को इसका जिम्मेदार बताया। वहीं सीएम आतिशी ने कहा कि वे अखबारों में विज्ञापन देने वाले अफसरों पर एक्शन लेंगी।

धूजणी छूटेगी ... प्रदेश में आज-कल छाएंगे बादल, बारिश का अलर्ट, ओले भी गिर सकते!

जयपुर (पुकार)। राजस्थान में फिर से बारिश का दौर शुरू होगा। नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होने के कारण 26 और 27 दिसंबर को पूरे प्रदेश में बादल छाएंगे। कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होगी। कुछ जिलों में ओले भी गिरेंगे। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को प्रदेश के 22 जिलों में कोहरा छाने और बादल छाए रहे। उधर, पिछले दिनों हुई बारिश के बाद प्रदेश में दिन भी ठंडा होने लगा है। बीकानेर, चूरू, माउंट आबू (सिरोही), गंगानगर समेत कई जिलों में दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया है। दिनभर धुंध, हल्का कोहरा छाने और ठंडी हवा चलने से मंगलवार को पूरे दिन तेज सर्दी रही। गुरुवार को हनुमानगढ़, पाली और सिराही को छोड़कर प्रदेश के सभी जिलों के लिए बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। 27 दिसंबर को सभी जिलों के लिए बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

जयपुर एलपीजी ब्लास्ट : 18 हुई मृतकों की संख्या

3 और लोगों ने दम तोड़ा, 15 लोग गंभीर हालत में हॉस्पिटल में एडमिट

जयपुर (पुकार)। जयपुर एलपीजी टैंकर ब्लास्ट में गंभीर रूप से झुलसी युवती सहित 3 और लोगों ने बुधवार को सवाई मान सिंह हॉस्पिटल में दम तोड़ दिया। इसी के साथ पिछले चार दिन में मरने वालों की संख्या 18 हो गई है। जयपुर-अजमेर हाईवे पर 20 दिसंबर की सुबह करीब पौने छह बजे हादसा हुआ था। बुधवार सुबह करीब 4 बजे विजेता (22) निवासी प्रतापगढ़ (राजस्थान) और सुबह करीब साढ़े नौ बजे विजेंद्र (36) निवासी भुरीबड़ाज, पावटा (जयपुर) ने दम तोड़ दिया। इसके बाद दोपहर एक बजे के आसपास घायल बंशीलाल (35) की भी मौत हो गई। विजेता और विजेंद्र क्रमशः 70-70 प्रतिशत झुलसे थे। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम होने के बाद शव परिजनों को दिए जाएंगे। गंभीर रूप से झुलसे 15 मरीजों का अभी एसएमएस हॉस्पिटल के बर्न वॉर्ड में इलाज चल रहा है।

एसएमएस हॉस्पिटल में 2 वेंटिलेटर पर : एसएमएस हॉस्पिटल के प्लास्टिक सर्जन डॉक्टर राकेश जैन ने बताया- 18 लोगों की मौत हो चुकी है। मंगलवार को 2 लोगों की मौत के बाद बुधवार को भी सुबह 2 लोगों ने और दोपहर को एक व्यक्ति ने दम तोड़ा, जिनमें एक महिला और दो पुरुष शामिल हैं। अब गंभीर रूप से घायल 1 मरीज को वेंटिलेटर पर रखा गया है। इसे मिलाकर कुल 15 का इलाज चल रहा है। इसके अलावा कुल 5 अन्य मरीजों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। 3 को सोमवार को और 2 को मंगलवार को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज किया गया था।

नैनीताल में 100 मीटर गहरी खाई में गिरी बस

बच्चे समेत 4 की मौत, 21 घायल; कार को बचाने में हुआ हादसा

नैनीताल (एजेंसी)। उत्तराखंड के नैनीताल में बुधवार दोपहर डेढ़ बजे यात्रियों से भरी बस 100 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 4 यात्रियों की मौत हो गई। जबकि 21 लोग घायल हैं। मरने वालों में एक बच्चा, दो महिला और एक पुरुष हैं। सभी 21 घायलों का हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। ड्राइवर समेत 12 की हालत गंभीर है। बस में ड्राइवर समेत 25 लोग सवार थे। यह बस सुबह करीब 5 बजे पिथौरागढ़ से हल्द्वानी के लिए रवाना हुई थी। नैनीताल के भीमताल इलाके के वोहरा कुन में दोपहर के वक्त हादसा हुआ। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रॉन्ग साइड से आ रही अल्टो को बचाने के चक्कर में बस खाई में गिर गई। जानकारी मिलने के बाद एसडीआरएफ, फायर डिपार्टमेंट, लोकल टीम और स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और रेस्क्यू शुरू किया। घायलों को रस्सी और कंधे पर रखकर खाई से निकाला गया।

अजमेर डिस्कॉम के कैशियर ने किया 1.14 करोड़ का घोटाला

बिजली बिल और कनेक्शन के कैश की गलत एंट्री की; हिसाब मांगा तो हुआ फरार

अजमेर (पुकार)। अजमेर डिस्कॉम के कैशियर ने 48 दिन में 1 करोड़ 14 लाख 82 हजार रुपए का फ्रॉड कर लिया। बिजली के बिल और कनेक्शन के कैश की रसीदें तो काटीं, लेकिन रजिस्टर में कम रुपयों की एंट्री की। अधिकारियों ने महीने के हिसाब की रिपोर्ट मांगी तो पहले तो 8 दिन तक टालमटोल करता रहा। इसके बाद मोबाइल फोन बंद कर फरार हो गया। डिस्कॉम के खातों की जांच की गई तो करोड़ों के घोटाले का खुलासा हुआ। मामला अजमेर डिस्कॉम के अंतर्गत आने वाले उदयपुर जिले के मावली कार्यालय का है। मावली थाना प्रभारी रमेश कविया ने बताया- मावली उपखंड के एईएन बिजेंद्र गहलोत ने रिपोर्ट दी है। इसमें धर्मवीर चौधरी (कमर्शियल असिस्टेंट) पुत्र नारायण लाल चौधरी निवासी गायत्री नगर मावली के खिलाफ मंगलवार को गबन का मामला दर्ज करवाया। बुधवार देर शाम डिस्कॉम एमडी ने मामले में रिपोर्ट देने वाले असिस्टेंट इंजीनियर (एईएन), कैशियर और सहायक राजस्व अधिकारी को सस्पेंड कर दिया।

हिसाब पेश नहीं कर रहा था

रिपोर्ट में एईएन बिजेंद्र गहलोत ने बताया कि हर महीने का हिसाब एक से 10 तारीख के बीच प्रत्येक कैशियर को पेश करना होता है। उसका मिलान किया जाता है। धर्मवीर ने 10 दिसंबर तक हिसाब ही पेश नहीं किया था। बार-बार कहने के बावजूद टालमटोल करता रहा। 18 दिसंबर को सख्ती की तो 19 दिसंबर से वह फरार हो गया और मोबाइल फोन भी बंद कर लिया। विभाग ने जांच की तो 1 करोड़ 14 लाख 82 हजार रुपए के गबन का खुलासा हुआ।

बिलों-कनेक्शन की राशि का किया गबन

बिजेंद्र गहलोत ने बताया कि यह राशि रेवेन्यू (राजस्व) से प्राप्त हुई थी। उन्होंने बताया- यह बिजली के बिलों, कनेक्शन करवाने, कनेक्शन काटने और अन्य शिकायतों की राशि थी। धर्मवीर कैश लेकर कस्टमर को रसीद दे देता था। लेकिन, राशि को बैंक में जमा नहीं करवाता था। धर्मवीर ने फर्जी रसीद बुक भी बनाई है जिसे लेकर जांच की जा रही है।

अजमेर डिस्कॉम एमडी केपी वर्मा ने बताया- मामले को लेकर सहायक अभियंता बिजेन्द्र गहलोत, सहायक राजस्व अधिकारी आदित्य निमावत और आरोपी धर्मवीर सिंह को सस्पेंड कर दिया है। आरोपियों के अलावा दोनों अधिकारियों को मामले में ढिलाई बरतने के कारण सस्पेंड किया गया है।

पाकिस्तानी घुसपैठिया ढेर, बीएसएफ ने बॉर्डर पर मारी गोली, पाकिस्तान ने शव लेने से किया इनकार

श्रीगंगानगर। श्रीगंगानगर जिले के भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर घुसपैठिए को बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) ने मार गिराया। मंगलवार की देर रात साढ़े बारह बजे पाकिस्तानी भारतीय सीमा में घुसने का प्रयास कर रहा था। एसपी गौरव यादव ने बताया कि केसरीसिंहपुर इलाके के एक एक्स गांव के पास यह घटना हुई है। फ्लैग मीटिंग में पाकिस्तान के उसका शव लेने से इनकार करने पर बॉडी केसरीसिंहपुर पुलिस को सौंप दी गई है। घुसपैठिए के पास मिले आइडेंटीटी कार्ड पर उसका नाम अब्दुल गफ्फार लिखा है। वह मिंचिनाबाद का रहने वाला है। उसकी आयु 33 वर्ष अंकित है।घुसपैठिया भारतीय सीमा में पिलर की तरफ आने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान बीएसएफ जवानों ने उसे सचेत किया। फिर भी वह नहीं माना। इसके बाद जवानों ने उसे ढेर कर दिया। उसके पास कुछ पाकिस्तानी मुद्रा, सिगरेट का पैकेट और कुछ अन्य सामान मिला है।

केन-बेतवा नदी लिंक परियोजना का शिलान्यास

खजुराहो (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को केन और बेतवा नदियों को लिंक करने की परियोजना का शिलान्यास किया। पीएम ने दोनों नदियों के जल का प्रतीकात्मक रूप से संगम कराया। इसके साथ ही उन्होंने ओंकारेश्वर में फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट का लोकार्पण किया। 1153 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमिपूजन भी किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा मध्यप्रदेश ऐसा पहला राज्य है, जहां नदियों को जोड़ने की दो परियोजनाएं चल रही हैं। 21वीं सदी में वहीं देश आगे बढ़ पाएगा जिसके पास पर्याप्त जल होगा। पानी होगा तभी खेत-खलिहान होंगे। पानी होगा तभी उद्योग-धंधे होंगे।

पंजाब में हमले करवा रहा ब्रिटिश सिख सैनिक, नाम और तस्वीर जारी

चंडीगढ़ (एजेंसी)। हाल ही में पंजाब पुलिस ने खालिस्तानी आतंकी मॉड्यूल को लेकर एक बड़ा खुलासा किया। पुलिस को खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (केजेडएफ) के प्रमुख और पाकिस्तान में रह रहे रणजीत सिंह नीता द्वारा नियंत्रित आतंकी 'मॉड्यूल' की जांच के दौरान एक ब्रिटिश सिख सैनिक के बारे में सुराग मिला है। संदेह है कि राज्य में पुलिस थानों पर हाल ही में हुए ग्रेनेड हमलों के पीछे इसी ब्रिटिश सिख सैनिक का हाथ है। ब्रिटिश सेना के सैनिक जगजीत सिंह पर आतंकवाद में संलिप्तता के आरोपों को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि इस नाम का कोई व्यक्ति वर्तमान में ब्रिटिश सेना में सेवा नहीं कर रहा है। वहीं, पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने अपनी जांच का बचाव करते हुए कहा है कि यह मामला ब्रिटिश अधिकारियों के साथ 'उचित चैनलों' के माध्यम से उठाया जाएगा।

पुलिस डोजियर और आतंकवादी गतिविधियों का विवरण : पंजाब पुलिस के डोजियर के अनुसार, जगजीत सिंह और उसके सहयोगी पंजाब में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के लिए धार्मिक संप्रदायों के प्रमुखों को निशाना बनाने की योजना बना रहे थे। पुलिस का कहना है कि उन्होंने युवाओं को पैसा और विदेश में पलायन का लालच देकर आतंकवादी गतिविधियों के लिए भर्ती करना शुरू किया। इस मामले में यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया और जगजीत सिंह को वांटेड अपराधी घोषित किया गया। 2021 में, उसका नाम तब सामने आया जब तरनतारन जिले के सोहल गांव के रहने वाले रंजीत सिंह से दो हथगोले और दो पिस्तौल बरामद हुए। इस घटना के संबंध में अमृतसर के एसएसओसी थाने में शस्त्र अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था।

अजरबैजान से रूस जा रहा विमान कजाकिस्तान में क्रैश

जमीन से टकराने के बाद धमाका, 2 हिस्सों में टूटा; 38 लोगों के मारे जाने की आशंका

अस्ताना (एजेंसी)। कजाकिस्तान के अक्ताऊ में बुधवार सुबह एक पैसेंजर प्लेन क्रैश हो गया। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक प्लेन में 62 यात्री और 5 क्रू मेंबर्स थे। विमान अजरबैजान से रूस के चेचन्या प्रांत की राजधानी ग्रोज्नी जा रहा था, लेकिन उसे कजाख शहर अक्ताऊ से लगभग 3 किमी दूर इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी।

क्रैश होते ही प्लेन में आग लग गई और वह 2 टुकड़ों में बंट गया। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी रहने की वजह से मृतकों और जिंदा बचे लोगों की संख्या लगातार बदल रही है। पहले बताया गया था कि हादसे के बाद सिर्फ 25 लोग बच पाए। अब 29 लोगों के बचने की बात कही जा रही है। अब तक 4 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। एजेंसियों के मुताबिक घने कोहरे के चलते फ्लाइट का रूट बदला गया था। प्लेन ने क्रैश होने से पहले एयरपोर्ट के कई चक्कर लगाए थे। पायलट ने इमरजेंसी लैंडिंग की परमिशन भी मांगी थी। हालांकि बाद में उसे एयरपोर्ट के पास बीच पर इमरजेंसी लैंडिंग के लिए मजबूर होना पड़ा। क्रैश हुआ विमान अजरबैजान एयरलाइंस का एम्ब्रेयर 190 मॉडल था। कजाकिस्तान के इमरजेंसी मंत्रालय के मुताबिक कुल 52 रेस्क्यू टीम और 11 रेस्क्यू इक्विपमेंट्स दुर्घटनास्थल पर भेजे गए हैं।

वाजपेयी की 100वीं जयंती पर सीएम भजनलाल की घोषणा

राजस्थान में साढ़े 11 हजार अटल प्रेरक भर्ती होंगे, ग्राम पंचायतों में अटल ज्ञान केंद्र बनेंगे

जयपुर (पुकार)। प्रदेश में साढ़े 11 हजार ग्राम पंचायतों में संविदा पर अटल प्रेरक भर्ती किए जाएंगे। प्रत्येक ग्राम पंचायत में अटल ज्ञान केंद्र खोले जाएंगे। प्रत्येक ज्ञान केंद्र पर एक अटल प्रेरक नियुक्त किया जाएगा। ये अटल प्रेरक जरूरतमंद परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में सहायता करेंगे। पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर सीएम भजनलाल शर्मा ने यह घोषणा की। सीएम ने कहा- इन ज्ञान केंद्रों पर युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए लाइब्रेरी और ई-लाइब्रेरी की सुविधा मिलेगी। प्रशिक्षण और काउंसिलिंग सुविधा भी मिलेगी। सीएम प्रदेश भाजपा कार्यालय में अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी समारोह में शामिल हुए थे। दरअसल, एक साल पहले भजनलाल सरकार ने पिछली कांग्रेस सरकार की ओर से 50 हजार पदों पर निकाली गई महात्मा गांधी सेवा प्रेरक भर्ती को रद्द कर दिया था। इसके साथ ही 5 हजार राजीव गांधी युवा मित्रों की सेवाओं को भी खत्म कर दिया था। इसे लेकर युवा मित्र लगातार आंदोलन कर रहे हैं। राजीव गांधी युवा मित्र भी राज्य सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का काम करते थे। माना जा रहा है कि सरकार अटल प्रेरकों में राजीव गांधी युवा मित्रों को वरीयता दे सकती है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में पहले से ही राजीव गांधी सेवा केंद्र संचालित हैं। संभावना है कि सरकार इन सेवा केंद्रों का नाम बदलकर अटल ज्ञान केंद्र कर सकती है।

ई-गवर्नेंस अवॉर्ड अब अटल ई-गवर्नेंस अवॉर्ड : सीएम भजनलाल ने कहा- प्रदेश में अब ई-गवर्नेंस अवॉर्ड का नाम बदलकर अटल ई-गवर्नेंस अवॉर्ड होगा। इसके साथ ही सभी स्कूलों में कंप्यूटर रूम का नाम अटल कंप्यूटर रूम के नाम पर किया जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

तृतीय एडवोकेट प्रेमचंद मोगरा स्मृति विंटर कप रैपिड ओपन शतरंज प्रतियोगिता शुरू

उदयपुर (पुकार)। सीआईएल इंटरनेशनल स्कूल ऑफ चेस की मेजबानी में तृतीय एडवोकेट प्रेमचंद मोगरा स्मृति विंटर कप रैपिड ओपन शतरंज प्रतियोगिता आर्बिट रिसोर्ट, न्यु भोपालपुरा, आर.के. सर्कल मे शुरू हुई। आयोजन प्रमुख एडवोकेट मनीष मोगरा ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन राजस्थान हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश शाह ने शतरंज की बिसात पर इ4 चाल चलकर किया। इस अवसर पर राजस्थान राज्य शासन के उपाध्यक्ष राजेंद्र तेली, मुख्य निर्णायक मध्य प्रदेश के अंतरराष्ट्रीय निर्णायक सुनील सोनी, निलेश कुमावत और विकास साहू सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। तीसरे चक्र में गुजरात के शाह नम्रा विशाल ने महाराष्ट्र के फिडे मास्टर आकाश शरदचंद्र दलवी को बराबरी पर रोका। चौथे चक्र में उदयपुर के आयुष जैन ने दिल्ली के हरीश शर्मा को हराकर बड़ा उलटफेर किया। वहीं, मध्य प्रदेश के प्रतीक चांदवानी ने गुजरात के कुशल आर जानी को बराबरी पर रोका। हरियाणा के आत्मजीत सिंह ने मध्य प्रदेश के फिडे मास्टर एस.के. राठौर को बराबरी पर रोका। प्रथम दिन के पांच चक्रों के बाद उदयपुर के अरुण कटारिया, उदयपुर के दिव्यांशु बाबेल, गुजरात की पलक पटेल और उदयपुर के व्रशांक चौहान 5 अंकों के साथ बढ़त बनाए हुए हैं।

संगीतमय नाट्य प्रस्तुति से गीता ज्ञान सुन साधक हुए भाव विभोर

उदयपुर (पुकार)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्विद्यालय ने एक निजि अपार्टमेंट मे आध्यात्म का एक विशेष आयोजन किया। केन्द्र की बीके रीटा कुमारी ने बताया कि महाराष्ट्र के राजयोगी ब्रह्माकुमार अविनाश भाई ने दो घण्टे की संगीतमय नाट्य प्रस्तुति से गीता ज्ञान के माध्यम से उपस्थित साधकों को आत्म दर्शन, परमात्मा दर्शन व स्वर्ग दर्शन का यथार्त अनुभव करा भाव विभोर कर दिया। मीडिया समन्वयक प्रोफेसर विमल शर्मा ने बताया कि ब्रह्माकुमारीज उदयपुर सैंटर इस तरह की उत्कृष्ट गीत - संगीत व नृत्य भंगिमाओं वाली प्रस्तुतियों के माध्यम मे आमजन को गीता जीवन जीने का सुगम मार्ग है - संदेश देने का अनुपम कार्य करते है।

हनुमान भक्ति संध्या भव्य वृहत कार्यक्रम तीन चरणों में आयोजित

उदयपुर (पुकार)। 108 माला मनोरथ में पांचवी माला आवरी माता रेती स्टैंड स्थि श्री संकटमोचन हनुमान जी को अर्पित की। हिंद सेवा मानव कल्याण ट्रस्ट के तत्वावधान में प्रथम चरण में श्री मानस नाथ विकलांग संस्थान के संस्थापक जमनालाल सुथार, कमलेश वैष्णव एवं उनके दिव्यांग साथियों ने संगीतमय सुंदरकांड का पारायण किया। इसके पश्चात मंचिय कार्यक्रम में विराजमान सभी साधु संतों का सम्मान पगड़ी शॉल उपरना से किया गया। मुख्य अतिथि डॉ ओ.पी. महात्मा अध्यक्षता गोपाल सरपटा और विशेष अतिथि अशोक मारू, देवी सिंह सिसोदिया उबेश्वर महादेव सत्संग मंडल अध्यक्ष, राजेश सालवी, चिराग आचार्य ,दिव्य भक्ति मंडल संस्थापक परीक्षित एवं मातृ पितृ साउंड आदि का अध्यक्ष दिव्य कुमार ने मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर शॉल ओडा कर एवं उपरना ओडा कर भव्य अभिनंदन किया। तीसरे चरण में भक्ति संध्या का आयोजन किया गया। संगीतमय प्रस्तुतियों से भक्त जन भाव विभोर हो गए। अंत में धन्यवाद ट्रस्ट के संरक्षक प्रेम शंकर श्रीमाली ने किया।

उमाशंकर मौर्य को पीएचडी की उपाधि

उदयपुर (पुकार)। बी.एन. यूनिवर्सिटी के शोधार्थी उमाशंकर मौर्य को शीर्षक 'चयनित दवाओं के समकालिक निर्धारण के लिए पराबैंगनी स्पेक्ट्रोफोटोमेट्री और रिवर्स फेज हाई परफॉर्मेंस लिक्विड क्रोमैटोग्राफी द्वारा विधि विकास और प्रमाणीकरण' पर पीएचडी की डिग्री प्रदान की गई। इस शोध कार्य को डॉ. अंजू गोयल प्रोफेसर, फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री विभाग, बी. एन. कॉलेज के मार्गदर्शन में पूरा किया गया, जिसमें उमाशंकर मौर्य ने विधि विकास और प्रमाणीकरण की उपयोगिता और नए फॉर्मूलेशन बनाने में उनके उपयोग को बताया।

ग्रीन पीपल सोसाइटी का10 दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

उदयपुर (पुकार)। ग्रीन पीपल सोसाइटी द्वारा आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण में पर्यावरण संरक्षण, वन और वनस्पति के साथ इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जन जीवन के बारे में जानकारी दी गई। इंटर्न विद्यार्थी हर्ष माथुर ने अपने अनुभव को साझा करते हुए प्रेजेंटेशन में जन जागरण समिति द्वारा स्थानीय ट्रेडिशनल हर्ब्स एवं आयुर्वेदिक महत्व के विभिन्न जड़ी बूटियां , पादप ,लताओं एवं वृक्षों के जानकारी दी। फिनिश समिति द्वारा स्वच्छ भारत मिशन में वेस्ट मैनेजमेंट एवं प्लास्टिक प्रदूषण को खत्म करने व पब्लिक हेल्थ इश्यूज पर की जा रही कार्रवाई से अवगत कराया गया। झील संरक्षण समिति द्वारा झीलों के संरक्षण, स्वच्छता एवं उन्हें प्रदूषण मुक्त रखने के बारे में बताया। आरएसएमएम द्वारा झामर कोटडा में खनन संबंधी एक्टिविटीज एवं रिक्लेमेशन कार्यों के संबंध में तथा खनन से उत्पन्न प्रदूषण, मृदा क्षरण आदि विषयों पर प्रशिक्षित किया। जीपीएस द्वारा पैडल टू जंगल के आठवें संस्करण में प्रशिक्षार्थियों को बांसवाड़ा के माही डैम के बैकवॉटर्स में आदिवासियों के लिए नवाचार , उनके जीवन शैली , संस्कृति , खानपान, रहन-सहन एवं शिक्षा के साथ उनसे जुड़े विभिन्न पहलुओं के बारे में अवगत कराया। जीपीएस द्वारा वन एवं वन क्षेत्र के संवर्धन कार्यों , वन्यजीवों की सुरक्षा कार्यों , लघु वन उपज के बारे में जानकारी , स्थानीय आदिवासियों की जीवन शैली इत्यादि के बारे में बताते हुए झाडोल कोटडा क्षेत्र का फील्ड निरीक्षण कराया। अंत में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष राहुल भटनागर, सुहेल मजबूर ,इंद्रजीत माथुर,वीएस राणा, मोहम्मद यासीन पठान, ललित जोशी आदि उपस्थित रहे।

दशनान गोस्वामी समाज का प्रथम राज्य स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन

वरिष्ठ समाजजन एवं प्रतिभावान छात्र-छात्रा सम्मान आयोजित

उदयपुर (पुकार)। उदयपुर। दशनान गोस्वामी समाज का प्रथम राज्य स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन,अति वरिष्ठ समाजजन एवं प्रतिभावान छात्र-छात्रा सम्मान एवं स्मारिका विमोचन समारोह आज हिरणमगरी से.11 स्थित व्यास सभागार में आयोजित किया गया।

समाज के नगर मण्डल अध्यक्ष गजेन्द्र पुरी गोस्वामी ने बताया कि समारोह में राज्य के 80 वर्ष पार समाज के 65 बुजुर्गो सहित समाज के ही ग्रामीण क्षेत्र के 102 वर्ष पार बुजुर्ग समाजजन को भी सम्मानित किया गया। इस पर पूरा हॉल तालियों से गुजायमान हो गया। इस अवसर पर कक्षा 10,कक्षा 12,स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षा में 60 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 180 विद्यार्थियों को अतिथियों ने स्मृतिचिन्ह प्रदान सम्मानित किया।

उन्होंने बताया कि समारोह में मुख्य कार्यक्रम युवक-युवती परिचय सम्मेलन में राजस्थान मध्यप्रदेश एवं गुजरात से आये युवक युवति का नाम मंच से पुकारा गया और एक-एक करके सभी मंच पर पहुंचे और मंच के पीछे की तरफ स्लाइड पर उनका पूरा परिचय दिया जा रहा था। परिचय सम्मेलन में उदयपुर शहर से 200 से ज्यादा जबकि उदयपुर से बाहर से आए तीन सौ से ज्यादा युवक युवतियों का रजिस्ट्रेशन हुआ।

युवकों की तुलना में युवतियों में से कुछ सकुचाते हुए अपना परिचय दिया तो कुछ युवतियों ने अपना बेबाक तरीके से मंच पर अपना परिचय दिया तो लगा कि अब युवतियां पुरूष से पीछे नहीं है। अपनी बात को सही तरीके से सभी के सामनें रख सकती है। समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से करीब 2000 लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। इस मौके पर समाज के 60 वरिष्ठजनों को भी सम्मानित किया गया।

समारोह के विशिष्ट अतिथियों में सांसद मन्ना लाल रावत ने कहा कि समाज मे बढ़ते युवक-युवति परिचय सम्मेलन से समाज की उन प्रतिभाओं को भी जाननें का मौका मिलता है जो अब तक सभी से छिपी रही। शहर विधायक ताराचंद जैन ने इस आयोजन के लिये समाजजनों को बधाई दी। समारोह को उदयपुर शहर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, पूर्व महापौर गोविंद सिंह टाक, पूर्व उप महापौर पारस सिंघवी, शिक्षाविद डॉक्टर प्रदीप कुमावत, शहर भाजपा जिला अध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली एवं महामंत्री गजपाल सिंह ने भी संबोधित किया। इनके साथ ही दशनान गोस्वामी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश गिरी गोस्वामी ने कहा कि पहली बार शहर में आयोजित हुए प्रथम राज्य स्तरीय सम्मेलन में राज्य की समाज की युवक-युवतियों एक-दूसरे को नजदीक से जानने का मौका मिला। लेफ्टिनेंट जनरल सेनि. सुनील पुरी गोस्वामी, प्रदेश अध्यक्ष दशनान गोस्वामी समाज बाबूलाल भारती, जिला परिषद सदस्य राजसमंद दीनदयाल गिरी, मूर्तिकार महावीर भारती दर्शनाबेन गोस्वामी, एडवोकेट भागवत पुरी, समाजसेवी प्रभु पूरी मदारा, समाजसेवी भेरूगिरी सूरत, आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय गिरी गोस्वामी, अध्यक्ष नगर मंडल गजेंद्रपुरी गोस्वामी, सचिव आयोजन समिति तरुणपुरी गोस्वामी, उपाध्यक्ष नगर मंडल हरीश पुरी गोस्वामी उपसचिव राजेश भारती गोस्वामी कोषाध्यक्ष राजेश भारती गोस्वामी, धार्मिक एवं उत्सव मंत्री त्रिलोकपुरी गोस्वामी एवं महेंद्र पुरी गोस्वामी साहित्य एवं सांस्कृतिक मंत्री मुख्य रूप से उपस्थित थे।

समारोह के प्रारंभ में बालिकाओं ने संगीतमयी ईश वंदना के साथ भक्ति नृत्य की प्रस्तुती दी। इसके बाद अतिथियों का स्वागत सत्कार हुआ। समारोह में अतिथियों द्वारा स्मारिका विमोचन भी किया गया। जिसमें उन सभी युवक-युवतियों का परिचय है जिन्होंने इस सममेलन में अपना पंजीकरण कराया। समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक परिस्थितियों हुई।

पार्श्वनाथ जन्म कल्याणक पर पंद्रह मिनट में सवा लाख जप

उदयपुर (पुकार)। जैन जगत के तेइसवें तीर्थंकर पुरुषादानीय भगवान पार्श्वनाथ जन्म कल्याणक महावीर साधना व स्वाध्याय समिति, तेरापंथ युवक परिषद् उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में शासन श्री मुनि श्री सुरेश कुमार के सान्निध्य में समारोह पूर्वक आयोजित हुआ।

मुनिवृन्द के आह्वान पर 101 युगलो ने पंद्रह मिनट में 11 माला जप से सवा लाख का अपूर्व अनुष्ठान के साथ उपसर्गहर स्तोत्र का अनुष्ठान किया। श्रावक-श्राविकाओं ने इस अवसर पर तेला, उपवास, एकासन तप भी किया।

समारोह को सम्बोधित करते हुए मुनि सुरेश कुमार ने कहा- प्रभु पार्श्व महिमामय है। भगवान का नाम स्मरण स्वयंसिद्ध है। तीर्थंकर प्रभु पार्श्व की निष्काम आराधना से जीवन में उपलब्धियों व सिद्धियां उतर आती है। शब्द स्वयं मंत्र बन जाता है। भगवान पार्श्वनाथ ने अहिंसा और करुणा से सृष्टि में शांति की प्रतिष्ठा की। नाग-नागिन के जोड़े को यज्ञ से बचाकर अनुकम्पा का महान निदर्शन दिया। आज उन उपदेशों को आकृति लेने की नितांत आवश्यकता है। हम केवल प्रभु की स्तुति नहीं करे, आत्मा के परमाणुओं तक प्रभु का स्मरण पहुंचे यही इस दिन की सार्थकता है।

मुनि सम्बोध कुमार मेघांश' ने कहा- यह राग-द्वेष का शिखर युग है। यहाँ हर एक इंसान एक दुसरे की प्रगति को देखते हुए एक दूसरे को नुकसान पहुंचाने के लिए मैले मंत्रो का प्रयोग भी कर लेता है। प्रभु पार्श्व की स्तुति में रचित उपसर्गहर स्तोत्र का प्रतिदिन सात बार अनुष्ठान तांत्रिक उपद्रव से रक्षा करता है। पार्श्वनाथ जन्म कल्याणक हमें स्वयं को पवित्रता के संकल्प से संकल्पित होने की प्रेरणा सोप रहा हो।

कार्यक्रम में महावीर स्वाध्याय समिति अध्यक्ष प्रकाश कोठारी, तेरापंथ सभाध्यक्ष कमल नाहटा, तेयुप अध्यक्ष भुपेश खमेसरा ने भावपूर्ण विचारों की प्रस्तुति से प्रभु पार्श्वनाथ के प्रति अपनी प्रणति अर्पित की ।

पार्श्वनाथ मंदिर में सत्तरभेदी पूजा व ध्वजा परितर्वन समारोह

उदयपुर (पुकार)। श्री जैन श्वेताम्बर महासभा के तत्वावधान में 108 पाश्र्वनाथ की श्रृंखला में मणि समान चमकता सविना स्थित पार्श्वनाथ मंदिर में पोश दशमी के मेले का आयोजन बुधवार को आयोजित हुआ। महासभा के महामंत्री कुलदीप नाहर एवं कार्यक्रम संयोजक अंकुर मुर्डिया व राजू पंजाबी ने बताया कि आयोजन गवर्नमेंट स्कूल के सामने सविना पार्श्वनाथ मंदिर में बुधवार सुबह 9.30 बजे सत्तरभेदी पूजा एवं ध्वजा परिवर्तन का आयोजन हुआ। जिसमें सत्तरभेदी की पूजा पढ़ाई गई। कालूलाल मीना देवी जैन परिवार द्वारा ध्वजा परितर्वन की गई। उसके बाद सभी श्रावक-श्राविकाओं का समामूहिक स्वामी वात्सल्य का आयोजन हुआ। इस दौरान उपाध्यक्ष भोपाल सिंह परमार, राजेश जावरिया, कुलदीप नाहर, अकुंर मुर्डिया, चतर सिंह पामेचा, दलपत दोशी, सतीस कच्छारा, राजेन्द्र जवेरिया, गजेन्द्र खाब्या, पिन्टू चौधरी, रणजीत मेहता, चन्द्रसिंह सुराणा, दिनेश बापना सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

डीपीएस में कार्निवल व ऐलुमनी मीट-2024 का समारोह पूर्वक आयोजन

उदयपुर (पुकार)। दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर के विशाल परिसर में आज क्रिसमस कार्निवल के साथ ही एलुमनी-मीट 2024 का धूमधाम से भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उदयपुर शहर के जिला कलेक्टर अरविंद कुमार पोसवाल ने रिबन काटकर कार्निवल का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के आरंभ में प्राथमिक विभाग के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंग-बिरंगी पोशाक में रैली डांस प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का मन मोह लिया।

तत्पश्चात बच्चों ने आर्केस्ट्रा, क्रिसमस केरॉल व समूह गान की संगीतमय प्रस्तुति से अनोखा समाँ बाँध दिया। कार्यक्रम में शाला एवं उदयपुर के लगभग दस हजार बच्चों एवं उनके अभिभावकों ने कार्यक्रम का लुफ्त उठाया।

उपप्राचार्य राजेश धाभाई ने बताया कि क्रिसमस कार्निवल में सभी बच्चों, उनके अभिभावकों तथा आगंतुकों के लिए अनेक प्रकार के मनोरंजक खेलों जिसमें शूटिंग, लकी डिप, फिशिंग, रिंगिंग द आर्टिकल, कार रेसिंग, बॉल्स इन द बकेट, टिक टेक टो, फीडिंग द जोकर, सेवन अप सेवन डाउन, आर्चर डार्ट व सेल्फी बूथ जैसे अनेक मनोरंजनात्मक खेलों का आयोजन किया गया था। साथ ही विविध चटपटे स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल्स लगाई गई थीं, जिसका सभी ने खूब लुत्फ उठाया। रंगारंग समारोह में शरीक हुए मुख्य अतिथि ने संपूर्ण कार्यक्रम की व बच्चों की प्रतिभा व उनके उत्साह की भूरि- भूरि प्रशंसा की। कार्निवल का अंतिम आकर्षण रहा- लकी ड्रॉ। समापन समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस योगेश गोयल तथा अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट राजीव द्विवेदी ने लकी ड्रा के विजेताओं के नाम की घोषणा की तथा पुरस्कार प्रदान किए।

इस अवसर पर प्रो वाइस चेयरमेन गोविंद अग्रवाल, प्रबंधन समिति के सदस्य श्रीमती मणि अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, देवेश अग्रवाल सहित सभी ने अपनी उपस्थिति से सबका हौसला बढ़ाया तथा अभिभावकों एवं विद्यार्थीयों को नये वर्ष में उन्नति एवं सफलता के लिये शुभकामनाए दी।

वेदांता हिन्दुस्तान ज़िंक द्वारा राजसमंद में निर्मित 31 नंद घरों, आधुनिक आंगनवडियों का शुभारंभ

Nand Ghar Inauguration Ceremony
Chief Guest

उदयपुर (पुकार)। भारत की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक वेदांता की हिन्दुस्तान ज़िंक ने अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के सहयोग से राजसमंद में 31 नंद घरों के उद्घाटन के साथ राजस्थान की आंगनवाड़ी पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राजसमंद के रेलमगरा ब्लॉक के मदारा नंद घर में आयोजित समारोह में नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड, राजसमंद सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ एवं हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड के मुख्यकार्यकारी अधिकारी अरुण मिश्रा ने आधुनकि आंगनवाडियों नंद घर, का उद्घाटन किया। इस अवसर पर वेदांता हिन्दुस्तान ज़िंक की हेड सीएसआर अनुपम निधि, राजपुरा दरीबा कॉम्प्लेक्स के सीईओ बलवंत सिंह राठौड एवं प्रबुद्धजन कल्याण सिंह शक्तावत उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में स्थानीय समुदाय के सदस्यं, जिला प्रशासन, नंद घर टीम और हिन्दुस्तान ज़िंक के प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान, श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ और विश्वराज सिंह मेवाड़ ने राजस्थान की आंगनवाड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने हेतु प्रतिबद्धता के लिए हिन्दुस्तान ज़िंक एवं अनिल अग्रवाल फाउंडेशन की सराहना की।

नंद घर वेदांता की प्रमुख सामुदायिक पहल है, जिसे भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की साझेदारी में अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के तत्वावधान में विकसित किया गया है। ये आधुनिक आंगनवाड़ी पोषण कार्यक्रम, डिजिटल प्रारंभिक बचपन शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और महिला सशक्तिकरण गतिविधियों के माध्यम से विकास के अवसर प्रदान करती हैं। रेलमगरा और खमनोर ब्लॉक में स्थित नवनिर्मित नंद घरों का उद्देश्य बच्चों और महिलाओं के समग्र विकास को बढ़ावा देकर ग्रामीण समुदायों में सकारात्मक बदलाव लाना है।

उद्घाटन के अवसर पर राजसमंद सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ ने कहा कि बच्चे और महिलाओं का विकास हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इन नंद घरों का उद्घाटन राजस्थान सरकार, वेदांता, हिन्दुस्तान ज़िंक और अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के बुनियादी स्तर पर बच्चों और महिलाओं के पोषण के साझा दृष्टिकोण को दर्शाता है जो कि सराहनीय है। मैं इस परिवर्तनकारी परियोजना से जुड़े सभी लोगों का हार्दिक आभार व्यक्त करती हूं।

नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने कहा, राजस्थान का भविष्य यहां के बच्चों और महिलाओं के विकास में निहित है। हम राज्य के आंगनवाड़ी केंद्रों में परिवर्तनकारी बदलाव लाने के लिए वेदांता और हिन्दुस्तान ज़िंक के प्रयास अनुकरणीय हैं। नंद घर पहल जिले भर में समग्र विकास केंद्र बनाएगी, जो विशेष रूप से बच्चों में कुपोषण को दूर करने और नई पीढ़ी के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जिससे हमारे समुदायों की भलाई और विकास सुनिश्चित होगा।

उद्घाटन के दौरान हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड के मुख्यकार्यकारी अधिकार अरुण मिश्रा ने कहा कि, हिन्दुस्तान ज़िंक वेदांता, अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के साथ मिलकर, हम राजस्थान की भावी पीढ़ी, यहां के बच्चों को पोषित कर इनके उज्जवल भविष्य निर्माण हेतु समर्पित हैं। नंद घर पहल शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और सतत विकास के अवसरों के माध्यम से बच्चों और महिलाओं को सशक्त बनाकर ग्रामीण समुदायों को बदलने के हमारे दृष्टिकोण का प्रतीक है। साथ मिलकर, हम एक समावेशी और समृद्ध कल की नींव रख रहे हैं।

पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर प्रारंभ

उदयपुर (पुकार)। बाल संस्कार आयोजन समिति, उदयपुर द्वारा पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर का शुभारंभ पाइन वर्ल्ड स्कूल काशीपुरी, सेक्टर 5 में बुधवार को प्रांत शारीरिक प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ डॉ भारत भूषण ओझा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। मीडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया ने बताया कि संस्कार पुरोहित डॉ भूपेंद्र शर्मा द्वारा यज्ञ प्रशिक्षण और तुलसी पूजन करवाया गया। उन्होंने ओम और गायत्री महामंत्र की महिमा बताते हुए कहा कि बुद्धि को तीक्ष्ण करने के लिए प्रतिदिन वेद मंत्र का उच्चारण किया जाना चाहिए। यज्ञ प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में आचमन मंत्र,अंग स्पर्श मंत्र और गायत्री महामंत्र से सभी प्रशिक्षणार्थियों द्वारा आहुतियां दी गई। योगाचार्य देवाराम राजपुरोहित द्वारा स्मरण शक्ति बढ़ाने हेतु प्राणायाम ,त्राटक सूक्ष्म क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया। गोवर्धन नंदवाना द्वारा बच्चों को स्वयं को जानने हेतु संस्कार शिक्षा दी गई। गीता मर्मज्ञ सुभाष चंद्र मेहता ने श्री मद भगवद गीता की महिमा और श्लोक उच्चारण का अभ्यास करवाया गया । इस शिविर का उद्देश्य यज्ञ, ध्यान प्रशिक्षण, मंत्र, श्लोक उच्चारण अभ्यास, खेल, प्रतियोगिताएं आदि रचनात्मक गतिविधियों द्वारा बच्चों को संस्कारवान, ईश्वर भक्त, राष्ट्र भक्त, सुयोग्य नागरिक बनाना है। अमृत रंजन पांडे, नवनीत भट्ट और शैलेन्द्र जोशी, मधुकांत जी शर्मा द्वारा अग्रणी भूमिका निभाई जा रही है।

ईमानदारी से जीवन जीने के साथ साथ सच्चे कर्मयोगी थे अटल जी : पूर्व विधायक जोशी

कानोड़ (पुकार)। नगर पालिका क्षेत्र के केशव विद्या मंदिर उच्च प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयन्ती मनाई गई । कार्यक्रम की शुरुआत अटल जी के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। मुख्य वक्ता मावली विधानसभा के पूर्व विधायक धर्म नारायण जोशी ने कहा कि ईमानदारी से जीवन को जी कर कर्म की पुजा करने वाले अटल जी सच्चे कर्मयोगी थे ।जोशी ने अपने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह के दायित्व काल को बताते हुए कहा कि अटल जी सभी कार्यकर्ताओं से आत्मीय स्नेह से मिलते ओर कार्यकर्ता का हालचाल पूछते। जोशी ने स्वर्ण चतुर्भुज योजना सहित अटल जी की विकासोन्मुखी योजना का जिक्र करते हुए कहा कि अन्तिम पंक्ति तक के व्यक्ति को विकास से जोडना चाहते थे अटल जी । कार्यक्रम में जोशी ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व संगठन मंत्री लक्ष्मीलाल व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व जिला प्रमुख दीपक शर्मा से मिलकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि स्वयंसेवक पूर्व कभी नहीं होता आपने संगठन में अच्छा काम किया है अब राजनिति में सेवा कार्य करो। इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि अटल जी के व्यक्तित्व में सभी को साथ लेकर चलने की अद्भुत क्षमता थी। इस अवसर पर पूर्व नेताप्रतिपक्ष दीपक शर्मा ,पार्षद लोकेश पुरोहित, लक्ष्मी लाल ओड, पारस नागोरी, जंबू धींग,रतन लाल लक्ष्यकार, रोशन भावसार, अरूण भणावत,नितिन जोशी , करण सिंह सहित कई भाजपाई उपस्थित रहे।

बी प्लस

ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड ने सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

उदयपुर (पुकार)। एम्पीयर, एल्ट्रा और एली ब्रांडों के मशहूर ईवी निर्माता ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड, ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक, सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड व्यक्तिगत और वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए बी2सी और बी2बी दोनों ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करते हुए इलेक्ट्रिक दोपहिया (ई-2डब्ल्यू) और तिपहिया (3डब्ल्यू) खंडों में वाहनों की एक पूरी श्रृंखला पेश कर चुकी है। ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के अनुसार, कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम में 1000 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम और विक्रय शेयरधारकों द्वारा 18.9 करोड़ शेयर बिक्री की पेशकश शामिल है। बिक्री के लिए प्रस्ताव घटक के तहतए ग्रीव्स कॉटन लिमिटेड, प्रमोटर विक्रय शेयरधारक 5.1 करोड़ इक्विटी शेयरों का विनिवेश करेगा और अब्दुल लतीफ जमील ग्रीन मोबिलिटी सॉल्यूशंस डीएमसीसीए निवेशक विक्रय शेयरधारक 138,398,200 इक्विटी शेयरों (13.8 करोड़ शेयर) का विनिवेश करेगा।

स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लि. ने गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) का आवंटन किया

उदयपुर (पुकार)। स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लि. (बीएसई : 511700), जो कि एक प्रमुख नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी है, ने घोषणा की है कि इसके बोर्ड ने निजी प्लेसमेंट के आधार पर गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) का आवंटन करते हुए 15 करोड़ रुपये जुटाने को मंजूरी दे दी है। हाल ही मे कंपनी द्वारा अपनी पूंजी संरचना को मजबूत करने और विकास की पहलों का समर्थन करने के लिए 5 बिलियन के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर के सफल निर्गमन की घोषणा की थी। कुल राशि में से 1.3 बिलियन कंपनी के ऑपरेशन को बेहतर बनाने और विस्तार करने के लिए सफलतापूर्वक जुटाए गए और रणनीतिक रूप से अलॉट किए गए हैं। यह निवेश ऑपरेशन दक्षता को बढ़ाने, क्षमता बढ़ाने और कंपनी के निरंतर विकास को गति देने के उद्देश्य से है।

संक्षिप्त समाचार

नि :शुल्क मोतियाबिन्द नेत्र जाँच शिविर

उदयपुर (पुकार)। एस.बी.आई. फाउण्डेशन एवं तारा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में कलांदरी, सिरोही जिले में निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिन्द ऑपरेशन चयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आमजन ने आँखों की जाँच कराई लगभग 258 लोगों ने आँखों की जाँच कराई। इनमें 67 लोगों को मोतियाबिन्द पाया गया। शिविर में निःशुल्क दवाई और चश्मे वितरित किये गये। मोतियाबिन्द मरीजों का उदयपुर स्थित तारा नेत्रालय में निःशुल्क ऑपरेशन किया जायेगा। शिविर को सफल बनाने में नरेन्द्र परिहार सराहनीय योगदान रहा। तारा संस्थान के संस्थापक व सचिव दीपेश मित्तल ने बताया कि शिविर के माध्यम से ग्रामीणों में आँखों की देखभाल तथा समय-समय पर जाँच के प्रति जागरुकता पैदा हो रही है। अभी तक 1 लाख 63 हजार मोतियाबिन्द के ऑपरेशन हो चुके है।

राजस्थान निदेशालय एनसीसी का 'एक भारत श्रेष्ठ भारत शिविर' का बीएन में शुभारंभ

उदयपुर (पुकार)। एनसीसी महानिदेशालय राजस्थान के तत्वाधान में उदयपुर समूह मुख्यालय द्वारा 'एक भारत श्रेष्ठ भारत शिविर' का आयोजन 23 दिसंबर 2024 से 3 जनवरी 2025 तक 5 राज गर्ल्स बटालियन एनसीसी द्वारा भूपाल नोबल संस्थान के कैंपस में आयोजित किया जा रहा है। उक्त शिविर में आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना निदेशालय के 150 तथा राजस्थान निदेशालय के उदयपुर, कोटा, जोधपुर और जयपुर संभाग के 450 कैडेट्स भाग ले रहे हैं। शिविर का मुख्य उद्देश्य आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना तथा राजस्थान निदेशालय के कैडेट्स को एक दूसरे की कला, संस्कृति, वेशभूषा, खानपान तथा भाषा को साझा करना है। 12 दिवसीय शिविर में आंध्र प्रदेश से आए कैडेट्स को मेवाड़ की धरती पर शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत उदयपुर दर्शन कराया जाएगा। जिसमें उनका उदयपुर के प्रमुख दार्शनिक स्थल गुलाब बाग, सिटी पैलेस, सहेलियों की बड़ी, प्रताप गौरव केंद्र इत्यादि का भ्रमण कराया जाएगा। साथ ही मेवाड़ की धरती की गौरव गाथा और महाराणा प्रताप के जीवन शैली का चलचित्र द्वारा परिचय दिया जाएगा। कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल मनमोहन सिंह रावत द्वारा शिविर के शुभारंभ समारोह में दूसरे राज्यों से आए समस्त कैडेट्स तथा स्टाफ का हार्दिक अभिनंदन किया गया। उन्होंने कैडेट्स को पूर्ण अनुशासन में रहकर शिविर के निश्चित ट्रेनिंग प्रोग्राम को पालन करने के दिशा निर्देश भी दिए।

उदयपुर में जुटेगा संस्कृत का मेला

संस्कृतभारती का आवासीय भाषा प्रबोधन वर्ग 29 दिसंबर से

उदयपुर (पुकार)। संस्कृतभारती चित्तौड़ प्रांत का आवासीय भाषा प्रबोधन वर्ग 29 दिसंबर की शाम से 5 जनवरी की सुबह तक आलोक स्कूल, फतहपुरा, उदयपुर में होगा। इस प्रांत स्तरीय आवासीय वर्ग में चित्तौड़ प्रांत के 12 जिलों और 6 इकाइयों से लगभग 250 छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। इनमें 70 बालिकाएं भी शामिल हैं। पांच वर्षों के अंतराल के बाद उदयपुर में हो रहे इस वर्ग में संस्कृतमय आचरण और वातावरण का सृजन होगा। शिविरार्थी खेल-खेल में संस्कृत सीखने के साथ-साथ व्याकरण शास्त्र, स्तोत्र पाठ, योगाभ्यास, भाषा क्रीड़ा आदि का अभ्यास करेंगे। वर्ग का उद्देश्य संस्कृत को रोचक और उपयोगी बनाना है, जिससे छात्र सहजता से संस्कृत का ज्ञान अर्जित कर सकें। आयोजकों ने बताया कि आवासीय वर्ग के शिविर तीन श्रेणियों के होते हैं। प्रथम स्तर पर विभागीय स्तर पर भाषा बोधन वर्ग होता है जो प्रारंभिक प्रवेश का आधार है। इसके बाद प्रांत स्तर पर भाषा प्रबोधन वर्ग होता है जिसमें केवल प्रथम स्तर पूरा कर चुके अथवा संभाषण में सक्षम छात्र ही प्रवेश ले सकते हैं। तृतीय और अंतिम स्तर प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग होता है जिसमें केवल प्रथम और द्वितीय स्तर के वर्ग पूर्ण कर चुके छात्र ही भाग ले सकते हैं। संस्कृतभारती पिछले 43 वर्षों से संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार में सक्रिय है। यह संस्था भारत के सभी राज्यों के साथ-साथ विश्व के 26 देशों में भी संस्कृत के प्रचार का कार्य कर रही है। संगठन का उद्देश्य समाज में संस्कृत के प्रति जागरूकता और रुचि को बढ़ाना है।

शिक्षिका पूजा जैन ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दी 20 बच्चों को सर्दी की वर्दी

डूंगला (पुकार)। ब्लॉक डूंगला के शिक्षकों के सामाजिक सरोकार सर्दी की वर्दी अभियान के तहत् स्वतंत्रता सेनानी नन्द कुमार त्रिवेदी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डूंगला की शिक्षिका व्यायाता श्रीमति पूजा जैन ने हर वर्ष जो बच्चों को सर्दी की वर्दी भेंट करते है उस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी बच्चों को सर्दी की वर्दी भेंट की इस पहल पर प्रधानाचार्य हसीना रंगरेज ने पूजा जैन का ऊपरना पहनाकर अभिनंदन किया इस अवसर पर विद्यालय के सभी स्टाफ व शिक्षिका के परिवार सदस्य उपस्थित रहे यह जानकारी स्थानीय विद्यालय व्यायाता एग्रीकल्चर माधु सिंह ने दी ।

रानी रोड रन फॉर फन आयोजित

उदयपुर (पुकार)। अग्रवाल लश्करी महिला समिति द्वारा तुलसी दिवस पर रानी रोड रन फॉर फन आयोजित हुई। लश्करी महिला समिति के अध्यक्ष नीलम अग्रवाल एवं मंत्री रिंकू मित्तल ने बताया कि दौड़ में पांचो अग्रवाल समाज की पांचों पंचायतों की महिलाओं ने भाग लिया। लश्करी महिला समिति की उपाध्यक्ष प्रिया मित्तल एवं कोषाध्यक्ष समता अग्रवाल ने बताया कि इस मौके पर तुलसी के पौधे का वितरण किया गया। श्री लश्करी अग्रवाल पंचायत समाज मीडिया संयोजक राजेश अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर दिनेश अग्रवाल,गजेंद्र अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, नलिन गुप्ता, शोभित मित्तल, रामचन्द्र अग्रवाल, नरेंद्र गुप्ता, नागरमल अग्रवाल , नंदलाल अग्रवाल आदि मौजूद थे।

251 तुलसी के पौधे वितरित

उदयपुर (पुकार)। विप्र सेना द्वारा तुलसी पूजन दिवस पर तुलसी के 251 पौधों का वितरण किया गया। अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने की। प्रदेश महामंत्री गोविंद दीक्षित ने तुलसी के औषधीय गुण बताए। अतिथि जनजाति आयुक्त कार्यालय से निर्मला पालीवाल, व्याख्याता विमला जोशी,खूबी लाल पालीवाल,प्रकाश पालीवाल थे। कार्यक्रम में घनश्याम मेनारिया, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुरभि मेनारिया धींग, महिला संरक्षिका महंत हर्षिता दास, संरक्षिका प्रेमलता मेनारिया, नीता नंदवाना, पूर्णिमा मेनारिया,प्रेषिका द्विवेदी, प्रियंका शर्मा आदि मौजूद थे।

... फोटो : ऋषभ जैन

क्रिसमस पर चहुंओर उल्लास, दिनभर चला बधाइयों का सिलसिला

प्रभु यीशु के जन्म की खुशियां मनाई

उदयपुर (पुकार)। लेकसिटी में बुधवार को प्रभु यीशू का जन्मदिन मनाया गया। क्रिसमस के स्वागत में आराधना की गई। रात के समय शहर के गिरजाघर विशेष रोशनी और सजावट से नहाए हुए थे। बीती रात 12 बजे सभी ने एकदूसरे को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी। चर्च में प्रार्थना सभाएं होने के साथ ही केक काटते हुए खुशियां मनाई गई। ईसाई समाज के लोगों ने अपने घरों में भी क्रिसमस को लेकर रोशनी व सजावट की। कुछ मॉल में सांता क्लॉज अलग- अलग जगहों पर तोहफे बांटते हुए दिखाई दिए। इससे पहले बीती रात को साढ़े ग्यारह बजे से ही मिडनाइट प्रार्थनाओं का दौर शुरू हुआ। 12 बजते ही प्रभु यीशु के जन्म की खुशियां मनाते हुए लोगों ने एक-दूसरे को मैरी क्रिसमस कहकर बधाइयां दी।

चेतक सर्कल पर शेपर्ड मेमोरियल चर्च में मुय आराधना सुबह साढ़े नौ बजे शुरू हुई। चर्च में रेव्हसन सनी एस. कुमार ने क्रिसमस का सन्देश दिया। उन्होंने अपने सन्देश में कहा कि प्रभु यीशु मसीह का जन्म मानव जाति को परमेश्वर की ओर से एक उपहार है जो अपने आप में अमूल्य व अद्भुत है। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु मसीह ने प्रेम, आनंद व शांति का संदेश दिया जिसका अनुसरण कर मनुष्य अपने जीवन को सफल व सार्थक बनाए। संचालन रेव्ह.दीपक बेरिस्टो ने किया। आराधना में बच्चों के नामकरण की रस्म बपतिस्मा विधि भी संपन्न हुई।

आराधना में कई देशी व विदेशी पर्यटक भी शामिल हुए। सदस्यों ने आये मसीहा दुनिया में आप पापियों को बचाने को ...,अब आओ विश्वासियों जय जय करते आओ, अब आओ हम सराहे यीशु प्रभु को, चरनी में देखो महिमा का राजा, अब आओ हम सराहे .गीतों का गायन किया।

शेपर्ड मेमोरियल चर्च मीडिया प्रभारी परमिनास मैथ्यू ने बताया कि अलीपुरा स्थित आवर लेडी ऑफ फातिमा कैथोलिक गिरिजाघर में बिशप देव प्रसाद गणावा ने संदेश दिया।

वहीं शहर के संजय पार्क रानी रोड स्थित राजस्थान पेंटीकॉस्टल चर्च में पास्टर पॉल मैथ्यू, गोविन्द नगर सेक्टर 13 स्थित कलवरी कविनेंट चर्च में पास्टर मनोहर कला, सविना सेक्टर 12 स्थित अपोस्टोलिक चर्च में फादर जे. रत्न कुमार, बड़ी स्थित मेथोडिस्ट चर्च में रेव्ह. ऑस्कर मैसी, यूनिवर्सिटी रोड स्थित मारथोमा चर्च में रेव्ह. क्रिस्टो जेकब जॉर्ज, तितरड़ी स्थित गुड शेपर्ड चर्च में रेव्ह.विलसेंट आर., मीरा नगर स्थित डिवाइन चर्च में रेव्ह.पी. परमेश्वरन ने क्रिसमस सन्देश दिया।

तितरड़ी स्थित दी लॉर्ड आवर रायचेजनेस चर्च में बाइबिल पाठ, समूह गीत, प्रार्थनाएं व प्रवचन हुए। शहर के सभी गिरजा घरों में बड़ी संया में देशी तथा विदेशी पर्यटकों ने भी क्रिसमस को सेलिब्रेट किया। आराधना के दौरान बच्चों के नामकरण के संस्कार की विधि भी संपन्न हुई।

खेरवाड़ा स्थित ऑल सेंट पेरीश चर्च में रेव्ह. अशोक कलासवा, जावर माइंस स्थित प्रार्थना भवन चर्च में रेव्ह.स्टेला आनंदराज, माणस स्थित सी.एन. चर्च में रेव्ह.इमानुएल डामोर, गांव डेईया स्थित चर्च में रेव्ह. सुन्दर लट्टा आदि ने क्रिसमस सन्देश दिया। क्रिसमस पर मसीही परिवार के सदस्यों ने सेंट पॉल, देबारी व संजय पार्क के पीछे स्थित मसीही कब्रस्तानों में पहुँचकर दिवंगत प्रिय जनों को पुष्पांजलि अर्पित की।

ट्राइबल क्रिशचियन वेलफेयर सोसायटी की ओर से 26 दिसबर को काया, 27 दिसबर को जोगीवड़ 29 दिसबर को माकड़ादेव (झाड़ोल) में सामूहिक रूप क्रिसमस मेला आयोजित होगा।

राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ युवा महोत्सव आरोहण का समापन

युवा ही देश का भविष्य और राष्ट्र निर्माण होता है : डॉ. चिन्मय पंड्या

उदयपुर (पुकार)। युवाओं द्वारा राष्ट्र निर्माण की हर चुनौती को अपनी प्रतिभा और क्षमता से सामना करने के संकल्प के साथ गायत्री परिवार की युवा इकाई दिया राजस्थान के संयोजन में यूनिसेफ और सुखाडिया विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय युवा महोत्सव आरोहण का समापन विश्विद्यालय स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में बुधवार को हुआ।

संयोजक प्रणय त्रिपाठी ने बताया कि समापन सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि मार्गदर्शक वक्ता देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार के प्रति कुलपति और अखिल विश्व गायत्री परिवार के युवा प्रतिनिधि डॉ. चिन्मय पंड्या, कार्यक्रम अध्यक्ष सांसद मन्नालाल रावत, विशिष्ट अतिथि दयालबाग शिक्षण संस्थान के वरिष्ठ निदेशक प्रोफेसर पी. के. कालरा, कुकु एफएम के संस्थापक लालचंद बिसु द्वारा स्वामी विवेकानंद प्रतिमा पर माल्यार्पण और भारत माता पूजन और देव मंच पर दीप प्रज्वलन से हुआ।

इशिता विश्वकर्मा द्वारा भारत माता वंदना और प्रज्ञा गीत की प्रस्तुति दी गई। भारत गौरव और विवेकानन्द अंतर्राष्ट्रीय शांति पुरस्कार से सम्मानित डॉ. चिन्मय पंड्या ने अतिथियों द्वारा दिया वार्षिक डायरी 2025 का विमोचन, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रांतीय विजेता झुंझुनूं, जयपुर और बाड़मेर की महाविद्यालय टीम को पुरस्कार प्रदान किए।

डॉ. चिन्मय पंड्या ने युवाओं से स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण का लक्ष्य बनाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि हमारे देश का युवा हर चुनौती का सामना करने में सक्षम है, इसमें कोई दोराय नहीं है। यह इक्कीसवीं सदी युवाओं की ही है। जिस देश का युवा सशक्त हो, जो देश युवाओं का देश हो उस देश को विकसित राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता। युवा आज से ही संकल्प लें कि हमें हमारे देश को विश्व गुरू और विकसित राष्ट्र बनाना है। युवाओं के संकल्प के आगे कोई भी चुनौती हो उसे हारना ही है। उन्होंने कहा कि युवा ही देश का भविष्य है और युवाओं से ही राष्ट्र निर्माण होता है उसे कोई नकार नहीं सकता है। सांसद मन्नालाल रावत ने डॉ चिन्मय पंड्या के नेतृत्व में गायत्री परिवार की युवा पीढ़ी के माध्यम से सामाज के नव निर्माण पर विश्वास जताया। लालचंद बिसु ने युवाओं को कठिन परिस्थितियों से नहीं डरने के लिए प्रेरित किया। प्रोफेसर पी. के. कालरा ने युवाओं को निस्वार्थ सेवा कार्यों के लिए आगे आने का आह्वान किया।

विशेषज्ञों ने किया युवा संवाद : युवाओं की मुख्य चुनौतियों हेतु तैयार करने हेतु विभिन्न सत्रों में विषय विशेषज्ञों द्वारा परस्पर संवाद कर वार्ता के माध्यम से युवाओं का मार्गदर्शन किया गया। सोशल मीडिया के उपयोग और दुरुपयोग तथा उसके युवाओं के पारिवारिक व सामाजिक संबंधो पर प्रभाव को डॉ. शैलेन्द्र पंड्या, डॉ. निधि भारद्वाज, विक्रमसिंह राघव, डॉ. पंकज त्रिवेदी ने आभासी दुनिया नहीं वास्तविक दुनिया और संबंधों को मजबूत करने, समय को बचाने के लिए प्रेरित किया। सत्र का संचालन डॉ. वरुण माणिक, इंद्र भूषण गोखले ने किया। समग्र स्वास्थ्य के विभिन्न आयामों मानसिक और भावनात्मक संतुलन, पौष्टिक आहार आदि विषयों पर डॉ. आलोक व्यास, आयरन मेन ऋषभ जैन, दिवलीन कौर, धवल फडके, डॉ. नूपुर, हेमंत चतुर्वेदी ने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का आव्हान किया। इसका संचालन डॉ. अजय भारद्वाज, हिम्मत सिंह ने किया। इक्कीसवी सदी में युवाओं को सफलता के लिए एडीएम दीपेंद्र सिंह, सीपीओ पुनीत शर्मा, शिक्षान्तर के मनीष जैन, लाइफ कोच सिद्धार्थ, वरुण शर्मा, गजेंद्र पुरोहित आदि ने प्रतिस्पर्धा युग में आत्मविश्वास के साथ अपनी क्षमताओं के सुनियोजन हेतु प्रेरित किया जिसका संचालन संदीप त्रिपाठी ने किया। आकर्षक गतिविधि एरिना में यूनिसेफ, पुकार, पैसिफिक मेडिकल कॉलेज, उदयपुर गैजेट्स, अस्तित्व फाउंडेशन, जतन संस्थान, अंतरंग फाउंडेशन आदि द्वारा विभिन्न स्टाल में युवाओं का रोचक खेलों और व्यावहारिक और क्रियात्मक गतिविधियों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। नया सवेरा बैन्ड द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी गई।

सम्पूर्ण समारोह डिवाइन इंडिया यूथ एसोसिएशन (दिया) राजस्थान कार्यसमिति प्रांतीय संयोजक लोकेश शर्मा, उदयपुर इकाई के रमेश असावा, दिया प्रांतीय सलाहकार समिति संयोजक प्रोफेसर आईआईटी जोधपुर डॉ. विवेक विजय, हेमंत श्रीमाली और सुखाड़िया विश्विद्यालय के प्रोफेसर बालूदान बारहठ के निर्देशन में किया गया।

आरोहण यूथ फेस्ट डिबेट में हनी सिंह राठौड़ प्रथम

उदयपुर (पुकार)। मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम आरोहण यूथ फेस्ट डिबेट, 2024 प्रतियोगिता में बीएन कॉलेज की शिक्षा संकाय की छात्रा हनी सिंह राठौड़ ने प्रतियोगिता में भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिक्षा संकाय अधिष्ठाता डॉ शशि चित्तौडा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत, कुलपति प्रो बीपी शर्मा आदि ने मेडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विभिन्न कालेज से आए छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

संगठन चुनाव पर अटकी नज़रें!

उदयपुर (सुनील गोठवाल)। भाजपा संगठन चुनाव की प्रक्रिया चल रही है लेकिन ठंड के मौसम में भी दावेदारों के चेहरे पर पसीना साफ देखा जा सकता है। बूथ अध्यक्षों के चुनाव के बाद फिलहाल मंडल अध्यक्षों के तीन तीन उम्मीदवारों का पैनल लेकर चुनाव अधिकारी जयपुर जा चुके हैं। किसी मंडल में सिर्फ एक ही उम्मीदवार पर सभी दावेदारों ने सहमति भी जता दी लेकिन चुनाव अधिकारी 3 दावेदारों के पैनल पर अटके रहे।

मंडल अध्यक्षों और जिला प्रतिनिधि के चयन के बाद शहर जिलाध्यक्ष का चयन किया जाएगा। जानकारों के अनुसार शहर जिलाध्यक्ष का नाम भाईसाहब के दिमाग में फिक्स हो चुका है लेकिन प्रक्रिया तो प्रक्रिया है। उसी अनुसार काम होगा।

बताया जाता है कि चुनाव अधिकारी को शहर जिलाध्यक्ष ने अपने ही होटल में रुकवा दिया। शिकायती सूत्रों की मानें तो विधानसभा और लोकसभा चुनाव के दौरान आने वाले सभी राज्य और राष्ट्रीय नेताओं को सौभागपुरा सौ फीट रोड स्थित एक भाजपा नेता की होटल में ठहराया जाता रहा फिर इस समय संगठन चुनाव के दौरान ही चूणव अधिकारी को जिलाध्यक्ष ने अपनी होटल में क्यों रुकवा दिया। यह भी कहा जा रहा है कि चुनाव अधिकारी से मिलने आने वाले सभी संपर्कों पर जिलाध्यक्ष की नज़र रहे, संभवतः यही कारण रहा।

उधर जिलाध्यक्ष की दौड़ में एक पूर्व मंडल अध्यक्ष का नाम भी सामने आ रहा है वहीं एक रिश्तेदार का नाम भी चल रहा है। जानकारों की मानें तो 2028 के चुनाव की तैयारी में उक्त रिश्तेदार का बायोडेटा मजबूत करने के लिए भी उन्हें जिलाध्यक्ष बनाया जा सकता है।

पूर्व मंडल अध्यक्ष की भाईसाहब से बिगड़ी नही है और अनुभव के लिहाज से उन्हें मौका दिया जा सकता है वहीं जिलाध्यक्ष पद पर रिपीट भी किया जा सकता है। हालांकि रिपीटेशन के मामले में ये जरूर माना जा रहा है कि आयु को देखते हुए अब उन्हें विश्राम भी दिया जा सकता है।

25 लाख रुपए की एमडीएम जब्त, तीन तस्कर गिरफ्तार

उदयपुर (पुकार)। सुखेर थाना पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 25 लाख रुपए कीमत की एमडीएम जब्त की।

थानाधिकारी हिमांशु सिंह राजावत ने बताया कि गश्त के दौरान भैरवगढ़, 200 फीट रोड पर पहुंचे। जहां पर तीन युवा पुलिस टीम को देखकर भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर आदिल पुत्र मोहम्मद अशफाक छीपा निवासी नन्दाबाई की होटल के पास, देहली गेट, चितौडगढ़, समीर पुत्र महबूब छीपा निवासी पुरानी पुलिस चौकी के सामने आयड़ व अब्बू फैजान पुत्र रसीद मोहम्मद निवासी कालका माता रोड, गणेश नगर पायडा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आदिल के कब्जे से 39.92 ग्राम, समीर के कब्जे से 33.74 ग्राम तथा अब्बु फैजान के कब्जे से 30.05 ग्राम एमडीएमए जब्त की। अभियुक्तगण ने उक्त मादक पदार्थ एमडीएमए अंजुमन मुखर्जी चौक निवासी लक्की उर्फ छोटा फरहान से क्रय करना बताया।

देश की सतरंगी लोक संस्कृति एक मंच पर हुई साकार

लोक नृत्यों के अनूठे संगम ने जीवंत की लोक संस्कृति

उदयपुर (पुकार)। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र द्वारा हवाला-शिल्पग्राम में आयोजित मुक्ताकाशी मंच पर बुधवार को पांचवें दिन ओडिशा में भगवान जगन्नाथ को रिझाने के लिए किए जाने वाले नृत्य गोटीपुआ में नर्तकों ने भक्ति नृत्य में एक्रोबेटिक शैली से दर्शकों को कई बार आश्चर्यचकित किया, वहीं खूब वाहवाही भी लूटी। तो, मेवाड़ी गेर ने भी भरपूर मनोरंजन किया। भूंगड़ खान एंड पार्टी ने मांगणियार गायन में जहां शानदार प्रस्तुतियां से माहौल में सूफी रंग भर दिया, वहीं राजस्थानी गीत-संगीत को अपने खास अंदाज में पेश कर खूब दाद पाई। मणिपुर का पुंग ढोल चेलम में विशेष प्रकार के ढोल के साथ सुंदर नृत्य पेश कर दर्शकों को खूब रिझाया। इसके साथ ही पश्चिम बंगाल के बीरभूम, बर्धमान और मुर्शिदाबाद जिलों के फोक डांस राय बेंस में दर्शकों को एक्रोबेटिक, मार्शल आर्ट और फोक का अनूठा संगम देख बहुत रोमांचित हुए। पश्चिम बंगाल के ही नटुआ डांस में भी फोक और एक्रोबेटिक का खूबसूरत समन्वय दिखा। इनके आलावा भारतीय पारंपरिक खेल मलखंभ के करतबों ने दर्शकों की भरपूर तालियां लूटी।

इन लोक नृत्यों के साथ ही गुजराती आदिवासी डांस राठवा की रोमांचक शैली पर दर्शक झूमने लगे। साथ ही, हिमाचल प्रदेश के सिरमौरी नाटी ने दर्शकों का मन जीत लिया। वहीं, कश्मीर के लोक नृत्य रौफ में डांसर्स के सुंदर समन्वय और 'बुमरो बुमरो श्याम रंग बुमरो' के गीत-संगीत पर दर्शकों ने खूब लुत्फ उठाया। इनके साथ ही उत्तर प्रदेश के ढेडिया नृत्य ने माहौल को राममय बना दिया। राजस्थान के प्रसिद्ध भवाई नृत्य में डांसर्स के रोमांचक करतब देख लोक कला प्रेमी न केवल हतप्रभ ही हुए, बल्कि हर खूबसूरत करतब पर जमकर तालियां बजाकर दाद दी। पश्चिम बंगाल के पुरुलिया छाऊ लोक नृत्य ने भी कला प्रेमियों का दिल जीत लिया। लोक नृत्यों के साथ ही लोक कला के अन्य रूपों बहरूपिया और माइम (मुकाभिनय) ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया। इन प्रस्तुतियों के दौरान दर्शकों ने कई बार ठहाके भी लगाए। वहीं, आरंभ में नगाड़ा वादन पर सैकड़ों कला प्रेमी झूम उठे। वहीं, जुम्मे खान के भपंग वादन ने लोककला प्रेमियों का मन मोह लिया।

आज के मुख्य आकर्षण : पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि गुरुवार को कावड़ी कड़गम (तमिलनाडु), संबलपुरी (ओडिशा), बिहू (असम) जैसे लोक नृत्य दर्शकों का मन मोहेंगे, वहीं हरियाणा की घूमर डांस भी रिझाएगा। इनके साथ ही मणिपुर के थांगता एंड स्टिक में मार्शल आर्ट का रोमांचक प्रदर्शन होगा।

सम्पादकीय

भागवत की चिंताएं

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने अमरावती में दिए वक्तव्य में धर्म के नाम पर पैदा की जा रही गलतफहमियां दूर करने की बात कही। उन्होंने कहा कि राममंदिर बनना तो ठीक है लेकिन इस तरह के नये-नये मंदिर विवाद खड़ा करना देश की सामाजिक समरसता के लिये ठीक नहीं है। उन्होंने स्वीकारा कि विविधता हमारा वर्तमान तो है लेकिन ये हमारे अतीत का हिस्सा भी रहा है। देश में विभिन्न धर्म-संस्कृति के लोग आते रहे हैं। प्रारंभिक मतभेद और कटुता को दूर करके भारतीय संस्कृति का हिस्सा बनते रहे हैं। जिससे विविधता के बीच एकता के सूत्र विकसित होते रहे हैं। यही वजह है कि बाद में कानून के जरिये तय हुआ कि आजादी के वक्त पूजा स्थल का जैसा स्वरूप रहा, उसे यथास्थिति में बनाये रखा जाये। निश्चित रूप से ऐसे विवादों को हवा देने से सामाजिक समरसता पर आंच आएगी व देश का विकास बाधित होगा। इसके बाद जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य व कतिपय अन्य धर्मगुरुओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने बयान को भागवत की निजी राय बताया। निश्चित रूप से भागवत का बयान समय की आवाज है और बकौल भागवत धर्म की सतही समझ से सांप्रदायिक कट्टरता को बढ़ावा मिलता है। लेकिन यह बात विचारणीय है कि भागवत के बयान के विरोध में तो आवाजें उठी, लेकिन संघ प्रमुख के बयान के समर्थन में संघ के आनुषंगिक संगठनों व भाजपा नेताओं की तरफ से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं आई। जबकि प्रधानमंत्री व गृहमंत्री अमित शाह के ऐसे बयानों के समर्थन में पार्टी नेताओं में बयानबाजी की होड़ पैदा हो जाती है। समय की मांग है कि संघ प्रमुख के बयान में निहित संदेश को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि संघ की स्थापना के मूल में हिंदुत्व की विचारधारा रही है। यही इस संगठन का आधार भी रहा है। ऐसे में जब संगठन की तरफ से प्रगतिशील विचार सामने आता है तो उसे सुना जाना चाहिए। उसका स्वागत किया जाना चाहिए।

निस्संदेह, धर्म एक जटिल मुद्दा है और इसके वास्तविक स्वरूप को समझे जाने में चूक होने की आशंका बनी रहती है। जिसके चलते सांप्रदायिकता को बढ़ावा मिलने की आशंका बलवती होती है। वहीं सवाल उठता है कि क्या भागवत के बयान वाला दृष्टिकोण संगठन में उदारवादी व सख्त नीति के बीच विभाजित हो रहा है? यही वजह है कि संघ व भाजपा नेताओं की तरफ से इस बयान को सकारात्मक प्रतिसाद नहीं मिला है। इस बयान को बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद वहां कट्टरपंथियों के वर्चस्व के रूप में देखा जा सकता है। भागवत की चिंताओं को इस संदर्भ में देखा जाना चाहिए। पूरी दुनिया में इस्लामिक कट्टरता के चलते संप्रदाय को अतिवाद के पोषक के रूप में देखा जाता रहा है। जिसके चलते इसकी छवि धूमिल हुई है। ऐसे ही यदि बहुसांस्कृतिक देश में कट्टरवाद को प्रश्रय दिया जाता है तो वैश्विक संदर्भ में देश की छवि पर इसका प्रतिकूल असर पड़ेगा। धर्म विशेष के नाम पर दुनिया में आतंकवाद की जो मुहिम चली है, उससे धर्म को हिंसा के पर्याय के रूप में देखा जाने लगा है। जिसको लेकर धारणा बनी है कि इससे धर्म की गलत व्याख्या की जा रही है। निश्चित रूप से ऐसे ध्रुवीकरण के प्रयासों से देश में विकास का एजेंडा हाशिये पर चला जाएगा। इसे उत्तर प्रदेश के उदाहरण के तौर पर देखा जाना चाहिए जहां नित नये विवादों को तूल देने के कारण सांप्रदायिक तनाव में वृद्धि देखी गई। उदाहरण के तौर पर संभल में हुई घटना को देखा जा सकता है, जहां हिंसा में चार लोगों की जान चली गई थी। ऐसे कृत्यों से भारत के विश्वगुरु बनने के दावे तथा वसुधैव कुटुंबकम की सनातन परंपरा पर आंच आती है। जिसके लिए जरूरी है कि हमें अपनी बात को ऊंचा रखकर दूसरे विचार की अनदेखी की जिद से बचना होगा। हम अपनी आस्था का ख्याल तो रखें लेकिन साथ ही दूसरे पक्ष के विचार का भी सम्मान करें। ऐसे में देश के कर्णधारों को चाहिए कि वे सत्ता पर काबिज रहने के लिये धार्मिक कट्टरता को बढ़ावा देने की प्रवृत्ति से बचें।

संक्षिप्त खबरें...

गोल्डन वेली में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव

चित्तौड़गढ़ । गणेशपुरा के गोल्डन वेली पब्लिक स्कूल में मंगलवार 24 दिसम्बर को विद्यालय का वार्षिक उत्सव 2024 धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चितौड़गढ़ प्रधान देवेंद्र कुंवर, कपासन पूर्व विधायक बद्रीलाल जाट सिंहपुर सहित पूर्व यूआईटी चेयरमैन सुरेश झँवर, पार्षद भोलाराम प्रजापत, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेशउपाध्यक्ष आजाद पालीवाल, मदन शर्मा, कश्मोर प्रधानाचार्य दिनेश ग्वारिया, आरएसईबी जेईईएन सिद्दीक मोहम्मद, मोहन पालीवाल, हरीश वैष्णव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक भारत जोशी ने बताया कि विद्यालय की शुरुआत 2015 में अब्दुल सलीम और संचालक इरफान मंसूरी द्वारा 40 बच्चों से की गई और आज विद्यालय में 300 से अधिक बच्चें अध्ययनरत है। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा देश भक्ति, भारतीय संस्कृति से ओत प्रोत प्रस्तुतियां दी गई। अतिथियों और विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चों को उनकी वर्षभर की गतिविधियों के लिए पुरस्कृत किया गया। संचालन अजय गगरानी ने किया तथा अंत में आभार विद्यालय सचिव शबनम मंसूरी ने जताया।

श्रीनाथजी का 19वां पाटोत्सव उत्सव एवं भागवत कथा की तैयारी पूर्ण

चित्तौड़गढ़ । मधुबन स्थित श्रीनाथजी की हवेली में दिनांक 26 दिसम्बर से आयोजित होने वाली श्रीमद् भागवत कथा एवं श्रीनाथजी के 19वा पाटोत्सव की तैयारी पूर्ण कर ली गई आयोजन से जुड़े कनकलता पाराशर ने बताया कि श्रीनाथजी के पाटोत्सव की उपलक्ष्य में श्रीमद् भागवत कथा का वाचन होगा जिसमें भागवताचार्य पंडित जनार्दन मौड़ श्री धाम वृंदावन के द्वारा किया जाएगा जिसकी कलश यात्रा श्रीनाथ जी की हवेली से प्रातः 11 बजे डी.जे. एवं बैंड बाजा के साथ निकाली जाएगी जिसमें महिलाएं लाल चुनर में एवं पुरुष सफेद वस्त्रों में महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण किए रहेगी कलश यात्रा विभिन्न मार्गो से पुष्प वर्षा होते हुए श्रीनाथजी की हवेली हाथी कुंड मधुबन पर पहुंचकर कथा स्थल पर विराम होगी कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 1 बजे रहेगा भक्तो को ठंड से बचाव की व्यवस्था की गई है कथा विश्राम पर प्रतिदिन भागवत की महा आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा ।

तुलसी पूजन दिवस मनाया

चित्तौड़गढ़। योग वेदान्त सेवा समिति की ओर से बुधवार 25 दिसम्बर को शहर स्थित पद्मिनी पार्क में तुलसी पूजन दिवस मनाया गया। इस दौरान सभी महिला पुरुष श्रद्धालुओं द्वारा तुलसी माता की पूजा अर्चना कर आरती उतारी गई व प्रसाद व पुस्तकें वितरित की गई। इस दौरान वक्ताओं ने सभी से प्रतिवर्ष 25 दिसम्बर को तुलसी पूजन दिवस मनाने का आह्वान किया जिससे वर्तमान परिवेश में बच्चों में भारतीय संस्कार, सभ्यता व संस्कृति का ज्ञान होगा। इस अवसर पर भोलाराम प्रजापत, गोविन्द सोनी, तुलसीराम, संजय गर्ग, लाली देवी सोनी, सुधा, ऋतु जैन, तरूणा कुमावत, सुचिता पुंगलिया, आशा खोईवाल, राकेश जैन, धन्नालाल गुर्जर, रामप्रसाद धोबी, उमादेवी सोनी, बालुलाल सालवी, चन्द्रकान्ता भंडारी, सुनिल आगाल, गीताबाई, आदित्य सोनी, सीमा रजक, ओमप्रकाश खटोड़, सीमा दशोरा, सुरेश न्याती, विनोद सेन, रामप्रसाद तोषनीवाल, हेमंत कुमार जायसवाल, शिव वैष्णव, मांगीलाल, सचिन आमेटा, लालीबाई, मीना देवी, निकिता सोनी, गजानन्द छीपा, इशान माली, अनिला शिंदे, लक्ष्मीकान्ता व्यास सहित कई महिला पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

विराणी बने एमएसएमई के डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन, ढेलावत व आंचलिया बने वाइस चेयरमैन

निम्बाहेड़ा। राजस्थान में व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ाने के उद्देश्य से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग (एमएसएमई) के प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया के नेशनल चेयरमैन प्रदीप मिश्रा ने चित्तौड़गढ़ डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन पद पर निम्बाहेड़ा नगर के युवा उद्यमी अंकित विराणी को नियुक्त किया है। वहीं डिस्ट्रिक्ट वाइस चेयरमैन पद पर मुकेश ढेलावत एवं विनोद आंचलिया को नियुक्त किया है। चित्तौड़गढ़ के नव नियुक्त चेयरमैन विराणी, वाइस चेयरमैन ढेलावत एवं आंचलिया को स्टेट चेयरमैन सुमंत सिंह जगावत ने नियुक्ति पत्र सौंपकर बधाई देते हुए जिले में उद्योग गतिविधियों को बढ़ाने के लिए कार्य करने के दिशा निर्देश दिए। विराणी, ढेलावत एवं आंचलिया की नियुक्ति पर उनके मित्रों एवं क्षेत्र के उद्यमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संस्थान के कार्यकर्ताओं ने सेवा कार्यो का संकल्प लिया

जय एकलिंगनाथ
राष्ट्रीय सेवा संगठन उदयपुर (भारत)
प्रथम स्नेहमिलन समारोह
संगम

उदयपुर (पुकार) । जय एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संस्थान का पहला स्नेह मिलन और कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम बुधवार को यहां विज्ञान समिति भवन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सलूंबर, डूंगरपुर, बांसवाडा और राजसमंद से भी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और इस संगठन को जनभावना के अनुरुप बनाने का संकल्प लिया।

प्रारंभ में जय एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष आकाश बागडी ने अतिथियों का स्वागत किया और संगठन द्वारा गत एक महीने में किए गए सेवा कार्यो के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी निर्मल पंडित ने इस मौके पर कहा कि शिक्षा, चिकित्सा और पर्यावरण के क्षेत्र में काम करने का संकल्प लेकर चला यह संगठन निश्चित तौर पर उदयपुर में विकास का एक नया आयाम लेकर आएगा। उन्होंने कहा कि समाज में कई तरह के संगठन बनते हैं, लेकिन उनका उदेश्य सही नहीं होता है तो थोडे ही दिन में विलुप्त हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से जय एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संस्थान में संभाग भर से अच्छे कार्यकर्ता जुड रहे हैं उससे लग रहा है कि यह संगठन अच्छे मुद्दों के साथ जनसमस्याओं को दूर करने में भी अग्रणी रहेगा। विशिष्ठ अतिथ समाजसेवी विनोद पांडे ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में उनकी ओर से जो भी सहायता होगी वह निशुल्क प्रदान की जाएगी। केवल आर्थिक कारणों से किसी भी व्यक्ति को चिकित्सा से मरहूम नहीं होना पडे ऐसा प्रयास होना चाहिए। विशिष्ठ अतिथि श्रीमती मनी बेन पटेल ने कहा कि अच्छे कार्यों के लिए पूर्ण संकल्प की भी आवश्यकता होती है। संगठन के कार्यकर्ताओं ने केवल एक महीने में जो सेवा कार्य दिखाया है उससे लग रहा है कि उदयपुर ही नहीं वरन राजस्थान में संगठन का दायरा फैलेगा। कार्यक्रम में विशेष अतिथि भाजपा नेता और समाजसेवी जया मीणा ने कहा कि गरीब, जरुरतमंदों की सेवा के लिए आज सच्चे और अच्छे संगठनों की अवश्यकता है। ऐसे में एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संस्थान के सेवा कार्य देखकर मन प्रसन्न हो रहा है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि समाजसेवी राकेश पोरवाल, नशा मुक्ति पुनर्वास केंद्र न्यू विजन सेवा संस्थान के निदेशक हर्षित चौर्डिया और खटीक समाज राष्टीय संगठन के संस्थापक जय निमावत ने भी अपने विचार रखे और संगठन की कामयाबी की कामना की।

कार्यक्रम में उदयपुर, राजसमंद, सलूंबर, डूंगरपुर व बांसवाडा से आए कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का भी सम्मान किया गया और उन्हें सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में उदयपुर के मीडिया जगत से जुडे पत्रकारों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन एंकर माधुरी शर्मा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मोहन सुथार (जावद)- सचिव, प्रेम कुमार सुथार- कोषाध्यक्ष, अनिल सुथार- सलूंबर जिला अध्यक्ष, कैलाश कलाल- सलूंबर जिला उपाध्यक्ष, नाथूलाल धनगर-सलूंबर जिला उपाध्यक्ष, भगवती लाल सुथार (सेमाल) व खेमराज पटेल को संगठन मंत्री के पद पर नियुक्ति की घोषणा की गई।

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष को सुशासन के रूप में मनाया

निम्बाहेड़ा (पुकार) । देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न से सम्मानित स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर बुधवार को उनकी जयंती पर स्थानीय भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के नेतृत्व एवं पूर्व विधायक अशोक नवलखा व नगर मण्डल अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी की उपस्थिति में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्व. वाजपेयी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने कहा कि स्व. वाजपेयी लेखक, कवि, मृदुभाषी एवं प्रखर वक्ता के साथ कुशल नेतृत्व के धनी थे, हम सभी का कर्तव्य है कि हमें उनके द्वारा बताए गए सुशासन के संकल्पों को जीवन में आत्मसात करना होगा। पुष्पांजलि कार्यक्रम में पूर्व विधायक अशोक नवलखा, डॉ. जे.एम. जैन, नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, नगर महामंत्री देवकरण समदानी, कमलेश बनवार, कमलेश बुनकर, नगर मंत्री धर्मपाल जाट, भाजपा ओबीसी प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष गोपाल वैष्णव, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह राठौड़, नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, महामन्त्री आशीष टांक, पूर्व पार्षद जगदीश माली, गजेंद्र सिंह नेडिया, गोपाल कुमावत, नरेश आमेटा, आईटी संयोजक दीपक अग्रवाल, सेवानिवृत्त सैनिक विजय सिंह शक्तावत, संजय शर्मा, लोकेन्द्र आचार्य, सत्यप्रकाश मेनारिया, अशोक मालवीय, कमलेश शर्मा, मधुसूदन पालीवाल, रजनीश गोठवाल, आशीष सुखवाल, महेश चारण, जितेंद्र पुष्करणा, दीपक शारदा, भरत वैष्णव सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने स्व. वाजपेयी जी को पुष्पांजलि अर्पित की।

अटल जी की जन्म जयन्ती पर पुष्प अर्पित कर गायों को गुड़ व रचका खिलाया

चित्तौड़गढ़ (पुकार) । वार्ड नं. 19 के कार्यकर्ताओं ने 25 दिसम्बर बुधवार को स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100वीं जन्म जयन्ती पर उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित की एवं गोपाल गौशाला में गायों को गुड व रचका खिला कर जन्म दिवस मनाया। पूर्व प्रधानमंत्री श्री वाजपेयी की उपलब्धियों पर चर्चा की गयी, चर्चा के अन्तर्गत बताया कि वाजपेयी जी एक महान नेता, कवि एवं पत्रकार थे। भारत के प्रधानमंत्री के रूप मे देश की सेवा की। अटल जी की कविताओं मे देशभक्ति, सामाजिक न्याय एवं मानवता की भावना झलकती है। अटलबिहारी वाजपेयी ने भारत के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। भारत देश में आज नेशनल हाईवे-राष्टीय राजमार्ग उन्हीं की देन है। और भी अन्य कई योगदान दिये। देश के ऐसे महान नेता से हमें प्रेरणा मिलती रहेगी। इस अवसर पर टीम चन्द्रभानसिंह आक्या के कार्यकर्ता बहादुर बैरवा, आकाश वर्मा, रमेशराम चन्दानी, ओमप्रकाश सेन, हीरालाल रेगर, भगवानलाल सेन, गोपाल भांबी, गोपाल सेन, शंकर गुर्जर, सत्तु बैरवा, जगदीश बैरवा, देवीलाल गुर्जर, महेन्द्र सिंह राठौड, शिवांश बैरवा, मोहन बैरवा, आशीष मीणा, निर्मल कुमार, सुरेश रेगर, मांगीलाल लौहार आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने किया 10 हजार नवगठित बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी एवं मत्स्य सहकारी समितियों का शुभारंभ

चित्तौड़गढ़ (पुकार) । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहकार से समृद्धि विजन को साकार करने के लिए केन्द्रीय सहकारिता एवं गृहमंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में 25 दिसंबर 2024 को नई दिल्ली में ''सहकार से समृद्धि'' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 10 हजार नवगठित पैक्स, डेयरी एवं मत्स्य सहकारी समितियों का शुभारंभ किया। जिले में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण इन्दिरा प्रिर्यदर्शनी ऑडिटोरियम चित्तौडगढ में किया गया जिसमें जनप्रतिनिधियों एवं सहकारिता से जुडे लोगों की सहभागिता रही। उक्त कार्यक्रम में सहकार से समृद्धि के तहत ग्राम सेवा सहकारी समितियों को केन्द्र सरकार द्वारा प्रांरभ की गई विभिन्न योजनाओं से जुडकर सहकारिता को अधिक मजबूत एवं समृद्ध बनाने हेतु चर्चा की गई। उक्त आयोजन में गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में एमपैक्स पंजीयन प्रमाण पत्र, गोपाल क्रेडिट कार्ड, माईक्रो एटीएम कार्ड, रूपे किसान कार्ड, वितरीत किये गये। उक्त जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला प्रमुख भूपेन्द्र सिंह बडोली, भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष बद्रीलाल जाट, सीकेएसबी चैयरमैन लक्ष्मण सिंह खोर, अरबन को-ऑपरेटिव बैंक चैयरमैन आईएम सेठिया, सीकेएसबी डायरेक्टर पृथ्वीपाल सिंह मान्यास, देवीलाल जणवा, उप रजिस्ट्रार जयदेव देवल, भूमि विकास बैंक सचिव सुनील कुमार व्यास एवं सीकेएसबी प्रबंध निदेशक अनिमेष पुरोहित विभिन्न सहकारी समितियों के अध्यक्ष, संचालक मण्डल सदस्य सहित सहकार बंधुओं की उपस्थिति रही। उक्त कार्यक्रम का संचालन पूर्णिमा मेहता ने किया।

भीलवाड़ा एवं शाहपुरा जिलों को दो दिन नही मिलेगा चंबल का पानी

भीलवाड़ा/शाहपुरा । चम्बल भीलवाड़ा पेयजल परियोजना के अन्तर्गत भीलवाड़ा एवं शाहपुरा जिलों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाती है। अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा.अभि. विभाग परियोजना खण्ड़-प्रथम भीलवाड़ा अवजीत सिंह ने बताया कि चम्बल भीलवाडा पेयजल परियोजना के अन्तर्गत फेज 1, पेकैज ब्ब एवं ब्बब के तहत रॉ एवं क्लियर वॉटर पम्पिग एवं ट्रांसमिशन सिस्टम तथा आरोली डब्ल्यूटीपी के वार्षिक संधारण एवं जनरल रिपेयर कार्य हेतु दिनांक 26.12.2024 प्रातः 7:00 बजे से 36 घंटे का शटडाउन रहेगा। जिसके कारण भीलवाडा शहर सहित समस्त भीलवाडा एवं शाहपुरा जिले में दिनांक 26.12.2024 सांय से 28.12.2024 प्रातः तक चंबल से होने वाली पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने भीलवाड़ा शहर सहित भीलवाड़ा एवं शाहपुरा जिला वासियों से अनुरोध किया है कि शटडाउन पूर्व पेयजल का समुचित भंडारण सुनिश्चित कर लेवे तथा पेयजल मितव्ययता से खर्च करें।

युवा पीढ़ी को अपना स्टार्टअप अपना कर स्वावलंबी बनने का सुअवसर है कौशल विकास- कृपलानी

कौशल विकास किट वितरण

कौशल विकास किट वितरण

निम्बाहेड़ा (पुकार) । निकटवर्ती गांव जावदा में स्थित पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कौशल विकास योजना के तहत हेल्थ एंड केयर व्यावसायिक शिक्षा में पढ़ने वाले छात्रों को कौशल विकास किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी रहे, वहीं अध्यक्षता निम्बाहेड़ा पंचायत समिति के प्रधान बगदीराम धाकड़ ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में चित्तौड़गढ़ केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह खोर, कालूराम धाकड़, फतेह लाल मेनारिया, रंगलाल मेनारिया, शांतिलाल मेनारिया, रत्नेश छाजेड़, मुन्नालाल धाकड़, श्यामलाल जाट, मुकेश धाकड़ आदि मंचासीन रहे।

ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी एवं विद्यालय के संस्था प्रधान अरविंद कुमार मूंदड़ा ने बताया कि सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना के पश्चात अतिथियों का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर 58 विद्यार्थियों को अतिथियों के द्वारा कौशल विकास किट वितरित किए गए, जिसमें 18 प्रकार के चिकित्सकीय उपकरण हैं तथा सूचना प्रौद्योगिकी शिक्षा के 100 छात्रों को स्कूल बैग वितरित किए गए।

मुख्य अतिथि एवं विधायक कृपलानी ने अपने उद्बोधन में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के विकास में सतत कार्य किए जाने की बात कही, जो राष्ट की पहचान बनाने में मिल के पत्थर साबित हो रहे हैं। युवाओं के लिए नित नवीन योजनाएं आसान लोन प्रक्रिया, स्टार्टअप हेतु प्रोत्साहन योजनाएं प्रारंभ की गई है। कृपलानी ने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में भी विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। छात्रों को विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास हेतु प्रशिक्षित किया जाना जिससे वे अपने भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर सकें, उल्लेखनीय है। इस अवसर पर विद्यार्थियों से भी मुख्य अतिथि कृपलानी ने कई प्रश्न पूछे। विधायक कृपलानी द्वारा प्रथम वर्ष में ही कन्या महाविद्यालय स्वीकृत कर शुरू करने पर कक्षा 12 की छात्राओं व महिला कार्मिकों द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान डीएमएफटी मद से 44 लाख रुपए से निर्मित होने वाले जावदा विद्यालय में दो कक्षा एवं धीनवा विद्यालय के दो कक्षा कक्षों का शिलान्यास भी किया गया। इस अवसर पर कई ग्रामवासी कृष्णकांत शर्मा, विष्णु धाकड़, ललित मेनारिया, पूरन धाकड़, राजमल धाकड़, जगदीश जोशी, ओंकार लाल, कमलेश, विनोद, पुष्कर, रवि, विष्णु मेनारिया आदि उपस्थित थे। इसके साथ ही विद्यालय परिवार के सदस्य बंसीलाल सुथार, कीर्तिका आमेटा, रतनलाल सरगरा, रमेशचंद्र शर्मा, मुकेश कुमार जोशी, अनिता कुमावत, पूर्णिमा भटनागर, निर्मला धाकड़, मनोज शर्मा, दीपिका धाबाई, प्रकाश चंद्र जांगिड़, सुनीता मीणा, किशन शर्मा ,निर्मल जोशी, राजेंद्र आमेटा, मयंक चौधरी, अशोक कुमावत, परख कुशवाहा, मत्तू देवी, राकेश कुमार, कपिल चंदेल, अखिलेश सोलंकी, विकास कुमार, कुलदीप तोतला, लीला शर्मा, हेमराज मेनारिया, कैलाश जाखड़, कुशल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सूर्यकांत चौधरी ने किया।

कानोड़ भाजपा मंडल ने सुशासन दिवस के रूप में मनाई अटल जी की 100 वीं जन्म जयंती

भारतीय जनता पार्टी

कानोड़। भारतीय जनता पार्टी मंडल कानोड़ के तत्वावधान में स्थानीय बस स्टैंड स्थित मंडल अध्यक्ष के निवास पर बुधवार सांयकाल को अटल बिहारी वाजपेई की 100वीं जन्म जयंती पर विचार गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनूप श्रीमाली ने की,मुख्य वक्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष गिरधारी लाल सोनी रहे।मुख्य वक्ता सोनी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के जन्म परिचय से लगाकर उनके अंतिम समय तक के पार्टी,देश,समाज के कार्यो पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं को अटल जी के जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री दिनेश जोशी,ढ्ढ' सेल जिला सह संयोजक शुभम अलावत,मंडल उपाध्यक्ष रणजीत सिंह सारंगदेवोत सहित कई वक्ताओं ने अटल जी के जीवन संस्मरण को सुनाया।

इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष पवन व्यास,ओबीसी मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष जुगल किशोर टेलर,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष ओम प्रकाश सुथार,युवा मोर्चा अध्यक्ष धर्मेन्द्र जारोली,अनुसूचित मोर्चा के प्रभु लाल खटीक,मंडल मंत्री रमेश भोजावत,अंबालाल लक्ष्कार,हिम्मत सिंह झाला,राजकुमार सुथार,हिम्मत लक्षकार,लोकेश श्रीमाली,राजेश त्रिवेदी,लोकेश सुथार, ओम प्रकाश श्रीमाली,प्रदीप चौबीसा,भेरू लाल तंबोली,जगदीश टेलर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शुभम अलावत ने किया,कार्यक्रम के पश्चात् सभी कार्यकर्ताओं ने क्रमबद्ध तरीके से अटल जी को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं मंडल अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार ज्ञापित किया।

गाडरी समाज की खेलकूद प्रतियोगिता आज से

कानोड़। अखिल भारतीय धनगर गाडरी गायरी समाज की 10वी संभाग स्तरीय चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता गुरुवार से धरियावद में आयोजित होने जा रही है। शारीरिक शिक्षक भगवती लाल गाडरी ने बताया की प्रतियोगिता में प्रमुख खेल क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबॉल, रस्साकसी और रनिंग (दौड़) आयोजित होंगे।

क्रिकेट में 28 , कबड्डी 21, वॉलीबॉल 12 टीमें हिस्सा लेगी। क्रिकेट के मैच 26 दिसंबर से खेले जाएंगे वही कबड्डी, वॉलीबॉल के मैच 28 दिसम्बर से आयोज्य होंगे। रस्साकसी और रनिंग दौड़ प्रतियोगिता के अंतिम दिन 29 दिसंबर को होंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह प्रातः 11 बजे होगा। जिसमें समाज के पदाधिकारी सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि अतिथि होंगे।

संक्षिप्त समाचार

हरिवंश कीर समाज की खेल प्रतियोगिता के लिए निमंत्रण

राजसमंद (पुकार)। हरिवंश कीर समाज की ओर से आयोजित संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए राजसमंद जिले में निमंत्रण देने के लिए आए जिलाध्यक्ष धर्मराज कीर तथा शिक्षाविद भंवरलाल कीर के नेतृत्व में जिले के मोही गांव पहुंचकर समाज के लोगों को प्रतियोगिता में उपस्थित रहने के लिए निमंत्रण दिया। इस दौरान दौलतराम कीर, किशनलाल कीर, कैलाशचंद्र कीर, बाबूलाल कीर, गणपतलाल कीर, प्रेमलाल सहित समाज के लोग मौजूद थे। इस अवसर आयोजनकर्ताओं को ईकलाई पहना कर स्वागत किया।

जिला हैंडबॉल संघ की वार्षिक बैठक एवं चुनाव सम्पन्न

राजसमंद (पुकार)। जिला हैंडबॉल संघ राजसमंद की वार्षिक बैठक बुधवार को आयोजित हुई। जिसमें आगामी योजनाओं पर चर्चा की एवं चुनाव के द्वारा नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। चुनाव अधिकारी महेंद्रसिंह झाला, राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ पर्यवेक्षक विश्वजीत सिंह, जिला खेल कार्यालय पर्यवेक्षक चांद खान पठान, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नरेंद्रसिंह चुंडावत, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ आमेट के जिला प्रचारक सौरभ के सानिध्य में सम्पन्न चुनाव में निर्विरोध अध्यक्ष बलवीरसिंह चुंडावत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीपसिंह चुंडावत, सचिव हरिओम सिंह चुंडावत, उपाध्यक्ष भगवत गुर्जर एवं चंद्रभानसिंह सोलंकी, सह सचिव कार्तिकेय बटवाल, दशरथ सिंह, सदस्य अजयसिंह, ईश्वरसिंह, महावीरसिंह, राजेंद्रसिंह, जसवंतसिंह, जसपालसिंह, सत्यप्रकाश सिंह, संजय कनेरिया निर्वाचित हुए। वार्षिक अधिवेशन में 31 दिसंबर को राजकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नरेंद्रसिंह चुंडावत का सम्मान किया गया। इस दौरान इशुपाल सिंह, गजेन्द्र वर्मा, किशनसिंह, महिपाल सिंह आदि उपस्थित थे। यह जानकारी संघ सचिव हरिओम सिंह चुंडावत ने दी।

सम्बोधि उपवन में जन्म जयन्ति दिवस मनाया

राजसमंद (पुकार)। सम्बोधि उपवन में ट्रस्ट धानिन में 23वें तीर्थंकर भगवान श्री पार्श्वनाथ के जन्म जयन्ती दिवस व सम्बोधि उपवन के आध्यात्मिक ध्यान गुरु संत शुभकरण का जन्म दिवस मनाया गया। कमलेश तलेसरा ने सामुहिक मंत्र जाप करवाया। कानजी ने प्रार्थना, भक्ति दोहा एवं सामुहिक ध्यान करवाया। इस अवसर शिक्षाविद् चतुर कोठारी ने संत शुभकरण पर रचित सम्बोधि के प्राण संत शुभम् तुम गये कहाँ हो कविता का वाचन किया गया। इस दौरान विनोद जोशी, घनश्याम तलेसरा, भीखमचंद खाब्या, अशोक गांधी, घनश्याम कुमावत, भरत कुमावत, संतोष सहित अन्य भक्तजन उपस्थित थे।

बार एसोसिएशन डूंगरपुर की कार्यकारिणी का विस्तार

डूंगरपुर (पुकार)। बार एसोसिएशन डूंगरपुर द्वारा अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए अधिवक्ता नारायणलाल मोडीया को संयोजक और एडवोकेट वेलफेयर सचिव नियुक्त किया ।

इसी क्रम में बार एसोसिएशन डूंगरपुर के अध्यक्ष सिद्धार्थ मेहता ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए अधिवक्ता लक्ष्मीलाल जैन, सुंदरलाल परमार, गोपालसिंह राठौड़, दिनेशचंद्र चौबीसा, सुरेश गांधी,अल्लाहनूर मंसूरी, देवेंद्र कटारा को संरक्षक पद पर नियुक्त किया इसके साथ बार एसोसिएशन डूंगरपुर के सलाहकार पद पर अब्दुल सलाम गोरी, डॉ शंकर यादव,ललित शुक्ला, अयूब मंसूरी, भारत भूषण पंड्या, लालसिंह चुंडावत, मोहनलाल पंड्या को नियुक्त किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार राजस्थान की खुशहाली के लिए कृतसंकल्पित : सांसद अग्रवाल

राजसमंद (पुकार)। राजस्थान की भजनलाल शर्मा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर जिला मुख्यालय के भाजपा जिला कार्यालय पर पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए सांसद दामोदर अग्रवाल ने भजनलाल शर्मा सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों को प्रमुखता से बताई। लोकसभा सांसद दामोदर अग्रवाल नें कहा कि राजस्थान की जनता ने जिस विश्वास से 2023 में भाजपा को बहूमत देकर राज्य में भाजपा सरकार बनानें का अवसर दिया था, भाजपा की भजनलाल शर्मा सरकार उसे पूरे परिश्रम के साथ पहले ही दिन से पूरा करनें में जुटी हुई है। इस सरकार के द्वारा पहले वर्ष में ही ऐतिहासिक एवं गौरवमयी उपलब्धियों एवं संकल्पों के साथ डबल इंजन की सरकार होंना साकार किया है। अग्रवाल नें कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार ने राजस्थान के महत्वाकांक्षी विकास एवं उज्जवल भविष्य के लिये 350 बिलियन डॉलर की अर्थ व्यवस्था बनानें का लक्ष्य रख कर कार्य प्रारम्भ किया है। अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा नें आते ही आयुष्मान आरोग्य योजना प्रारम्भ की। किसान सम्मान निधि की तरह ही मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि प्रारम्भ कर 2000 रूपये खाते में डाले जायेंगे। गेहूं की समर्थन मूल्य खरीद पर प्रति क्विंटल 125 अतिरिक्त दिया गया। प्रधानमंत्री उज्जवल्ला योजना एवं बीपीएल श्रेणी के परिवारों को 450 रूपये में घरेलू रसोई गैस सिलेण्डर दिया जाएगा। इसी के साथ राजस्थान सरकार नें चुनाव घोषणा पत्र की 50 प्रतिशत घोषणायें पूरी कर चुकी है। इस तरह से भजनलाल शर्मा सरकार ने पहले वर्ष में ही ऐतिहासिक कार्य एवं निर्णय कर जनता की अपेक्षाओं पर खरी उतरनें का काम किया है। इस दौरान सांसद दामोदर अग्रवाल ने सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह बारहठ, पूर्व विधायक बंशीलाल खटीक, जिला महामंत्री गोपालकृष्ण पालीवाल, पूर्व प्रधान भानु पालीवाल, जिला मीडिया प्रभारी अरविंदसिंह भाटी, जिला सह मीडिया प्रभारी नर्बदा शंकर पालीवाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह के उद्बोधन से कांग्रेस का बाबा साहेब अंबेडकर विरोधी चेहरा बेनकाब हो गया है। इससे वह बुरी तरह तिलमिलाई हुई है।

भागवत एक चार्जर है, जो समय-समय पर आपको ज्ञान से करती है चार्ज : शास्त्री

● महावीर नगर में भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह

राजसमंद (पुकार)। जिस तरह मोबाइल में बैटरी डाउन होने पर बार-बार उसे चार्ज करना पड़ता है, ठीक उसी तरह भागवत भी ज्ञान रूपी एक चार्जर है, जो व्यक्ति को समय-समय पर ज्ञान की वृद्धि के माध्यम से चार्ज करती है। यह विचार पंडित रामपाल शर्मा शास्त्री ने शहर के महावीर नगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम अध्याय में प्रवेश के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि कहा जाता है कि व्यक्ति संसार से ना तो कुछ लेकर जाता है और ना कुछ लेकर आता है। लेकिन, यह बात सही नहीं है क्योंकि व्यक्ति जब संसार से जाता है तो अपने साथ कर्मों के संस्कार लेकर जाता है और वापस जन्म लेता है तो प्रारब्ध में अपने इन्हीं संस्कार रूपी कर्मों को लेकर आता है। उन्होंने कहा कि इन्हीं संस्कार रुपी कर्मो के आधार पर यह तय होता है कि जीव कहां और किस रूप में जन्म लेगा। उन्होंने कहा की भागवत की यात्रा पनघट से मरघट से पहले तक की है और यही व्यक्ति को जीते जी मुक्ति भी दिलाती है। उन्होंने इस दौरान शरीर के साथ चक्र का वर्णन भी किया और सूक्ष्म शरीर के बारे में विस्तार से व्याख्या करते हुए बताया कि यह क्या है। शास्त्री ने कथा में कहा कि भक्त कौन है उन्होंने कहा कि केवल दिखावा करने और पूजा करने वाला ही वक्त नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि आप अभी भागवत में बैठे हैं, लेकिन आपका मन अभी भागवत में नहीं होकर कहीं और विचरण कर रहा है, तो आप भागवत का आनंद नहीं ले सकते आप वक्त नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि वक्त वही होता है जो प्रभु का नाम लेते लेते गदगद हो जाए। अगर प्रभु का स्मरण करते हुए व्यक्ति हंसने लगे और हंसते-हंसते रोने लग जाए और कभी भी प्रभु के स्मरण के दौरान नृत्य करने लगे तो वही भगवान का सच्चा भक्त हो सकता है। भजनों पर झूमना मृत्यु करना, यही प्रभु की भक्ति है इसमें शर्म करने वाला भगवान का भक्त नहीं हो सकता। आप अगर डर से लोभ, लालच से भगवान की भक्ति कर रहे हैं तो उसका फल आपको कभी प्राप्त नहीं हो सकता क्योंकि वह सच्ची भक्ति नहीं है। लोग कहते हैं ना कि प्रभु आप मेरे बेटे की शादी करवा दो तो मैं सवामणि करूंगी या इसी तरह अन्य कई प्रॉब्लम भगवान के सामने देते हैं। इसी तरह कुछ समस्या आ जाए कोई संकट आ जाए तो उसे समय डर कर भगवान की भक्ति करते हैं तो उसका फल आपको कभी प्राप्त नहीं हो सकता। भगवान की भक्ति करनी है तो सामान्य रूप में करनी चाहिए बिना किसी लोभ लालच या डर के तभी प्रभु आप पर प्रसन्न हो सकते हैं। इससे पूर्व प्रारंभ में कथा अनुष्ठानकर्ता जगदीश अग्रवाल एवं परिवार ने व्यासपीठ का पूजन किया।

सजाई आकर्षक झांकी

कथा के दौरान नारद ऋषि के साथ ही ऋषि मुनियों की आकर्षक झांकी के माध्यम से कथा प्रसंग को समझाया गया। किसके साथ ही प्रसंग के अनुसार क्या लेकर आया तू बंदे क्या लेकर जाएगा..., कोई पियो रे प्याला राम रस का रे... सहित कई भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

अखिल राजस्थान जयकार समाज विकास संस्था के चुनाव सम्पन्न

परसराम पोरवाड़ एक बार फिर युवा प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त

राजसमंद (पुकार)। अखिल राजस्थान जयकार समाज विकास संस्था के चुनाव सभा अध्यक्ष भेरूलाल खरेवला की अध्यक्षता में संम्पन्न हुए। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्षा दीप प्रज्जवलित कर की गई। उदयपुर जिलाध्यक्ष प्यारेलाल पदव ने अतिथियों का स्वागत किया गया। जिसके बाद चुनाव प्रकिया शुरू की गई। जिसमें समाजजनों की सर्व सहमति से डॉ दुर्गालाल बारेठ को प्रदेश अध्यक्ष, महासचिव राजेंद्र कुमार बराला, कोषाध्यक्ष दुर्गालाल चौधरी को बनाया गया। साथ ही एक बार फिर युवा प्रदेशाध्यक्ष के पद पर निर्विरोध परसराम पोरवाड़ को नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में समाजजनों की सर्व सहमति से वर्ष 2024 का प्रतिभा सम्मान समारोह चित्तौड़गढ़ जिले की आवरी माता धार्मिक स्थल पर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष भैरूलाल चारण, राजेश मछवाल, रामनिवास गेगावत, हरिप्रसाद गरसोड़ा, सुगनचंद सिओल, बाबूलाल गोरेर, राजूलाल झूटक, बद्रीलाल सगदार, बंशीलाल रेवल, प्रहलाद खरेलवा, शंकरलाल चौधरी, भेरूलाल लखावत, भेरूलाल रेवल, जगदीश प्रसाद डोगा, यशवंत कुमार चारण, कैलाश कुमार बागड़वा, परसराम गोगया, शोभालाल बराला, सत्यनारायण चारण, देवीलाल बिहारीका, मंगलाराम सांखला, मोतीराम डांगावास, गणपत लाल गौड़, मुकेश कुमार हाथीका, मुकेश चारण, रजनीश भाण्ड, भुपेन्द्र जुटक सहित समाजजन मौजूद थे।

अटल हमेशा अटल रहे : अग्रवाल

राजसमंद (पुकार)। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जन्म जयंती एवं सुशासन दिवस पर भाजपा जिला कार्यालय पर अटलजी के आदर्श और योगदान को याद करते हुए विचार गोष्ठी का आयोजन प्रदेश महामंत्री दामोदर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह बाहरठ की अध्यक्षता में की गई। जिला मीडिया संयोजक नर्बदा शंकर पालीवाल ने बताया कि प्रदेश महामंत्री अग्रवाल ने कहा कि अटलजी हमेशा अटल रहे। चाहे परिस्थितियां पक्ष की रही हो या विपक्ष की, हम सब को उनके बताए पद चिन्हों पर चलते हुए राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाना है। जिलाध्यक्ष मानसिंह बाहरठ व प्रमोद गोड ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संचालन जिला महामंत्री गोपाल कृष्ण पालीवाल ने किया। इस दौरान पूर्व विधायक बंशीलाल खटीक, अनिल खटीक सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

पार्श्वनाथ जन्म कल्याणक के अवसर पर उव्वसगहरम स्त्रोत्र पाठ का अनुष्ठान सम्पन्न

तीर्थंकर पार्श्वनाथ भगवान हैं सर्व सिद्धि प्रदाता

राजसमंद(पुकार)। जिला मुख्यालय स्थित महावीर भवन कांकरोली में पार्श्वनाथ जन्म कल्याणक के अवसर पर उव्वसगहरम स्त्रोत्र पाठ का अनुष्ठान श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी संस्थान कांकरोली ओर श्री वर्धमान जैन स्थानक वासी श्रमण संघ कांकरोली के संयुक्त तत्वावधान में तेरापंथ धर्मसंघ के मुनि संजय कुमार, प्रसन्न कुमार, प्रकाश कुमार, धैर्य कुमार, अम्बेश सौभाग्य, कोमल मुनि म.सा, नव दीक्षित हर्षित मुनि म.सा आदि ठाणा-2 के सान्निध्य में आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुनि कोमल कुमार ने कहा कि अपनों से अपनापन रख जीवन संवर जाएगा और जिंदगी छोटी सी है। उसमें हम मिलजुल कर रहे हे तो यह पारस जयंती को संयुक्त मनाने का मानस भी सफल हो पाएगा। मुनि प्रकाश कुमार ने विभिन्न मंत्रो का जप करवाया और जीवन में इन मंत्रो के द्वारा अनेक-अनेक सीढ़ियां को प्राप्त किया जा सकता है। मुनि हर्षित कुमार ने तुमसे लागी लगन पारस प्यारा गीतिका का संगान किया। मुनि धैर्य कुमार ने कहा कि आज महावीर भवन में संयुक्त रूप से पार्श्वनाथ जयंती के अवसर पर हम सब इकट्ठे आए हैं। यह अपने आप में भगवान पार्श्वनाथ के प्रति सच्ची श्रद्धा और आस्था है। मुनि प्रसन्न कुमार ने अनेक-अनेक सिद्धियों का वर्णन करते हुए कहा कि आचार्य तुलसी आचार्य महाप्रज्ञ और आचार्य महाश्रमण जैसे आचार्यों ने उदार मन से हमेशा ही गुरुदेव सौभाग्य मुनि, अंबालाल, मदन मुनि, शिव मुनि से मधुर भेंट करके समाज को एकता का संदेश दिया है। साथ ही जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर पारसनाथ की जन्म जयंती होने से संपूर्ण जैन समाज के आराध्य का जन्म कल्याणक साधना का रहस्य विषय पर कहा कि ढाई सौ वर्ष पूर्व वाराणसी यूपी में पार्श्वनाथ प्रभु का जन्म हुआ। पारसनाथ भगवान की साधना का बड़ा प्रभाव था, जैन अजैनो पर चमत्कारी प्रभाव था। तुलसीकृत रामायण के लेखक गोस्वामी तुलसीदास जी ने अपनी लोकप्रिय कृति रामायण का लेखन पार्श्व प्रभु का स्मरण करके शुभारंभ किया।

सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ और विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने किया विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण

- जिले के सर्वांगीण विकास को लेकर हम प्रतिबद्ध : सांसद मेवाड़
- विकास कार्यों को समय पर पूर्ण करना हमारी प्राथमिकता : विधायक मेवाड़

vedanta
Nand Ghar Inauguration Ceremony
Chief Gu

राजसमंद(पुकार)। राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ और नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने बुधवार को विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण कर आमजन को सौगात दी। उन्होंने रेलमगरा क्षेत्र के मदारा में हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की ओर से नवनिर्मित नंदघर का लोकार्पण किया। इस मौके पर हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के सीईओ अरुण मिश्रा और यूनिट हेड बलवंत सिंह राठौड़ आदि मौजूद रहे। लोकार्पण के बाद सांसद और विधायक ने नन्दघर में नन्हें बच्चों से संवाद किया। इसके बाद उन्होंने राउमावि के सामने खुला बरामदा निर्माण कार्य, रामदेव जी मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण, चावंडा माता मंदिर के पास महिला स्नानघर, बागवाले बालाजी के पास चारदीवारी निर्माण कार्य, राड़ाजी बालाजी के पास चारदीवारी निर्माण कार्य, गौशाला के पास मवेशी नांद निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। विकास कार्यों के लोकार्पण के बाद आमजन को संबोधित करते हुए सांसद और विधायक ने क्षेत्र के विकास को लेकर अपनी प्रतिबद्धता प्रकट करते हुए कहा कि क्षेत्र में शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल, विद्युत सहित हर क्षेत्र में विकास कार्य होंगे। आमजन की अपेक्षा अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस दौरान एसडीएम बृजेश गुप्ता, जिला प्रमुख रतनीदेवी चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह बारहठ, सरपंच आशा जाट, मंडल अध्यक्ष चतरसिंह राजावत, पूर्व मंडल अध्यक्ष जीवनलाल सोनी, बोथमल जाट, ओबीसी मंडल अध्यक्ष सीताराम कुमावत, गिरिराज स्वर्णकार, भरत जाट सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

बच्चों से संवाद करना सदैव देता है सुखद अनुभूति : सांसद

सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने कहा कि वे अध्यापन के क्षेत्र में रही हैं और बच्चों से मिलकर सदैव अच्छी अनुभूति होती है, नन्दघर में बच्चों से संवाद कर उन्हें सुखद अनुभूति हुई है। उन्होंने कहा की नन्दघर बनाने का उद्देश्य बहुत अच्छा है, भारत तब ही आगे बढ़ेगा जब हमारी जड़ यानि बच्चों का विकास सही से होगा, इसके लिए नन्दघर का निर्माण अच्छा कार्य है, यह बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में योगदान देगा। देश में महिलाओं और बच्चों के पोषण पर ध्यान देना जरूरी है।

सरकार, संस्थाएं और आमजन के समन्वय से आते हैं बेहतर नतीजे : विधायक

विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने कहा कि हिंदुस्तान जिंक द्वारा नंदघर निर्माण का कार्य सराहनीय कदम है। सरकार, संस्थाएं और आमजन मिलकर कार्य करें तो रोजगार, महिला, पर्यावरण हर क्षेत्र में प्रगति आ सकती है। वें अपेक्षा करते हैं की विकास कार्य आमजन और सरकार के मध्य महत्वपूर्ण कड़ी बनेंगे।

अवैध बजरी से भरे दो ट्रेक्टर मय ट्रोली जब्त

राजसमंद(पुकार)। कांकरोली थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते अवैध बजरी से भरे दो ट्रेक्टर ट्रोली को जब्त किया। अवैध खनन की रोकथाम के लिये चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एसपी मनीष त्रिपाठी द्वारा एएसपी महेन्द्र कुमार पारीक एवं डीएसपी विवेकसिंह राव के निर्देशन में कांकरोली थानाधिकारी हनवन्तसिंह सोढ़ा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने गश्त के दौरान मोही फाटक पर एक अवैध बजरी से भरी बिना न. ट्रेक्टर मय ट्रोली को रूकवाया। चालक का नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम गोविन्द (22) पिता राजूलाल गमेती निवासी गुडली छात्रावास के पास कमला नेहरु के पीछे रहना बताया। ट्रेक्टर के कागजात व बजरी परिवहन संबंधित पूछा तो कोई कागजात नही होना बताया तथा ट्रेक्टर मालिक का नाम राजूलाल तेली पिता मांगीलाल तेली निवासी मोही होना बताया। इसी प्रकार एक ओर अवैध बजरी भरी हुई ट्रेक्टर मय ट्रोली को रूकवाकर पूछताछ करने पर चालक ने अपना नाम राजु (22) पिता रतन भील निवासी बागपुरा होना बताया। चालक से अवैध बजरी के परिवहन के बारे में वैध कागजात व बिना न. ट्रेक्टर के कागजात के बारे मे पुछा तो कोई वैध कागजात नही होना बताया। जिस पर कार्रवाई करते हुए दोनों अवैध बजरी से भरे ट्रेक्टर ट्रॉली को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा करवाकर जिला खनिज विभाग को कार्यवाही के लिए सुचना दी।

SWARAJ 735 FE

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर विधायक दीप्ति ने अर्पित की श्रद्धांजलि

राजसमंद (पुकार)। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी के देश के प्रति योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने सुशासन से समृद्ध भारत की नींव रखी थी। अटल बिहारी वाजपेयी ने भारत को परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बनाकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश की शक्ति को सुदृढ़ता प्रदान की। उनके शासनकाल में भारत ने संचार क्रांति के एक नए युग में प्रवेश किया, जिससे देश के हर कोने में तकनीकी और डिजिटल सुविधाओं का विस्तार हुआ।

छतरी खेड़ा में कार्यकर्ताओं और ग्रामवासियों के साथ की आत्मीय परिचर्चा

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने मंगलवार को ग्राम छतरी खेड़ा का परिभ्रमण कर पार्टी कार्यकर्ताओं और ग्रामवासियों के साथ आत्मीय परिचर्चा की। विधायक माहेश्वरी ने ग्रामवासियों से संवाद करते हुए गांव की समस्याओं और विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने ग्रामीणों की शिकायतों और सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना और उनके समाधान के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि गांवों का विकास ही राज्य और देश की प्रगति का आधार है। मैं आप सभी के साथ मिलकर छतरी खेड़ा के विकास के लिए प्रतिबद्ध हूं। आपके सुझाव और सहभागिता से ही विकास कार्यों को गति दी जा सकती है। परिचर्चा में ग्रामीणों ने क्षेत्र की जल आपूर्ति, सड़कों के सुधार और स्वास्थ्य सुविधाओं से संबंधित समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। विधायक दीप्ति ने इन विषयों पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया और कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक ग्रामीण तक पहुंचेगा।

शोक संतप्त परिवारों से की भेंट

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने पछमता, चंपा खेड़ी और छतरी खेड़ा गांव का परिभ्रमण कर शोक संतप्त परिवारों से भेंट की। उन्होंने दिवंगत जनों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी और उनके दुख को साझा किया।

सुशासन की दिलाई शपथ

काव्य पाठ से किया पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को नमन

राजसमंद(पुकार)। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर जिला प्रशासन और नगर परिषद की ओर से जिला कलेक्टर परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा ने पुष्प अर्पित करते हुए वाजपेयी को नमन किया। इसके बाद उन्होंने सभी को सुशासन की शपथ दिलाई गई। इस शपथ के साथ ही स्वच्छता सप्ताह का भी शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान साकेत साहित्य संस्थान के साहित्य प्रेमियों की ओर से वाजपेयी द्वारा रचित और उनके जीवन पर आधारित कविताओं का काव्य पाठ किया। इस अवसर पर नारायण सिंह राव, कुसुम अग्रवाल, चंद्रशेखर नारलाई, कमल अग्रवाल, लेखराज मीणा, ममता खटीक ने वाजपेयी के महान व्यक्तित्व को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान नगर परिषद के आयुक्त दुर्गेश रावल, अधिशाषी अभियंता तरुण बाहेती, जनप्रतिनिधि भानु कुमार पालीवाल सहित राजकीय विभागों के प्रतिनिधि, कार्मिक और नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी ने अटल की प्रेरणा से समाज में सुशासन और स्वच्छता की दिशा में काम करने का संकल्प लिया। सुशासन दिवस भारत में प्रतिवर्ष पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के रूप में 25 दिसंबर के दिन मनाया जाता है। संचालन साहित्यकार नारायण सिंह राव ने किया।

संक्षिप्त खबरें...

भाजपा गुलाबपुरा नगर द्वारा वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई

भीलवाड़ा (पुकार) । पुर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी गुलाबपुरा नगर द्वारा नगर भाजपा कार्यालय पर संगोष्ठी रखी गई। मुख्य सानिध्य भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता व पुर्व नगरपालिका अध्यक्ष इंद्रचंद टेलर का रहा। टेलर ने अटल के जीवन पर प्रकाश डाला गया एवं उनके अनुभव बताए कि वाजपेयी का तीन बार गुलाबपुरा पधारना हुआ। पार्टी के नगर अध्यक्ष इन्द्रचंद चपलोत द्वारा पार्टी के प्रति समर्पण भाव को व्यक्त किया गया कार्यक्रम में नगर महामंत्री मनोज तोषणीवाल, महेंद्र सिंह राठौड़ जामोला, नगर उपाध्यक्ष विकास आचार्य, नवीन गगड़, युवा मोर्चा संयोजक कृष्ण गोपाल त्रिपाठी, पार्षद रोहित चौधरी, चन्द्रशेखर मेवाड़ा, चेनसिंह चपलोत, गोपाल काल्या, अरिहंत जैन, मंगल सिंह, राजेंद्र सिंह, शिव काष्ठ, आदि मोजुद रहे। अंत मे महामंत्री महेंद्र सिंह जामोला ने सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया।

श्री पार्श्वनाथ सेवा संस्थान द्वारा सारण का खेड़ा में स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित

भीलवाड़ा। श्री पार्श्वनाथ सेवा संस्थान ने हैप्पी विंटर अभियान के तहत राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, सारण का खेड़ा के जरूरतमंद बच्चों को ठंड से बचाने के लिए स्वेटर वितरित किए। इस अभियान का उद्देश्य सर्दी के प्रकोप से बच्चों को सुरक्षित रखते हुए उनकी शिक्षा में आने वाली बाधाओं को कम करना है। कार्यक्रम में संस्थान के कोषाध्यक्ष मुकेश जैन (महुवा), प्रधानाध्यापक प्रवीण चंद जैन, शंकर सिंह, समाजसेवी एवं उप सरपंच (महुवा) चंदा देवी जैन, तिलका जैन, तेजमल जाट, विजय पारीक, शैतान मीणा, हरिसिंह मीणा, कल्पना टांक, सूरज कँवर, और अंतिमा शर्मा ने मिलकर बच्चों को स्वेटर वितरित किए। संस्थान के सचिव महावीर जैन ने इस कार्यक्रम की सफलता में योगदान देने वाले सभी दानदाताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने समाज के सभी नागरिकों से ऐसे मानवीय कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। जिससे जरूरतमंद बच्चों का जीवन बेहतर बनाया जा सके। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के शिक्षकगण, समाजसेवकों, और संस्थान के सदस्यों का अहम योगदान रहा। स्थानीय समुदाय ने संस्थान की इस पहल को सराहा और इसे बच्चों की भलाई के लिए एक प्रेरणादायक कदम बताया।

माण्डलगढ़ तहसील माहेश्वरी सभा ने किया निम्न आय वाले परिवारो को चिन्हित

भीलवाड़ा। जिले की माण्डलगढ़ तहसील माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष मानसिंह मूंदड़ा व मंत्री ओम प्रकाश लढ़ा ने काछोला, माण्डलगढ़, बीगोद कस्बो का भ्रमण कर समाज के एक लाख से कम आय वर्ग के परिवारों का सर्वे कर निम्न आय वाले परिवारो को चिन्हित किया। अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा एवं भीलवाड़ा जिला माहेश्वरी सभा के निर्देशानुसार सभी चिन्हित परिवारों की आय वृद्धि के प्रयास कर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया जायेगा। मंत्री लढ़ा ने सभी परिवारों को महासभा द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा पात्र परिवारो तक सहायता पहुंचाने की बात कही। साथ ही संगठन आप के द्वार सर्वे कार्य में पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश मून्दड़ा, काछोला अध्यक्ष भैरूलाल मंत्री, जिला सभा के सयुंक्त मंत्री रमेशचंद्र बसेर, बीगोद अध्यक्ष लोकेश आगाल, माण्डलगढ़ अध्यक्ष सत्यनारायण भण्डारी, लाडपुरा अध्यक्ष कैलाश सोडानी, श्यामपुरा अध्यक्ष ओमप्रकाश जाजू, बरून्दनी अध्यक्ष रामराय लढ़ा का सहयोग रहा।

करेड़ा पार्श्वनाथ जन्मकल्याणम महोत्सव मैले में पहले दिन भी रही भीड़

आकोला। भूपालसागर में श्री करेड़ा पार्श्वनाथ जन्मकल्याणक महोत्सव को लेकर लगने वाले मेले में पहले ही हजारों श्रद्धालुओ सहित सांसद चन्दप्रकाश जोशी, विधायक अर्जुन लाल जीनगर, भूपालसागर प्रधान हैमेन्द्र सिंह राणावत सिंह राणावत, कपासन डीवाईएसपी हरजीलाल यादव, मन्दिर कमेटी के अनिष कोठारी मंत्री श्री करेड़ा पार्ष्वनाथ तीर्थ ट्रस्ट, अनिल मेहता, श्रेणिक मनावत सदस्य कमलेश जारोली आदेष्वर तीर्थ राजपुरा कानोड, महेन्द्र सेठ सहित हजारों श्रद्धालुओं एवं जनप्रतिनिधियों ने भगवान पार्ष्वनाथ के दर्शन किये। सर्वप्रथम प्रातः भगवान कि विशेष पुजा अर्चना के साथ भगवान कि आकर्शक आंगी कि गई। तत्पष्चात कई सालों बाद पुनः पुराने रिती रिवाज के आधार पर भगवान के बैलचलित चांदी के रथ को जैन श्रद्धालुओं ने हाथों से खिंचकर पुरे कस्बें में वरघौड़ा निकाला। वरघौड़ा मन्दिर के चारों और परिक्रमा करते हुए महाराणा भूपालसिंह बस स्टेण्ड होता हुआ मुख्य बाजार से गुजरा जहां पर धर्मावलम्बियों ने भगवान के दर्शन का लुफ्त उढाया। वरेघौड़ा आचाद चौक स्थित चारभुजानाथ एवं बालमुकन्दजी के मन्दिर के सामने से होता हुआ भूपालसागर डेम पहुंचा जहां पर पुनः आरती कि गई तत्पष्चात वरेघौडे का समापन हुआ, तत्पष्चात महाप्रसादी का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इनरव्हील क्लब ने सेगवा स्कूल में 125 छात्रों को स्वेटर बांटे

चित्तौड़गढ़ । इनरव्हील क्लब चित्तौड़गढ़ ने अध्यक्ष ऋतु भोजवानी के नेतृत्व में राउमावि सेगवा के कक्षा 1 से 12 तक के 125 छात्रों को स्वेटर और बिस्किट के पैकेट वितरित किए गए। सचिव ऋतु पोखरना ने बताया कि यह सराहनीय प्रोजेक्ट स्कूल टीचर और क्लब की मित्र सुनीता भंडारी के सहयोग से सफलतापूर्वक पूरा किया गया। स्वेटर अंशु शर्मा और कार्यकारिणी सदस्य इंदुबाला उपाध्याय द्वारा प्रायोजित किए गए। प्रोजेक्ट को सफल बनाने में चार्टर सचिव महक जैनानी, कोषाध्यक्ष आशा जैन, कार्यकारिणी सदस्य रेनू सोमानी और सचिव निर्वाचित (2025-26) संगीता पलोड़ ने वितरण में सहयोग दिया। प्रधानाचार्या अनुराधा आर्य ने क्लब का आभार व्यक्त किया। इस दौरान अध्यापकगण ज्योति वाला मोहनपुरिया, लक्ष्मण सिंह सोलंकी, प्रतिमा पगारिया, मंजू खटीक, कृष्णा पारेता, महावीर प्रसाद शर्मा, सुमन खोखर, दीपक पुरोहित, ज्योतिबाला ओझा, मंजू वीरानी, सुनीता लाहोटी, सूर्यप्रकाश गर्ग, अनिल, यशवंत शर्मा उपस्थित रहे।

उदयपुर को स्वच्छता में नंबर वन बनाना है तो सबको अपना अपना दायित्व निभाना होगा : के.के. गुप्ता

उदयपुर (पुकार) । देश के भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत र| अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती सुशासन दिवस के अंतर्गत नगर निगम उदयपुर के तत्वावधान में दीनदयाल उपाध्याय रंगमंच में शपथ एवं सुशासन दिवस शुभारंभ समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य वक्ता स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण राजस्थान सरकार के प्रदेश समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रदेश रिसोर्स पर्सन और नगर परिषद डूंगरपुर के पूर्व सभापति के के गुप्ता रहे, मुख्य अतिथि उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि गुप्ता ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी यह सपना था कि हमारा भारत देश है विकसित और समृद्धशाली बने। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अभियान वर्ष 2014 में प्रारंभ किया गया है जिसके तहत भी यह संकल्प है की हमारा देश के 142 करोड़ लोगों तक स्वच्छता पहुंचनी चाहिए। स्वच्छता के इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी देशवासियों को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का भी यह विजन है कि हमारे राजस्थान को देश के अन्य राज्यों की प्रतिस्पर्धा में सबसे पहले विकसित और समृद्ध राज्य बनाना है। मुख्यमंत्री द्वारा राइजिंग राजस्थान सबमिट का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 35 लाख करोड़ रुपए राजस्थान में निवेश करने के तहत समझौता पत्र देश और विदेश के उद्योगपतियों द्वारा हस्ताक्षरित किए गए। इस निवेश के आने के बाद राज्य विकसित राजस्थान बनेगा लेकिन इसके साथ स्वच्छता होना भी बहुत आवश्यक है।

गुप्ता ने कहा कि डूंगरपुर नगर परिषद में उनके सभापति कार्यकाल के दौरान इस जनजाति अंचल की निकाय को देश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान और पहचान मिली है। यह यहां के निवासियों द्वारा अपनाई गई स्वच्छता की बदौलत है। हमारे द्वारा निकाय की जनता से स्वच्छता के प्रति अपना दायित्व निभाने का अनुरोध किया गया, इसके साथ ही जहां आवश्यकता रही वहां पर कठोर निर्णय भी लिए गए। हमारे द्वारा कार्यों को विकेंद्रीकृत करते हुए छोटे-छोटे टास्क लिए गए और निकाय के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा भी इसमें पूरा सहयोग रहा। किसी शहर को स्वच्छ करने के लिए वहां की शहरी सरकार की कार्यशैली में संवेदनशीलता और जागरूकता होनी चाहिए वही वहां के लोगों को भी अपनी मानसिकता परिवर्तित करते हुए शासन तंत्र का सहयोग देना चाहिए।

गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 2047 में देश को विकसित भारत स्वच्छ भारत का संदेश दिया है। विकसित भारत जब भी बन सकता है जबकि हम स्वच्छता को धरातल पर उतारेंगे। हमारे द्वारा शहर में स्वच्छता को लागू करने के लिए अगर किसी ने खुले में कचरा डाला तो हमने उसे दंड वसूला तथा शिकायत करने वाले को सम्मानित किया। डूंगरपुर शहर के 22373 विद्यालयों के बच्चों को हमने स्वच्छता का दूत बनाया तथा विद्यालयों के टॉयलेट को नियमित साफ करने का निर्णय किया गया। वहीं हमने सामुदायिक शौचालय में एयर कंडीशन लगाकर उनकी सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया। मुख्य अतिथि फूल सिंह ने अपने उद्बोधन में बताया कि शहर को स्वच्छ बनाना निहायत आवश्यक है। जब तक शहर स्वच्छ नहीं बनेगा शहर का विकास और उन्नति नहीं हो सकती। गिरीश जोशी ने भी अपने उद्बोधन में अटल जी के अटल इरादे देश को नई दिशा देकर देश को उन्नति की एक नई पहचान दी।

जनता को जागृत करने की आवश्यकता है

गुप्ता ने कहा कि जनता को जागृत करने की आवश्यकता है स्वच्छता के लाभ हानि बताने की आमजन को आवश्यकता है अगर हमने ईमानदारी से जनता को जागृत कर दिया तो निश्चित रूप से उदयपुर स्वच्छ बनेगा। इन सभी में जनप्रतिनिधियों की भूमिका प्रमुख रहती है। आज हम देख रहे हैं लोग जानबूझकर जानते हुए भी प्लास्टिक को सड़कों पर डाल रहे हैं खुले में डाल रहे हैं जिसको जो भी जानवर खाएगा। उसे मौत निश्चित रूप से आएगी तथा दूध देने वाला जानवर अगर प्लास्टिक का जाता है तो कैंसर जैसी बीमारी से हम ग्रसित हो सकते हैं यह बात आम जनता तक पहुंचानी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि डूंगरपुर में हमने सुंदर बगीचे बनाए। जिसमें रिंग रोड पर बर्ड सेंचुरी पार्क तथा शहीद स्मारक पार्क प्रमुख है। आज भी बाहर से पर्यटक इन पार्क में भ्रमण करने आते हैं और यहां का सौंदर्य निहारते हैं। उदयपुर शहर में भी इस प्रकार के अच्छे और सुंदर पार्क बनाए जाने चाहिए जहां पर बच्चे भ्रमण करने आएंगे। बच्चों द्वारा पार्क की सुंदरता और स्वच्छता देखकर अपने घर जाकर तथा अन्य लोगों को स्वच्छता और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न की जाएगी। इन पार्क में बच्चों के मनोरंजन के लिए अच्छे झूले और ओपन जिम के रूप में व्यायाम करने के संसाधन भी लगे होने चाहिए।

मरुधरा माहेश्वरी महिला मण्डल द्वारा बच्चो को स्वेटर, जूते, मोजे वितरित किये

मरुधरा माहेश्वरी संस्थान महिला मण्डल

भीलवाड़ा (पुकार) । मरुधरा माहेश्वरी महिला मण्डल द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय छोटी हरणी में अध्यक्ष शीतल चांडक के नेतृत्व में बच्चो को स्वेटर, जूते, मोजे वितरित किये गए। इस दौरान सभी बच्चो के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई। सचिव संगीता बाहेती ने बताया की सीमा जेठा व पिंकी राठी, सपना चांडक ने बच्चो को बहुत सारे गेम खिलाये। इस अवसर पर विजयलक्ष्मी चांडक, बिमला सोमानी, रेखा चांडक, खुशबू राठी, इशिता झँवर, अनु दमानी, मनीषा बाहेती, नीलू मालू, पूजा बियानी, अरुणा राठी, इंदु झँवर, भावना राठी, संजू मुंधड़ा, लक्ष्मी चांडक ने बच्चो के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंत में सचिव संगीता बाहेती ने स्कूल स्टाफके साथ ही सभी सदस्याओं का आभार व्यक्त किया।

भाविप नेताजी सुभाष शाखा के सेवा एवं संस्कारों को समर्पित संस्कृति सप्ताह का समापन

भीलवाड़ा। भारत विकास परिषद नेताजी सुभाष शाखा द्वारा आयोजित संस्कृति सप्ताह का समापन समारोह के पी टावर में संपन्न हुआ। महिला सयोजिका मधु लढा ने बताया कि परिषद के पांच प्रकल्पों यथा संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा व समर्पण पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों मे गौ सेवा, कुटुंब प्रबोधन, रातीजगा गीत प्रशिक्षण, सुंदरकांड पाठ, पारंपरिक मंडाना प्रतियोगिता, देशभक्ति गीत प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, धार्मिक लोक प्रतियोगिता, रक्तचाप व मधुमेह जांच शिविर, बौद्धिक दिव्यांग विद्यार्थी में भोजन वितरण सहित दो दिवसीय फिजियोथैरेपी शिविर का आयोजन इस सप्ताह के अंतर्गत हुआ। समारोह में डॉक्टर पीयूष देवपुरा व डॉक्टर स्वाति देवपुरा को स्मृति चिन्ह देखकर उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। संस्कृति सप्ताह प्रभारी श्रीमती सुनीता रावत ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समारोह में शाखा अध्यक्ष अमित काबरा, शाखा सचिव पंकज लोहिया, चंद्रप्रकाश प्रकाश कालिया, मुकेश लाठी, मुकेश उपाध्याय, दिनेश शारदा, शिव सोडाणी, कृष्ण गोपाल लढा, महेंद्र माहेश्वरी, सुरेश रावत, महावीर सोनी, प्रवीण बोहरा, कैलाश सोमानी, शारदा चेचानी, उषा सोमानी, गायत्री उपाध्याय, सुमित्रा झंवर, समता जैन, करुणा लोहिया, सुनीता रावत, समता जैन, वंदना अग्रवाल एवं अन्य कई शाखा सदस्य उपस्थित थे।

विधायक कृपलानी ने किया श्रीमद्भागवत कथा व्यासपीठ पर विराजित संत महंतों से लिया आशीर्वाद

निम्बाहेड़ा (पुकार) ।नगर की आर के कॉलोनी में स्थित सेलिब्रेशन ग्रीन गार्डन में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने श्री श्री 1008 श्री युवराज स्वामी जी, श्री माधव प्रपन्नाचार्य जी महाराज रामानुज कोट उज्जैन (म.प्र.) का उपरना ओढाकर स्वागत कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा, भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, नगर महामंत्री देवकरण समदानी, कमलेश बनवार, कमलेश बुनकर, उपाध्यक्ष विजय काबरा, भाजपा ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष गोपाल वैष्णव, भाजयुमो नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, महामंत्री डॉ. आशीष टांक, पूर्व पार्षद जगदीश माली, पूर्व पंस सदस्य सुरेश काबरा कनेरा, गोपाल कुमावत, कमलेश शर्मा, रजनीश गोठवाल, विकास सोनी आदि ने संत महंतों का उपरना ओढाकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान कथा आयोजक भराडिया परिवार के सदस्य एवं कथा श्रवण करने आए भक्तजन भी मौजूद रहे।

सुमंगल सेवा संस्थान ने तुलसी पूजन कर, चुनरी ओढ़ाकर वितरित किये 251 पौधे

भीलवाड़ा (पुकार) । पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र मे अग्रणी संस्था सुमंगल सेवा संस्थान द्वारा तुलसी पूजन दिवस के अवसर पर तुलसी पूजन कर 251 पौधो का वितरण किया गया। संस्थान के संस्थापक सदस्य दीपक समदानी ने बताया कि कोटा बाई पास रोड पर स्थित प्राचीन धार्मिक स्थल श्रीकामधेनु बालाजी मंदिर मे सभी सदस्यो द्वारा पंडित जगन्नाथ के सान्निध्य मे सामूहिक तुलसी पूजन करने के साथ ही चुनरी ओढ़ाकर राम, श्याम, मिंट, सहित तुलसी की विभिन्न प्रजातियों के कुल 251 पौधो का वितरण किया गया। इस अवसर संस्थान के अध्यक्ष शिव नुवाल ने तुलसी के औषधीय एवं धार्मिक महत्त्व समझाते हुए घर मे तुलसी के पौधा लगाकर सकारात्मक ऊर्जा प्रवाहित होने एवं वस्तु दोष को समाप्त किये जाने जैसे विषयो पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के ओम बुलिया, श्याम लाल ओझा, बाबू लाल सेन, हिन्दू जागरण मंच के सुभाष बाहेती, राजेश जोशी, श्रीकामधेनु बालाजी मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी, उपाध्यक्ष दिनेश ओझा, उमा व्यास, रेखा सोनी, अंजना तिवारी, साधना उपाध्याय, मंजू कँवर राठौड, इंद्रा देवी, सुधा जोशी, गुंजन, सुमित्रा चौधरी, प्रकाश (करंट), ओम प्रकाश लढा, रामचंद्र मूंदडा, नरेश ओझा, गोविन्द सोनी, अमित काबरा सहित अनेक सदस्यो एवं स्थानीय निवासियों द्वारा सहयोग किया गया।

एमएमपीएस में विंटर स्पार्कल फेस्ट का आयोजन, बच्चो के साथ अभिभावको ने भी उठाया फेस्ट का आनंद

ऋषभदेव,(पुकार) । महावीर मॉडर्न पब्लिक स्कूल, ऋषभदेव में मंगलवार को आयोजित विंटर स्पार्कल फेस्टिवल में बच्चों की रचनात्मकता और हुनर को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया। इस फेस्टिवल में बच्चों ने विभिन्न गेम जोन और व्यंजनों की स्टॉल लगाई, जो कि उनकी व्यवसायिक कौशल और टीमवर्क का प्रदर्शन करने का एक अनूठा अवसर था।

मेले में बच्चों द्वारा लगाई गई स्टॉल्स पर विभिन्न प्रकार के गेम जोन एवं स्वादिष्ट व्यंजन जैसे कि पपड़ी चाट, फरूट ज्यूस ,फरूट चाट, दाबेली, मंचूरियन कुरकुरा चाट, ब्राउनी, पानी पुरी, भेलपुरी, पेस्ट्रीज कॉर्नभेल ,पॉपकॉर्न, लस्सी, स्पेशल लस्सी मोमोज आदि शामिल थे। इन स्टॉल्स पर खरीदारी का माहौल देखने लायक था।

इस कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनाक्षी जैन ने बच्चों को क्रिसमस पर्व एवं तुलसी पूजन दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा, 'यदि हजारों गुलाबों का खिलना देखना हो तो ऐसे बाल मेले जैसे अवसरों पर विद्यालय में ही आना चाहिए।'

बाल मेले की सफलता का पूरा श्रेय विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों को दिया गया। इस आयोजन ने बच्चों को आत्मनिर्भरता, रचनात्मकता और सामाजिक कौशल सिखाने का अनूठा अवसर प्रदान किया।

इस अवसर पर संस्थापक महोदय श्री सुंदरलाल जैन, निदेशक महोदय विकास जैन, उपप्रधानाचार्या श्वेता जैन, अकादमिक डायरेक्टर सुरेंद्र जैन, खेल समन्वयक डॉ दिलीप भाणावत, समन्वयक जयदीप सेवक एवं समस्त शिक्षकों ने भी बच्चों की प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आकोला में सुशासन दिवस पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को याद किया

आकोला। भारत रत्न पूर्व प्रधामंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर बुधवार को मॉडल स्कूल परिसर बस स्टैंड आकोला मे सुशासन दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि ने अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि देते हुए उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर भाजपा नेता श्याम लाल नाई द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन, कार्यों और उपलब्धियों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि अटल जी एक महान नेता, कवि और पत्रकार थे, जिन्होंने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा की। उन्होंने अटलजी के जीवन के विभिन्न पहलुओं यथा उनके बचपन, शिक्षा, राजनीतिक जीवन, कविताएं आदि पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अटलजी की कविताओं में देशभक्ति, सामाजिक न्याय और मानवता की भावना झलकती है। उन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल की उपलब्धियों पोकरण परमाणु परीक्षण, कारगिल युद्ध और स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना आदि पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी से अटल जी के जीवन और कार्यों से प्रेरणा लेने और उनकी विरासत को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। इस मौके पर पूर्व जिला मंत्री श्यामलाल नाई, नगर मंडल अध्यक्ष शंकर साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष भैरूलाल जाट, मंडल महामंत्री भगवती लाल सेन, हिम्मत टाँक, पूर्व प्रधान नरेंद्र पटवा, नगर मंडल उपाध्यक्ष पंकज टेलर, बसंती लाल छिपा, नरेश माली, पिंटू छिपा, एसटी मोर्चा अध्यक्ष माधु लाल मेघवाल, बुथ अध्यक्ष मांगीलाल तेली, चंद्र प्रकाश जोशी, ऋषि राज पटवा, पूरन सोनी, मंडल मंत्री मुरली सेन, पार्षद रूपलाल माली, इंद्रमल छिपा, ललित हिंगड़, बसंती लाल टेलर, गोपाल टेलर आदि उपस्थित थे।

भजन,कीर्तन, सत्संग ओर कथा में बच्चों को भी साथ ले जाए, जिससे उनमें अच्छे संस्कार पैदा हो सके - बृजेश कुमार शास्त्री

सीमलवाड़ा(पुकार)। श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन राजा बलि की कथा श्रवण कराया गया जिसमे वामन अवतार का भी दर्शन करवाया गया। धंबोला कस्बे में लक्ष्मीनारायण वाटिका में चल रही श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन बुधवार को काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे । बता दे की यह श्रीमद भागवत कथा 28 दिसंबर तक चलने वाला है ।वहीं चौथे दिन जहां कथा मर्मज्ञ बृजेश भाई शास्त्री ने कहा कि जीवन में अच्छे रास्ते पर जाना है तो संकल्प लेना जरूरी है, हर बच्चे को अपने माता-पिता की बातों को मानना चाहिए और सबसे बड़ा भगवान माता-पिता ही होता है, जिनके ऊपर माता-पिता का आशीर्वाद है उन्हें संसार में सब कुछ प्राप्त है। साथ-साथ हर एक माता-पिता को चाहिए अपने साथ अपने बच्चों को भागवत कथा हो, सत्संग हो, कीर्तन हो अपने साथ जरूर लाना चाहिए क्योंकि धर्म की कथा सुनने से बच्चों में संस्कार अच्छे आते है। अपने जीवन को कृतार्थ करने के लिए भगवान के प्रति विश्वास रखना चाहिए।

चतुर्थ स्कन्ध में विग्रह लीला का वर्णन करते हुए बताया कि यज्ञ और दक्षिणा पति-पत्नी है।

दक्षिणा तुरन्त देनी चाहिए। सती अनसूया द्वारा तपस्या की गई। त्रिदेव की कथा - सती अनसूया की पतिव्रता की कथा और तीन देवियों ने परीक्षा लेने के त्रिदेव को तैयार किया। बाद में पछतावा और उसमें दत्तात्रेय का अवतार हुआ।

भगवान शंकर और दक्ष की कथा का वर्णन में शंकर पर दक्ष क्रोधित हुए और फिर शंकर वहां से निकल गए । सती जीद करके पिता दक्ष के वहाँ यज्ञ में चली गई परन्तु बेईज्जत होना पड़ा। यज्ञशाला में भगवान शंकर को छोड कर सभी की आइति दी जा रही थी। सती ने पिता के समक्ष ही अग्नि प्रकट की और चारों ओर हाहाकार मच गया । ताण्डव युद्ध हुआ। दक्ष का विध्वंस किया, विरभद्र का आगमन हुआ।

दक्ष का मस्तक घड़ से अलग कर दिया। ब्रह्मा-विष्णू-महेश एक ही स्वरूप है कोई अन्तर नहीं है। उत्तमयाद राजा की दो पत्नीयाँ - सुरुची एवं सुनीति की कथा का वर्णन किया।

सुनिती के पुत्र ध्रुव हुए जिन्होने कठोर तप किया। राजा पृथु की कथा का वर्णन जिसमें राजा पृथु द्वारा अन्न कृषि पद्धति की देन है जिन्होंने 99 यज्ञ किए।

कथा से जीवन की व्यथा सिखों-आचार्यश्री

आठ दिवसीय ऋषभ कथा का गाजे बाजे के साथ हुआ आगाज

डूंगरपुर(पुकार)। आचार्य श्री पूलक सागर ने कहां कि कलंक को अलंकार, माटी को मंदिर व कंकड को शंकर बना दें यही कथा का सार होता है और ऋषभ का सार जीवन चरित्र को बदलने की कला है।

यह बात आचार्यश्री ने आठ दिवसीय ऋषभ कथा के प्रथम दिन अपने व्याख्यान में कही। उन्होंने कहा कि जैन धर्म शाश्वत सनातन है। परमात्मा की आराधना से पापों का नाश होता है। यही मंदिर जाने का मुख्य ध्येय होना चाहिए कि क्यों कि बिना मंदिर जाये व्यक्ति भी सनाढ्य व अन्य सुख सुविधाओ से सम्पन्न होता है। उन्होंने कहा कि भगवान ऋषभ देव के जन्म से ही जैन धर्म की पताका अविरल रूप से बह रही है। क्योंकि भगवान ऋषभदेव जैन धर्म की नींव के पत्थर है तो भगवान महावीर शिखर के पत्थर है। और यह धर्म प्राचिन धर्म है और उसका मूल उद्‌गम भारत है। इसलिए जैन धर्म शाश्वत सनातन है। जो तुम सौचते हो, वही तुम्हारा कर्म बन जाता है और कर्म हमारा भाग्य बन जाता है। उन्होने कहां कि टीवी के सिरियल देखकर ऑसू बहाते है जब कि अपने खुद के दुःख कम है। उन्होने व्यंग करते हुए कहा कि कारगिल में इतने वीर सैनिक शहीद हुए तो कोई नहीं रोया। जब कि सिरियल में कोई मर जाता है तो ऑखों से गंगा बह जाती है। इस दौरान उन्होने राजा श्रेणिक की गाथा का संगीतमयी वर्णन किया। इससे पूर्व महावीर जैन चेत्यालय से घट यात्रा प्रारंभ हुई। घट यात्रा में अश्वों पर धर्म ध्वजा धारण किये धर्म प्रेमी तथा बग्गियों में ऋषभ कुमार परिवार, नाभीराय मरूदेवी, कुबेर इन्द्र व धर्म इन्द्र, भरत, बाहुबली, सनद कुमार इन्द्र, ईशान इन्द्र तथा राजा श्रेणिक के पात्र सवार थे। घट यात्रा विभिन्न मार्गो से होते हुए कथा स्थल पर पहुंचे।

संक्षिप्त समाचार

वागड़ क्षत्रिय समाज की ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता मेवड़ा में कल से होगी शुरू

सीमलवाड़ा(पुकार)। वागड़ क्षत्रिय महासभा सीमलवाड़ा ब्लॉक स्तरीय खेल खुद प्रतियोगिता का शुभारम्भ 27 दिसंबर को मेवड़ा में होगा। प्रदीप सिंह राणावत ने बताया कि मेवड़ा मे तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद आयोजित की जा रही है जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। प्रतियोगिता में क्रिकेट, वॉलीबॉल, रस्साकस्सी खेल खेले जाएंगे। प्रतियोगिता को लेकर आयोजक टीम में

लोकेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अजय सिंह, दिग्पाल सिंह, हार्दिक सिंह, लालसिंह सहित ने ब्लॉक क्षेत्र में समाज जनों को निमंत्रण पत्रिका देकर प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर चर्चा की।

विद्यालय में हुआ तुलसी पूजन के साथ सुशासन दिवस का आयोजन

सीमलवाड़ा(पुकार)। एक्सीलेंट सेंट्रल पब्लिक चीखली में संस्था निदेशक राजेश पाटीदार की अध्यक्षता ,नरपत सिंह पंवार के मुख्य आतिथ्य में ओर नरेश पाटीदार एवं अल्पेश कलाल के विशिष्ट आतिथ्य में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती को सुशासन दिवस एवं तुलसी पूजन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर हार्दिक श्रद्धांजलि दी गई।

संस्था निदेशक राजेश पाटीदार पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयीजी को शब्द सुमनो से श्रद्धाजंलि देते हुए छात्रों को भारतीय राजनीति और समाज सुधारो में अटलजी के योगदान को बताया और इनके आदर्शो को आत्मसात करने की बात कही।

साथ ही बालको को तुलसी पूजन और इसकी वर्तमान समय मे उपादेयता पर चर्चा करते हुए कहा कि सभी छात्रों को अभी से अपने धर्म ,संस्कृति का महत्व समझते हुए राष्ट्र विकास में योगदान देने की बात कही।

मुख्य अतिथि नरपत सिंह पंवार ने भी अपने विचार रखे ।

इस अवसर पर तरुण दवे, दिनेश भोई ,सतीश त्रिवेदी,नीता पंड्या सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन सतीश त्रिवेदी ने एवं आभार रमेश ननोमा ने व्यक्त किया।

सहायक निदेशक ने किया एसबीपी कॉलेज का निरीक्षण

डूंगरपुर(पुकार)। उच्च शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक सतीश आचार्य ने बुधवार को श्री भोगीलाल पंड्या राजकीय महाविद्यालय, डूंगरपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान कृषि विपणन बोर्ड के एक्सईएन ने बताया कि कॉलेज भवन का ज्यादातर हिस्सा क्षतिग्रस्त हो चुका है और नया भवन निर्माण की आवश्यकता है। कॉलेज के प्राचार्य गणेशलाल निनामाए समाजसेवी बंशीलाल कटारा, कमलेश पुरोहित ने बिल्डिंग की वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए शीघ्र बजट आवंटन की मांग की । उल्लेखनीय है कि हाल ही समाजसेवी बंशीलाल कटारा ने उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा से मिलकर एसबीपी कॉलेज भवन के क्षतिग्रस्त होने और भवन के नवीन निर्माण की मांग की थी।

अध्यापक से वरिष्ठ अध्यापकों की पदोन्नति की मांग

डूंगरपुर(पुकार)। राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत जिला कमेटी,डूंगरपुर की बैठक महारावल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डूंगरपुर में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांतीय उपाध्यक्ष हेमंत कुमार खराड़ी कहां कि वर्ष 2022 में नियुक्त शिक्षक जिनका स्थाईकरण आदेश नहीं हुआ है उनके आदेश अतिशीघ्र जारी करें और अध्यापक तृतीय श्रेणी से द्वितीय श्रेणी में पदोन्नति जल्दी करने की मांग को दोहराया। उन्होंने कहां कि आगामी विभिन्न प्रकार की पदोन्नति एवं भर्ती नियुक्ति काउंसलिंग के द्वारा की जाने तथा पदोन्नतियों और विभिन्न भर्तियों में शहरी क्षेत्र के विद्यालय में भी नियुक्ति दी जाए और काउंसलिंग के लिए शाला दर्पण रिक्त पद प्रदर्शित किये जाने की बात रखी। बैठक को जिलाध्यक्ष मणीलाल मालीवाड़ ने सम्बोधित करते हुए कहां कि 27 दिसंबर को शिक्षको के विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा अधिकारियों से मिलकर शिक्षकों के लंबित 9,18 व 27 वर्षीय परिलाभ, न्यायलयों के आदेश से मिलने वाले नोशनल लाभ आदेश, अन्य प्रकरण को लेकर शिक्षकों के साथ सम्पर्क करने आह्वान किया। संगठन नें शिक्षकों से आह्वान किया हैं अधिक से अधिक संघर्ष में भाग लें। बैठक में जिला उप सभाध्यक्ष रामलाल भगोरा, जिला कोषाध्यक्ष कांतिलाल खराड़ी,जिला कार्यालय मंत्री विनोद कुमार मीना,दोवड़ा ब्लॉक अध्यक्ष वासुदेव परमार आदि ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन जिलामंत्री धनराज खराड़ी ने किया।

सभी पंचायतों-गांवों को नई बहुउद्देशीय सहकारी समितियों से जोड़ने जिला स्तरीय कार्यक्रम सम्पन्न

डूंगरपुर(पुकार)। सहकार से समृद्धि अभियान के तहत देश की सभी पंचायतों-गांवों को नई बहुउद्देशीय पैक्स,डेयरी तथा मत्स्य सहकारी समितियों से जोड़ने की महत्वाकांक्षी योजनान्तर्गत देश में कुल 10000 नई एमपैक्स, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों के उद्घाटन, इन समितियों के लिए प्रशिक्षण मॉडयूल का शुभारंभ एवं इन समितियों को पंजीकरण प्रमाण पत्र-रूपे केसीसी-माईक्रो,टीम इत्यादि वितरित किये जाने का जिला स्तरीय कार्यक्रम बुधवार को ईडीपी सभागार जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में सम्पन्न हुआ। राष्ट्रीय समारोह नई दिल्ली में अमित शाह, केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री के आथित्य में आयोजित किया एवं डूंगरपुर में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में विभिन्न बहुउद्देशीय ग्राम सेवा सहकारी समितियों, डेयरी समितियों एवं मत्स्य समितियों के पदाधिकारियों द्वारा वीसी के माध्यम से इस राष्ट्रीय समारोह से जुडे।

प्रभु का स्मरण करने से नरक के मार्ग बंद होते हैं - आचार्य रुद्रशेखर

श्रीमद् भागवत कथा

सीमलवाड़ा(पुकार)। इस संसार रूपी भवसागर को पार करने के लिए यदि मनुष्य ईश्वर का ध्यान एवं ईश्वर की भक्ति करता है। उसके जीवन में बिना कोई परेशानी आए जीवन सफल होता है। यह बात ग्राम पंचायत रतनपुर के गांव खांडिया में आयोजित बुधवार को श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के प्रथम दिन आचार्य रूद्र शेखर महाराज ने कही। साथ ही कहा कि मनुष्य की आदतें गुस्सा, अकड़ और घमंड करता है तो वह मनुष्य को बर्बाद होने के लिए किसी दुश्मन की जरूरत नहीं रहती है वह स्वयं ही नष्ट होता है। दुनिया की मिथ्या विचारधाराओं से दूर रहते हुए सत्कर्म एवं सद्मार्ग को अपनाना अनिवार्य है। इस मनुष्य रूपी अवतार का उपयोग मनुष्य सही करें ताकि उसे मृत्यु के उपरांत पुणे अच्छा जीवन मिले। कथा में भजनों पर महिलाओं ने गरबा रास खेल। कथा में पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा, पंचायत समिति सदस्य महेंद्र भगोरा सरपंच सधु भगोरा, पूर्व सरपंच प्रेमचंद भगोरा, अमृतलाल, गौतम लाल, रतनलाल, नरेश, महिंद्र पाटीदार सहित सर्व समाज जन मौजूद रहे।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम 19 जनवरी को

सीमलवाड़ा(पुकार)। चौथिया चौरासी पंचाल समाज की बैठक विश्वकर्मा मंदिर परिसर उण्डवा में समाज अध्यक्ष कांतिलाल पंचाल एवं समूह लगन प्रमुख समिति के अध्यक्ष अमृतलाल पंचाल के आतिथ्य में संपन्न हुई। समाज के मनोज पंचाल ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज का 11वां सामूहिक विवाह 19 जनवरी 2025 को संपन्न होगा जिसमें 7 जोड़ों का पंजीयन किया गया है। बैठक में समूह लग्नोत्सव को लेकर विवाह स्थल परिसर की साफ सफाई, मंडप, पार्किंग भोजन एवं कन्यादान को लेकर चर्चा की गई। समाज के अलावा अन्य समाज के भामाशाहों द्वारा भी कन्यादान को लेकर काफी उत्साह है एवं कन्याओं के कन्यादान के रुप में कई घरेलू सामग्री भेंट स्वरूप प्रदान की जाएगी। साथ ही कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर कई प्रकार की अलग-अलग समितियां का गठन किया गया है। समाज के लोगों में इस कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह है। गौरतलब है कि अभी तक 121 कन्याओं का समाज की तरफ से सामूहिक विवाह कराया गया है। समाज की अगली बैठक 5 जनवरी को मंदिर परिसर में रखी गई है। इस अवसर पर जयंती भाई पंचाल ,मथुर भाई पंचाल ,रमेश भाई पंचाल झलाई ,सोमाभाई पंचाल , शिवा भाई पंचाल एवं समाजजन उपस्थिति रहे।

भाजपा ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई 100 वीं शताब्दी जन्म जयंती मनाई

डूंगरपुर(पुकार)। भाजपा नगर मंडल द्वारा भाजपा कार्यालय में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई 100 वां शताब्दी वर्ष जन्म जयंती मनाई गई। नगर महामंत्री नयन सुथार ने बताया कि दोपहर 3 बजे भाजपा कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय एकत्रित हुए इस जन्म जयंती समारोह में केबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी जिला प्रभारी कमलेश पुरोहित जिलाध्यक्ष हरीश पाटीदार 100 वीं शताब्दी जन्म जयंती जिला संयोजक गुरुप्रसाद पटेल, विधायक शंकरलाल डेचा, जिला प्रमुख सूर्याअहारी विधानसभा प्रत्याशी बंशीलाल कटारा, सागवाड़ा प्रधान ईश्वर चरपोटा जिला उपाध्यक्ष शांतिलाल पंड्या पूनमचंद लबाना नगर अध्यक्ष दिलीप जैन द्वारा भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया इसके बाद अटल बिहारी वाजपेई की तस्वीर पर बारी बारी पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई !

भारतीय जनता पार्टी

सर्दी का सितम, दोपहर के बाद हुए सूर्यदर्शन



डूंगरपुर(पुकार)। जिला मुख्यालय सहित जिले भर में बुधवार का दिन मौसम का सबसे सर्द दिन के रूप में निकल कर आया। जहां अल सुबह 8 बजे तक तो मौसम में आई नमी व बादलों के रूप में छाये घने कोहरे ने सामान्य जन जीवन को पूरी तरह रोक कर रख दिया और आलम यह रहा है कि आम जन को समय का एहसास ही नहीं हो रहा था। और इसी के चलते के दोपहर के बाद मौसम में बदलाव के बाद सूर्यदेव के दर्शन हुए और फिर दिन भर सूर्यदेव एवं बादलो के बीच लूकाछिपी का खेल चलता रहा। जिससे कड़ाके की सर्दी के अहसास ने आम जन को घरों में कैद करके रख दिया।

मौसम में बदलाव का पूर्वांचल राज्यों में लगातार बर्फबारी का परिणाम अब तटीय व मैदानी क्षेत्रों में भी देखने को मिल रहा है। बुधवार को अलसुबह से ही सूर्य भगवान के दर्शन नहीं हुए तो वही सर्द-हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी। शहर की सड़कों पर वाहनधारियों से लेकर राहगीर ठंड से बचाव के लिए ऊनी-वस्त्रों का साथ ही कम्बल ओड़े देखे गए तो वही शहर की पहाड़ियां धुंध से अटी हुई दिखने के कारण अदृश्य ही रही। वही अल सुबह दफ्तर जाने के लिए निकलने वाले लोग भी सर्दी से बचने के लिए जतन करते हुए नजर आए तो वही शहर के व्यवसायी व छूटकर व्यापारी अलाव ताप कर सर्दी से निजात पाने का जतन करते रहे। बढ़ती सर्दी को देखते हुए लोगो ने अपने खान पान का जायका भी बदला और घरों व दफ्तरों में सर्दियों के लड्डू व चाय की चुस्कियां लेते दिखे। गांवो से आने वाले लोगों को ऊनी वस्त्रों की स्टॉल पर खरीददारी करते भी देखा गया।

- हाड़कम्पा देने वाली सर्दी से रूका दैनिक दिनचर्या का कार्य
- घने कोहरे से अटे रही शहर की पहाड़ियां

भगवान के वरघोड़े में गुंजे जयकारें पार्श्वनाथ के वागड़ अंचल में हुए विविध धार्मिक अनुष्ठान

- तीन दिवसीय पोष दशमी महोत्सव के दूसरे दिन
- भगवान का मनाया जन्म कल्याणक

डूंगरपुर(पुकार)। श्री जैन श्वेताम्बर वीशा पोरवाड़ संघ के तत्वावधान में पोष दशमी महोत्सव के निमित तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत बुधवार को घाटी स्थित श्री गंभीरा पार्श्वनाथ मंदिर में भगवान का जन्म कल्याणक धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रातःलाभार्थी परिवार रमिला बेन-अशोक जी परिवार द्वारा के सानिध्य में भगवान का दुग्धाभिषेक, जलाभिषेक, फूलपूजा व केसर पूजा व आरती आदि के कार्यक्रम विधि विधान के साथ सम्पन्न हुए। इससे पूर्व घाटी स्थित श्री गंभीरा पार्श्वनाथ मंदिर से भगवान की पालकी निकाली गई जो कि फौज का बड़ला, सर्राफा बाजार, कानेरा पोल, मोची बाजार, धनलक्ष्मी मार्केट होते हुए पुराना अस्पताल पहुंचे। इस दौरान जगह जगह पर धार्मिक गीतों पर प्रभु भक्त झुमते रहे। पालकी पुराना अस्पताल परिसर से कंसारा चौक, सोनिया चौक, घुमटा बाजार, माणक चौक होते हुए पुनः मंदिर स्थल पर पहुंची। इस दौरान राह में जगह जगह धर्म प्रेमियो ने पालकी की आगवानी की। इसके पश्चात स्नात्रपूजा का आयोजन हुआ तथा मेहता सज्जनदेवी चीमनलाल परिवार द्वारा आरती मंगल दीपक उतारे गये। इस दौरान धर्म प्रेमियो ने चेत्यवंदन तथा आराधना की। इस अवसर पर श्रद्वालुओं ने खिर का एकाशना किया। जिनालय में श्रीजी की प्रतिमा का मनोहारी श्रृंगार भी किया गया। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष गजेन्द्र जैन, संजय मेहता, नवयुवक मण्ड़ल अध्यक्ष मोहित मेहता, गजेन्द्र मेहता, सुभाष मेहता, कनक मेहता, अभय मेहता, शैलेष मेहता, महावीर जैन, वीरेन्द्र मेहता,अरविन्द मेहता, ,सचिन शाह, नितेश मेहता,राजेन्द्र भमावत,भूपेन्द्र सिंधवी, महीपाल जैन, भूपेन्द्र जैन सहित बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी उपस्थित थे।

आस्था के धाम को चोरों ने बनाया निशाना, बनकोड़ा के रत्नागिरी व कतिसौर के कटकेश्वर में चोरी का प्रयास

आसपुर(पुकार)। जिले के आसपुर थाना क्षेत्र के कटकेश्वर व दोवड़ा थाना क्षेत्र के रत्नागिरी तीर्थ को मंगलवार रात्रि को बदमाशो ने निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया, किंतु कुछ हाथ नहीं लगा। घटना की जानकारी बुधवार को सुबह सात बजे करीब भक्त मंदिर पहुंचे तब चली। क्षेत्र में इन दिनों बढ़ती चोरी की वारदातो से आमजन में भय का माहौल है वही पुलिस गश्त की पोल भी खुल गई है। दोवड़ा थाना क्षेत्र के बनकोड़ा के रत्नागिरी तीर्थ पर बीती रात को बदमाशो ने पुण्य विमल महाराज मंदिर का मुख्य दरवाजे को तोड़कर दीवार ने लगी 75 किलो वजन की दानपेटी को निकाल कर मंदिर से करीब 500 मीटर दूर पहाड़ी पर ले जाकर तोड़ने का प्रयास किया किंतु सफलता नही मिली। घटना की जानकारी सुबह मंदिर में दर्शन करने पहुंचे भक्तो ने ताला टूटा देखा तो कमेटी को सूचना दी। मौके पर कमेटी अध्यक्ष चेतनलाल शाह, कोषाध्यक्ष जयेश भूपतावत ने पुलिस को सूचना दी। जिस पर बनकोड़ा चौकी प्रभारी लालसिंह, विजयपाल मौके पर पहुंचे व घटना का जायजा लिया। कमेटी ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चौकी पर रिपोर्ट दर्ज करवाई। इसी तरह आसपुर थाना क्षेत्र के कतिसौर के कटकेश्वर महादेव मंदिर में चोरों ने एक बार फिर चोरी की कोशिश की, हालांकि इस बार वे किसी भी सामान को चुराने में सफल नहीं हो पाए। यह मंदिर में चोरी की कोशिश का दसवां प्रयास था। बदमाशों ने मंदिर के मुख्य गेट का ताला तोड़कर चोर अंदर प्रवेश कर गर्भ गृह का नकोचा भी तोड़ने का प्रयास किया।मंदिर के साइड में बने कमरे का नकोचा तोड़कर वहां रखी अलमारी को खोला और मंदिर का सामान बिखेर दिया। घटना की जानकारी पुजारी मणिलाल सेवक सुबह 7 बजे मंदिर पहुंचा तो ताले टूटे देख पुजारी ने मंदिर कमेटी के सदस्य गटूसिंह चौहान, ईश्वर लाल पंचाल को सूचना दी।

प्रजापति समाज की क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

सीमलवाड़ा(पुकार)। प्रजापति समाज चौरासी चौखला की शीतकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ लिखी बड़ी के मोटेरा स्टेडियम में ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेन्द्र प्रजापत, सम्भागीय युवा अध्यक्ष राजेश प्रजापत,खेल प्रमुख विपिन प्रजापत लालपुरा, गोवर्धन प्रजापत, लिखी बड़ी सरपंच लिखी बड़ी के मुख्य आतिथ्य में शुरू हुआ । जिसमे प्रथम मैच चौरासी शूटर्स और लालपुरा के मध्य हुआ जिसमे चौरासी शूटर्स 21 रनो से विजई रही तथा दूसरा मैच लिखी बड़ी श्रीयादें और दूधेश्वर के मध्य हुआ जिसमे श्रीयादें लिखी बड़ी 6 विकेट से विजई रही। इस अवसर पर राजू भाई किशनपुरा, प्रदीप, सुरेन्द्र, कुशाग्र, मनोज, मुकेश, जयेश, आदि उपस्थित रहे ।

प्रजापति क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह 28 दिसंबर को शाम 4 बजे होगा जिसमें मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद टांक के मुख्य आतिथ्य एवं चौरासी विधानसभा के प्रत्याशी एवं प्रधान कारीलाल ननोमा के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न होगा।

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी करेंगी इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर का उद्घाटन

उदयपुर (पुकार)। आगामी 10 से 13 जनवरी 2025 तक उदयपुर के डीपीएस के मैदान में होने जा रहे 11वें इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर-2025 के उद्घाटन समारोह में प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी का सान्निध्य रहेगा। लघु उद्योग भारती द्वारा आयोजित इस मेले के उद्घाटन के लिए उपमुख्यमंत्री ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह आयोजन उद्योगों को एक मंच पर लाने और उदयपुर क्षेत्र के औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए हो रहा है। फेयर संयोजक तरुण दवे ने बताया कि राष्ट्रीय सचिव नरेश पारीक, प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र मिश्रा, पूर्व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष योगेश गौतम, प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र खुराना, प्रदेश उपाध्यक्ष नटवरलाल अजमेरा, प्रदेश कोषाध्यक्ष अरुण जाजोदिया ने उपमुख्यमंत्री को निमंत्रण के साथ उद्घाटन समारोह में सान्निध्य प्रदान करने का आग्रह किया जिसे उपमुख्यमंत्री ने स्वीकार कर लिया। लघु उद्योग भारती उदयपुर अध्यक्ष मनोज जोशी ने बताया कि अब तक 200 से अधिक प्रतिष्ठित उद्योगों ने इस फेयर में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर ली है। इनमें मिराज ग्रुप, सिक्योर मीटर्स, पायरोटेक, पीआई इंडस्ट्रीज, हवेली मार्बल्स, आईवीओ, हाइक्यू सरफेस क्वाट्‌र्ज़, पील इटालिका लाइफ़स्टाइल्स, तरु होम्स, सिंघानिया यूनिवर्सिटी, अनंता हॉस्पिटल, वंडर पेंट्स और अपना घर जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। लघु उद्योग भारती की टीम ने आयोजन को सफल बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्टाल बुकिंग में पवन कोठारी, मुकेश गुरानी, चर्चिल जैन, हमराज सिंह चौहान, उमा प्रताप सिंह और कैलाश शर्मा के साथ कई उद्यमी जुटे हुए हैं। वहीं, प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी महेंद्र सिंह चौहान, यशवर्धन खंडेलवाल और अभिजीत शर्मा बखूबी निभा रहे हैं। इस आयोजन के प्रमुख स्पॉन्सर्स में मिराज ग्रुप, अनंता हॉस्पिटल और इराज इवोल्यूशन डिज़ाइन कंपनी शामिल हैं। लघु उद्योग भारती की यह पहल न केवल उदयपुर बल्कि पूरे राजस्थान के उद्योग जगत को एक नया आयाम देगी।

संक्षिप्त समाचार

पार्श्वनाथ भगवान के जन्म कल्याणक पर शक्र स्तव अभिषेक हुआ

उदयपुर (पुकार)। श्री नाकोड़ा पूर्णिमा मण्डल की ओर से रत्न विजय म.सा.प्रन्यास प्रवर निरागरत्न विजय म.सा. एवं साध्वी कीर्ति रेखाश्रीजी म.सा. आदि ठाणा की निश्रा में न्यू नवरत्न कॉम्पलेक्स स्थित जीरावाला पार्श्वनाथ मन्दिर प्रांगण में सात दिवसीय महोत्सव मे पंचम दिवस अठम तप आराधना जारी है। पार्श्वनाथ भगवान के जन्म कल्याणक निमित्त शक्र स्तव अभिषेक हुआ। जिसमें पार्श्व नाथ भगवान को 273 मंत्रोच्चार के साथ 35 दुर्लभ औषधियों से स्नान कराया गया। इसका लाभ विनीता जी गौरव जी कोठारी परिवार अरनोद ने लाभ लिया।. उदित शाह ने बताया कि उदयपुर में ऐसा आयोजन पहली बार हो रहा है।.शक्र स्तव अभिषेक टीम द्वारा शुद्धिकरण कराया गया। संगीतकार मंथन भाई शाह द्वारा भव्य भक्ति की गईं।. प्रभु के अखंड दीपक जाप से शुरू हुई। श्री नाकोड़ा पार्श्व प्रभु कि आराधना 325 तपस्वी 3 दिन उपवास के साथ अखंड जाप करेंगे।

धूमधाम से मनाया वार्षिक खेल दिवस

उदयपुर (पुकार)। माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल, उदयपुर में विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए वार्षिक खेल दिवस 'पैनाश प्ले ऑफ़, 2024' का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के शारीरिक विकास को बढ़ावा देने के लिए था, बल्कि अभिभावकों और बच्चों के बीच सामूहिकता और टीम भावना को भी मजबूत करने का एक अवसर था। खेल दिवस का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक अरुण मांडोत और प्रधानाचार्य जय सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में उन्होंने विद्यार्थियों को खेल भावना और जीवन में अनुशासन की अहमियत पर बल दिया। इसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस बार के खेल दिवस में बच्चों ने दौड़, कबड्डी, रिले रेस, क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, लॉन्ग जंप, खो-खो जैसे विभिन्न खेलों में भाग लिया। खास बात यह थी कि इस बार खेल दिवस में अभिभावकों को भी प्रतियोगिताओं का हिस्सा बनने का अवसर मिला। टग ऑफ वार, बकेट रेस, बैलेन्स द बुक, हुला हूप रेस जैसी कई मजेदार प्रतियोगिताओं में अभिभावकों ने भी विद्यार्थियों के साथ मिलकर भाग लिया। इसने खेल के माहौल को और भी रोमांचक बना दिया और विद्यार्थियों में उत्साह का संचार किया।

निसहाय बच्चों के लिए डोनेशन कार्यक्रम आयोजित

उदयपुर (पुकार)। भील बस्ती रावो का सायरा में जरूरतमंद बच्चों के लिए सर्दियों की ठंड से राहत देने के उद्देश्य से आर के प्रॉपर्टी एंड कंसल्टेंट द्वारा स्वेटर और जुते वितरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस नेक पहल का आयोजन में आर के प्रॉपर्टी एंड कंसल्टेंट के डायरेक्टर श्रीकृष्ण कौशिक और रवि शर्मा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उनके साथ संजय चतुर्वेदी, गौरव कलम और अभय राठौड़ प्रमुख सहयोगी भी मौजूद रहे। स्कूल स्टाफ की ओर से नरेंद्र, हेड मास्टर गणपाज, स्वाती,लवाना ने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। सर्दियों में ऐसी पहल न केवल जरूरतमंदों के जीवन में गर्मजोशी लाती है, बल्कि समाज को एकजुट रहने का संदेश भी देती है।

नेशनल स्कूल गेम्स 2024-25 में उदयपुर के खिलाड़ियों ने जीते 2 कास्यं

उदयपुर (पुकार)। इंदौर में 19 से 24 दिसम्बर 2024 तक आयोजित 68वें नेशनल स्कूल गेम्स में कराटे प्रतियोगिता के अंडर-19 बालिका वर्ग में द रे मार्शल आट्र्स फिटनेस पॉइंट के दो खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अपनी कड़ी मेहनत और प्रशिक्षण के बाद, इन खिलाड़ियों ने अपने-अपने भार वर्ग में कांस्य पदक जीते और उदयपुर, राजस्थान को गौरवान्वित किया। इस प्रतियोगिता में कुल दो पदक विजेता खिलाड़ीयो के मुख्य शिक्षक ने बताया कि श्वेता मनारिया ने 52 किग्रा भार वर्ग व अमानत कौर ने 68 किग्रा भार वर्ग में अपनी प्रतियोगिता में शानदार तकनीक और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। उन्होंने कांस्य पदक जीता. उनके प्रदर्शन ने राज्य और शहर का नाम रोशन किया।

भाविप भामाशाह ने मनाया तुलसी पूजन दिवस

उदयपुर (पुकार)। भारत विकास परिषद भामाशाह ने बुधवार को घूमर गार्डन में तुलसी पूजन दिवस मनाया। भामाशाह अध्यक्ष नरेंद्र कोठारी ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नेशनल वाइस चेयरमैन डॉ. एम. जी. वार्ष्णेय ने की। पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर तुलसी माता की आरती की गई और तुलसी वितरण भी किया गया। इस अवसर पर वाई के बोलिया, के एल शर्मा, केके शर्मा, मदन सियाल, एल एल नाहर, मदन सिंघवी, ललिता वर्मा, डालचंद सिंघवी, योगेश अग्निहोत्री, अनीता सेठ, राम मोहन शर्मा, भगवती मेनारिया, कामना परियानी, सीता न्याती, आशा सिंह, डॉ. उषा कोठारी, पूर्णिमा वार्ष्णेय, मीना बोलिया, सुशीला सियाल, मीनाक्षी शर्मा का सहयोग रहा।

पार्श्वनाथ जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया

उदयपुर (पुकार)। उदयपुर शहर के पार्श्वनाथ दवा बाजार समिति ने 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ जी का जन्म कल्याणक महोत्सव बुधवार को धूमधाम से मनाया। सदस्यों ने अपने व्यवसाय मंगल रखकर समारोह में भाग लिया। भगवान की आरती एवं नवकार-जाप के साथ समिति अध्यक्ष छगनलाल तातेड़ ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि देव दुर्लभ मानव जीवन का हर पल अमृत भरा है, सद्कार्यों द्वारा इसे सफल बनाना भगवान द्वारा फरमाए गए सिद्धान्तों का जीवन में पालन करें। उन्होंने कहा कि दानवृत्ति द्वारा दुःखियों की सहायता करें। सभी सदस्यों ने कबुतर-चुग्गा हेतु राशि भेंट की। समिति मंत्री अजय अग्रवाल ने धन्यवाद दिया।

भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट ने किया प्रतिभावान छात्र-छात्रा का सम्मान

समारोह में 456 विद्यार्थियों,4 विशेष योग्यता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं और 30 शाला प्रधानों को किया सम्मानित

100वीं जन्म जयंती
के अवसर पर
प्रतिभावान छात्र-छात्रा सम्मान समारोह

उदयपुर (पुकार)। पूर्व प्रधानमंत्री,भारत रत्न स्व अटलबिहारी वाजपेई की 100 वीं जन्म जयंती पर स्व सुन्दरसिंह भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट की और से सुखाड़िया रंगमंच पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया के मुख्य सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध समाजसेवी,उद्योगपति जी एस पोद्दार, नई दिल्ली थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट अध्यक्ष ताराचंद जैन ने की। इस अवसर पर ट्रस्ट महामंत्री डॉक्टर उमाशंकर शर्मा, कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी,सांसद मन्नालाल रावत भी बतौर अतिथि मंच पर आसीन थे। वन्देमातरम गायन,दीप प्रज्वलन एवं अतिथि स्वागत पश्चात समारोह प्रारंभ हुआ।

सर्वप्रथम ट्रस्ट अध्यक्ष ताराचंद जैन ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित अभिभावको, नागरिकगणों एवं छात्र-छात्राओ का स्वागत करते हुए ट्रस्ट के स्थापना से लेकर आज तक की यात्रा का संक्षिप्त विवरण एवं ट्रस्ट के उद्देश्यों एवं कार्यों का परिचय प्रस्तुत किया।

सम्मान समारोह के प्रथम चरण में उदयपुर शहर उदयपुर ग्रामीण मावली वल्लभनगर सलूंबर के उन प्रतिभावान छात्र-छात्राओं जिनके 10वीं और 12वीं में 85 प्रतिशत एवं 90 प्रतिश व ऊपर के अक प्राप्त हुए हो उनको 1000 रू. के चेक प्रशस्ति पत्र एवं ऊपर्णा धारण कर सम्मानित किया। कैलाश प्रजापत द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया।

मुख्य वक्ता एवं गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने अपने उद्बोधन में प्रेरणा पुंज प्रखर राष्ट्रवादी भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर इस तरह के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार से छात्र-छात्राओं को सम्मानित करके अन्य छात्रों को प्रेरित किया जाना इसका अहम उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि स्व. सुंदर सिंह भंडारी के सानिध्य में रहकर गुलाबचंद कटारिया जैसे अनेकों अनेकों लोगों ने प्रेरणा प्राप्त की और उसी का परिणाम है कि अपने पवित्रतापूर्ण जीवन से राजस्थान को गौरवान्वित किया।

उन्होंने कहा कि जन्म और मृत्यु के बीच के काल में जिसने परोपकार किया,लोगो के आंसू पोंछने का काम किया, दूसरों के दुख को अपना समझा ऐसे लोगों का जीवन सार्थक होता है।उनकी यश गाथा अमर हो जाती है।

उन्होंने गुलाबचंद कटारिया के लिए कहा कि इन्होंने अपनी आत्मा से दूसरों की आत्मा को देखा और भारत की सांस्कृतिक मूल्यों को जीवन में उतारा। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट द्वारा सरकारी विद्यालय के बच्चों को अभीप्रेरित करने से वह सभी बच्चों को प्रेरणा प्राप्त होगी जो सरकारी विद्यालय में पढ़कर एक अच्छे जीवन को बनाना चाहते हैं परंतु आर्थिक रूप से कमजोर होने से हिम्मत नहीं कर पाते।

उन्होंने उपस्थित छात्रों को एक प्राचार्य की तरह शिक्षा देते हुए कहा कि आप लोगों ने सिद्ध किया है कि कोई भी बाधाएं किसी को रोक नहीं सकती।इन बच्चों के लिए की भी बाधाएं नहीं है।इनमें अधिकतम बेटियां है।आज भारत की बेटियों ने नाम कमाया है,हर क्षेत्र में आगे है।मेहनत परिश्रम से आगे बढ़ रही है। बेटियां पढ़ाई के साथ अपने परिवार के काम में भी मदद करती है।

इस प्रकार कुल 460 विद्यार्थियों एवं 30 शाला प्रधानों का इस अवसर पर सम्मान किया गया।

मुख्य अतिथि पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने अपने उद्बोधन में ट्रस्ट की कार्य करने की पद्धति एवं उद्देश्यों को बताते हुए गुजरात के महामहिम राज्यपाल का इस समारोह में पधारने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनके विचारों से संस्था प्रधान बच्चों के बौद्धिक स्तर को बढ़ाने का काम करे। उन्होंने कहा ट्रस्ट चंदा नहीं लेता 11000 रू. प्रति सदस्य के रूप में एक करोड़ 10 लाख की एफ़डी के ब्याज से वर्ष के पांच कार्यक्रम करते है। उन्होंने कहा कि हमने विचारधारा को आगे बढ़ाने का कार्य किया।उन्होंने कहा कि इस समारोह का संपूर्ण व्यय पोद्दार करते रहे है जिनसे बच्चों को और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिले।

इस अवसर पर कर्मचारी संघ के कमल बाबेल एवं उनकी टीम के सभी सदस्यों जिन्होंने इस कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा,वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी,ट्रस्टी कुंतीलाल जैन, गोपाल कुमावत, शांतिलाल चपलोत, रविंद्र श्रीमाली चंद्रगुप्तसिह चौहान, मनोहर कालरा,उपस्थित थे। समारोह का संचालन आलोक पगारिया ने किया,मंच पर सहयोग शिल्पा पामेचा ने किया धन्यवाद ट्रस्ट महामंत्री डॉक्टर उमाशंकर शर्मा ने दिया। राष्ट्रगान के साथ समारोह संपन्न हुआ।

सहकार से समृद्धि अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम

समितियों को माईक्रो एटीएम का किया वितरण

उदयपुर (पुकार)। ''सहकार से समृद्धि'' अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को केन्द्रीय सहकारी बैंक उदयपुर के सभागार में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उदयपुर ग्रामीण विधायक फुलसिह मीणा थे और अध्यक्षता राजस्थान राज्य सहकारिता प्रकोष्ठ के संयोजक प्रमोद सामर ने की। जिला स्तरीय कार्यक्रम में नवगठित 9 समितियों को पंजीयन प्रमाण पत्र , 5 पशुपालकों को गोपाल क्रेडिट कार्ड, 5 कृषकों को अल्पकालीन ऋण के सांकेतिक चैक और 3 समितियों को माईक्रो एटीएम का किया वितरण किया गया ।

कार्यक्रम में उदयपुर, सलुम्बर एवं राजसमन्द जिले की विभिन्न ग्राम सेवा सहकारी समितियों एवं दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के 250 पदाधिकारियों एवं सदस्यों की भागीदारी रही।

प्रारम्भ में नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राष्ट्रीय समारोह का लाईव टेलीकास्ट प्रतिभागियों को दिखाया गया। इस समारोह में केन्द्रीय मंत्री ने ''सहकार से समृद्धि'' योजना में 54 योजनाओं के महत्व को रेरखांकित करते हुए वर्तमान परिपेक्ष्य में उनकी सार्थकता का वर्णन किया और सहकारी समितियों के पदाधिकारियों का मार्गदर्शन किया।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, सहकारिता मंत्री गोतम दक, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत एवं गृह एवं डेयरी राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने संबोधित किया।

कार्यक्रम में उदयपुर डेयरी अध्यक्ष डालचन्द डांगी, नाबार्ड के जिला विकास प्रबन्धक नीरज यादव, डायालाल लबाना, डॉ. मेहजबीन बानो, डॉ, प्रमोद कुमार आदि की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में अतिरिक्त रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, उदयपुर खण्ड एवं केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. के प्रबन्ध निदेशक हरी सिवासिया ने आभार जताया।

ओल्ड सिटी नो व्हीकल जोन बने : कटारिया

उदयपुर (पुकार)। मालदास स्ट्रीट व्यापार संघ के शपथ ग्रहण व कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम तेरापंथ भवन में संपन्न किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मयंक लोढ़ा व महामंत्री अजय बडाला व कोषाध्यक्ष गोपाल अग्रवाल ने अपनी कार्यकारिणी के साथ राजस्थान सरकार सहकारिता मंत्री गौतम दक द्वारा शपथ दिलाई गई।

पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया द्वारा कलेंडर विमोचन किया गया तथा ओल्ड सिटी में व्यापार बढ़ाने के लिए वाहनों का प्रवेश निषेध की बात करते हुए ग्राहकों की संख्या कैसे बढ़े उसकी जानकारी दी। समारोह के विशिष्ट अतिथि ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा थे। सर्राफा एसोसिएशन अध्यक्ष यशवंत आंचलिया ने कपड़ा व्यापार ओर सर्राफा को एक दूसरे का पूरक बताया व फील्ड क्लब उपाध्यक्ष राकेश चोरड़िया ने व्यापारिक एकता के बारे में संदेश देते हुए सबसे पुराने संगठन से जुड़े रहने ओर स्वयं को किसी भी कार्य के लिए हर समय उपलब्ध होना बताया। चेंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यकारिणी अध्यक्ष हिम्मत बडाला भी उपस्थित रहे। संरक्षक कमल बाबेल द्वारा संक्षिप्त परिचय दिया गया।

वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्ग ने किया देह दान

उदयपुर (पुकार)। तारा संस्थान के सेक्टर 14 के आनंद वृद्धाश्रम में रह रहे कटनी निवासी बृजमोहन शर्मा का निधन 24 दिसम्बर को हुआ। बृजमोहन शर्मा जी फ़रवरी 2020 से आनंद वृद्धाश्रम में रह रहे थे। तारा संस्थान की संस्थापक एवं अध्यक्ष कल्पना गोयल ने बताया कि शर्मा अपनी पत्नी के साथ वृद्धाश्रम में रहने आये थे इनकी कोई संतान नहीं है। ये जब वृद्धाश्रम में आए थे तभी से इन्होने संकल्प लिया था की दोनों पति पत्नी मृत्यु पश्चात् अपनी देह दान करेंगे। इनकी पत्नी का निधन 3 साल पहले हुआ था उस समय इन्होंने उनकी देह को आरएनटी मेडिकल कॉलेज को दान में दिया था। इनकी मृत्यु के पश्चात् इनकी इच्छानुसार इनकी देह को भी इनके घर वालों ने आरएनटी मेडिकल कॉलेज को दान दिया। कल्पना गोयल ने बताया कि संस्थान के विभिन्न शहरों में संचालित हो रहे वृद्धाश्रमो में करीब 300 बुजुर्ग निवास कर रहे हैं।

नि :शुल्क चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर आयोजित

उदयपुर (पुकार)। शिक्षा के क्षेत्र मे कार्य कर रहे निजी विद्यालयों के संगठन स्कूल शिक्षा परिवार ने जन सामान्य के देखभाल व बेहतरीन स्वास्थ्य के लिए जन जागृति लाने सुलभ निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए गत दिनो पेसिफिक इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइन्स, उमरड़ा के साथ अनुबन्ध किया था। इसके अन्तर्गत निःशुल्क चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर का आयोजन महावीर विद्या मंदिर स्कूल परिसर में किया गया। स्कूल शिक्षा परिवार के जिला समन्वयक एवं कार्यक्रम संयोजक अनुभव गौड़ ने बताया कि पिम्स हॉस्पीटल उमरड़ा के विशेषज्ञ डॉ. अंकित गुप्ता, डॉ. करीना बंसल, डॉ. सत्यम मूर्ति, डॉ. शुभम, डॉ. प्रियंका, डॉ. रोहन मोदी, डॉ. सुरेश दशोरा, ब्लड बैंक से अमिता पुजारी एवं कैम्प लीडर नरेन्द्र पाठक ने शिविर में अपनी सेवाएं प्रदान की।

दिवीष्ट बने मिस्टर एलुमनी एवं जानवी मिस एलुमनी

...Reconnect... Rejoice... A trip to Nostalgia
Alumni Meet 2024

उदयपुर (पुकार)। ऐश्वर्या कॉलेज में एलुमनी मीट मेलजोल एवं फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि एवं निर्णायक के रुप में प्रो. अनुपम भटनागर, डीन, कॉलेज फार्मेसी एण्ड इंजिनियरी, उदयपुर एवं डॉ भावना चौधरी, डॉयरेक्टर श्री राम कॉलेज ऑफ टीचर्स एजुकेशन थे।

ऐश्वर्या पीजी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रितु पालीवाल ने बताया कि पूर्व छात्रों ने उनके कॉलेज के अनुभवों को साझा किया। छात्रों द्वारा सोलो डांस, ग्रुप डांस, ड्रामा, फैशन शो की प्रस्तुतियां दी गयी जिसमे विद्याथियों का उत्साह देखते बनता था। छात्रों ने लघु नाटक के माध्यम से सीनियर छात्रों को विदाई दी। मिस्टर एलुमनी का खिताब दिवीष्ट टेलर एवं मिस एलुमनी खिताब जानवी सनाढ्य के नाम रहा। मिस्टर एलुमनी रनरअप तरुण असोदा एवं मिस एलुमनी रनरअप नुरीन मलिक रहे। मिस्टर फेयरवेल मेहुल सुथार एवं मिस फेयरवेल निशिका कुमावत रहे। मिस्टर फेयरवेल रनरअप राघव दाधिच एवं मिस फेयरवेल रनरअप खुशी सुथार रहे। बेस्ट पर्फोमेंस का अवॉर्ड रितु खिच्चर ने जीता। बेस्ट ड्रेस मेल का खिताब रवि जाट तथा बेस्ट ड्रेस फिमेल तमन्ना त्रिवेदी के नाम रहा। अतिथियों द्वारा विजेताओं को ताज पहनाकर एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। अतिथि प्रो. भटनागर ने बताया कि जीवन में सफलता के लिए लगन एवं दृढ़ता के साथ सार्थक लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते रहना चाहिए। अतिथि डॉ. चौधरी ने बताया कि जीवन में लक्ष्य प्राप्ति हेतु हमें हमेशा मेहनत करनी चाहिए। डॉ. राशि माथुर, प्राचार्या, ऐश्वर्या टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज एवं डॉ. गजाराम सीरवी, प्राचार्य, ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ फार्मेसी ने विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी।

छोटी माईनिंग लीज धारक क्लस्टर बनाकर कार्य करें

यूसीसीआई द्वारा माईन्स सेफ्टी डिपार्टमेन्ट के साथ परिचर्चा का आयोजन

उदयपुर (पुकार)। 'राजस्थान में लगभग 33 हजार माईन्स हैं। इनमें से मात्र 10 प्रतिशत माईनिंग लीज ही 5 हैक्टर से अधिक क्षेत्रफल की हैं। ज्यादातर लघु एवं मध्यम उद्यमी ही माईनिंग व्यवसाय से जुडे हुए हैं। छोटी-छोटी माईनिंग लीज के धारक उक्त माईनिंग क्षेत्र में क्लस्टर बनाकर कार्य करें। इससे सरकार द्वारा निर्धारित नियमों की भी समुचित अनुपालना सम्भव हो सकेगी तथा माईन ओनर्स पर भी आर्थिक भार नहीं पडेगा। उपरोक्त सुझाव उज्जवल ताह, डीजीएमएस ने यूसीसीआई में दिये।

मानद महासचिव डॉ. पवन तलेसरा ने बताया कि उदयपुर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इन्डस्ट्री द्वारा चेम्बर भवन में उज्जवल ताह, डायरेक्टर जनरल ऑफ माईन्स सेफ्टी के साथ परिचर्चात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के खान सुरक्षा विभाग के उप महानिदेशक आर.टी. माण्डेकर, खान एवं भू-विज्ञान विभाग के निदेशक भगवती प्रसाद कलाल, हिन्दुस्तान जिंक के सीईओ अरुण मिश्रा एवं खान विभाग के निरीक्षक डॉ. कौशिक सरकार उपस्थित थे। बैठक में माईनिंग डिपार्टमेन्ट एवं इण्डियन ब्यूरो ऑफ माईन्स के अधिकारीगण उपस्थित थे।

डीजीएमएस उज्जवल ताह ने माईन ओनर्स के साथ परिचर्चा के दौरान कहा कि अनुभवी कार्मिकों के बिना खनन कार्य सुरक्षित नहीं है। अतः माईनिंग क्लस्टर बनाकर कार्मिकों को ट्रेनिंग दी जा सकती है। खान सुरक्षा से सम्बन्धित सभी परीक्षाएं ऑन-लाईन आयोजित की जाती हैं। यह परीक्षा देश की स्थानीय भाषाओं में आयोजित की जाती है।

उज्जवल ताह ने खनन उद्यमियों एवं खान सुरक्षा विभाग के अधिकारियों के आपसी समन्वय से ही समस्याओं के निराकरण की आवश्यकता पर बल दिया। उदयपुर संभाग के कई खान मालिकों द्वारा अनुकरणीय खनन प्रबंधन का उदाहरण देते हुए उज्जवल ताह ने कहा कि सुरक्षित खनन गतिविधि उद्यमी को कई समस्याओं से बचाती है। खनन व्यवसाय को नई ऊँचाईयां छूने एवं अपना पुराना गौरव प्राप्त करने के लिये उज्जवल ताह ने खान मालिकों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति ईमानदार होने का आव्हान किया।

कार्यक्रम के आरंभ में अध्यक्ष एम.एल. लूणावत ने स्वागत भाषण में कहा कि विगत 40 वर्षों के दौरान माईन्स सेफ्टी डिपार्टमेन्ट द्वारा माईन ओनर्स को पूरा सहयोग प्रदान किया है जिससे यहां की खदानों में दुर्घटना की दर लगभग शून्य रही है। खान सुरक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा संभाग की छोटी से छोटी माईन का निरीक्षण कर उद्यमियों की समस्याओं को समझा तथा उनके निराकरण में अपना सकारात्मक मार्गदर्शन दिया है। अतः हमारा यह सुझाव है कि आगे भी खान सुरक्षा नियमों एवं प्रावधानों के पालनार्थ सुरक्षा विभाग को जहां तक सम्भव हो कठोर रुख न अपनाकर प्रिवेन्टीव उपायों पर ध्यान देना चाहिए एवं कई बार अनजाने में छोटे माईन ओनर्स से नियम अनुपालना में किसी प्रकार की कमी रह जाती है तो खान सुरक्षा विभाग को सर्वप्रथम उन्हें सुधारात्मक कार्यवाही करने का एक मौका अवश्य देना चाहिए।

अध्यक्ष लूणावत ने खान सुरक्षा विभाग के अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया कि वृहद आकार की खानों एवं अत्यन्त छोटे खनन इकाईयों पर खान सुरक्षा कानून एक सम्मान रूप से लागू होना एक बड़ी विसंगति है।इसके साथ ही पर्यावरण क्लियरेंस प्राप्त करने को खान मालिकों की सबसे बड़ी समस्या बताते हुए लूणावत ने आशा व्यक्त की कि उदयपुर संभाग के खनन उद्यमियों को माईन्स सेफ्टी डिपार्टमेन्ट का मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त होता रहेगा।

परिचर्चा में राजेन्द्र हरलालका, हितांशु कौशल, केजार अली, शरत कटारिया, हितेष पटेल आदि खनन उद्यमी उपस्थित थे।

भगवान पार्श्वनाथ जन्म कल्याणक पर राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन

उदयपुर। श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी शान्त-क्रान्ति जैन महिला संघ, उदयपुर के तत्वावधान में भगवान पार्श्वनाथ जन्म कल्याणक पर ऑनलाईन राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को किया गया। संघ के राष्ट्रीय महामंत्री सी.ए. विरेन्द्र जैन ने बताया कि इस प्रतियोगिता में पूरे भारत वर्ष से करीब 1550 प्रतिभागियों ने भाग लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजू भूरट एवं महिला संघ अध्यक्ष लीला कोठारी के नेतृत्व में संघ की आई.टी. टीम द्वारा भगवान पार्श्वनाथ के सम्पूर्ण जीवन पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी प्रतिभागियों को ऑनलाईन पुस्तक उपलब्ध कराई गई और उसी अनुरूप 30 मिनट की ऑनलाईन प्रतियोगिता हुई।

विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली के सौजन्य से आयोजित
राज्य स्तरीय गाँधी शिल्प बाजार
दिनांकः 22 दिसम्बर, 2024 से 31 दिसम्बर, 2024 तक
समयः सुबह 11 बजे से रात्रि 10 बजे तक
स्थानः पी एमश्री राजकीय फतह उच्चमाध्यमिक विद्यालय, उदयपुर, राजस्थान
देश के ख्याति प्राप्त शिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री में आप सादर आमंत्रित है
कलकत्ता की साड़ी, गुजराती पैच वर्क की चादरें, कारपेट, हैण्डलूम हैण्डीक्राफ्ट, सौन्दर्य उत्पाद, इंटीरियर्स
फर्नीचर, लहंगा, चुनरी, साड़ी व डिजाइनर सूट, लाख ज्वैलरी व कड़ा, कॉटन शर्ट व खादी कुर्ता, ड्राई फ्लावर, बेडशीट फर्नीचर इत्यादि।
आयोजकः- पाण्डेश्वर जन कल्याण संस्थान, प्रयागराज, उ.प्र.

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक लोकेश कुमार आचार्य द्वारा पुकार प्रिंटिंग प्रेस 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) में मुद्रित एवं पुकार प्रकाशन संस्थान कार्यालय 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) से प्रकाशित। सम्पादक : लोकेश कुमार आचार्य। केन्द्रीय कार्यालय : प्रेम कुंज 92 नेहरू बाजार उदयपुर। फोन/फैक्स : (0294) 5103299. मोबाइल : 98290 05007, 94140 58114. प्रबंध सम्पादक : लीला राय आचार्य, उप सम्पादक : अजय कुमार आचार्य।। जयपुर कार्यालय : कुंभामार्ग प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर, फोन : (0141) 3271115, E-mail: dainikpukar@yahoo.com.